

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 111 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 30 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## आर्थिक सर्वेक्षण में झलकी भारत की रिफॉर्म यात्रा : पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संसद में पेश किया



गया आर्थिक सर्वेक्षण-2026 भारत में चल रही रिफॉर्म की गति और चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच देश की निरंतर प्रगति की व्यापक तस्वीर पेश करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की पोस्ट साझा करते हुए कहा कि यह सर्वेक्षण भारत के मजबूत आर्थिक आधार, सतत विकास की दिशा और राष्ट्र निर्माण में नवाचार, उद्यमिता और अवसंरचना की बढ़ती भूमिका को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण समावेशी विकास के महत्व को रेखांकित करता है और यह दिखाता है कि कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत विकास के पथ पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

# बीमा-पेंशन सुधारों से बदली सामाजिक सुरक्षा की तस्वीर

## आर्थिक सर्वेक्षण का बड़ा खुलासा, करोड़ों लोगों को मिला कवरेज का लाभ

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। देश में बीते कुछ वर्षों के दौरान बीमा और पेंशन कवरेज में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया कि सरकार और नियामक संस्थाओं के निरंतर सुधारों के चलते वित्तीय समावेशन मजबूत हुआ है और वंचित तबकों तक सामाजिक सुरक्षा की पहुंच सुनिश्चित हुई है।

सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) और पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा किए गए नीतिगत सुधारों ने बीमा और पेंशन क्षेत्र को अधिक समावेशी बनाया है। बहु-स्तरीय पेंशन व्यवस्था के तहत नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस), यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएल), कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के जरिए बड़ी आबादी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आई है।




आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया कि 31 दिसंबर 2025 तक एनपीएस से जुड़े उपभोक्ताओं की संख्या 211.7 लाख तक पहुंच गई, जबकि इसके तहत प्रबंधित परिसंपत्तियां 16.1 लाख करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2015 से 2025 के बीच एनपीएस ग्राहकों में 9.5 प्रतिशत और एयूएम में 37.3 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, 2016 में शुरू की गई अटल पेंशन योजना में ग्राहकों की संख्या 43.7 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ी है।

बीमा क्षेत्र में भी संरचनात्मक बदलाव साफ दिखाई दे रहे हैं। '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य के तहत आईआरडीएआई ने सिद्धांत-आधारित नियामक ढांचा अपनाया है, जिससे नियमों का सरलीकरण हुआ है और बीमा कंपनियों को नवाचार के लिए अधिक लचीलापन मिला है। स्वास्थ्य बीमा, कुल घरेलू गैर-जीवन प्रीमियम का 41 प्रतिशत हिस्सा लेकर सबसे बड़ा सेगमेंट बन गया है।

सर्वेक्षण के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021 से 2025 के बीच गैर-जीवन बीमा क्षेत्र में दावों का भुगतान 70 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1.9 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। वहीं जीवन बीमा क्षेत्र का दबदबा बरकरार है, जिसके पास कुल एयूएम का 91 प्रतिशत हिस्सा है और कुल प्रीमियम आय में इसका योगदान लगभग 75 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2025 में जीवन बीमा कंपनियों ने 6.3 लाख करोड़ रुपये का लाभ भुगतान किया।

आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि जीवन और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी में छूट से आम लोगों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही 'सबका बीमा, सबकी सुरक्षा एक्ट-2025' के लागू होने से एफडीआई सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत किए जाने सहित कई अहम सुधारों को गति मिलेगी, जिससे बीमा क्षेत्र के विस्तार और निवेश को नई दिशा मिलेगी। (इनपुटः आईएएनएस)

**आर्थिक सर्वेक्षण**

*एनपीएस ग्राहकः 211.7 लाख*
*एनपीएस एयूएमः 16.1 लाख करोड़*
*एनपीएस CAGR (ग्राहक): 9.5%*
*एनपीएस CAGR (एयूएम): 37.3%*
*एपीवाई CAGR (ग्राहक): 43.7%*
*गैर-जीवन बीमा क्लेम (FY25): 1.9 लाख करोड़*
*स्वास्थ्य बीमा हिस्साः 41%*
*जीवन बीमा एयूएम हिस्साः 91%*
*जीवन बीमा भुगतान (FY25): 6.3 लाख करोड़*

**हाइलाइट्स**

*बीमा और पेंशन कवरेज में रिकॉर्ड बढ़ोतरी*
*एनपीएस से जुड़े 21 करोड़ से ज्यादा ग्राहक*
*अटल पेंशन योजना में तेज विस्तार*
*स्वास्थ्य बीमा बना सबसे बड़ा गैर-जीवन सेगमेंट*
*जीवन व स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी छूट*
*'सबका बीमा, सबकी सुरक्षा एक्ट-2025' से नए निवेश को बढ़ावा*

# यूजीसी के नए भेदभाव नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## अगली सुनवाई तक 2012 के रेगुलेशन ही रहेंगे लागू, केंद्र व यूजीसी को नोटिस

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए भेदभाव-रोधी नियमों को लेकर उठे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा आदेश देते हुए इन नियमों के क्रियान्वयन पर फिलहाल रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी और तब तक 2012 के यूजीसी रेगुलेशन ही लागू रहेंगे। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी किया है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने यूजीसी के नए नियमों के सेक्शन 3सी को चुनौती दी। उन्होंने दलील दी कि नए रेगुलेशन में भेदभाव की परिभाषा संविधान के अनुरूप नहीं है और इसे केवल कुछ वर्गों तक सीमित कर दिया गया है, जबकि संविधान सभी नागरिकों के लिए समान संरक्षण की बात करता है।




विष्णु शंकर जैन ने कहा कि भेदभाव की यह परिभाषा अधूरी और संवैधानिक भावना के विपरीत है। इस पर पीठ ने अहम सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसी छात्र के साथ क्षेत्रीय आधार पर अपमानजनक व्यवहार होता है और जाति की पहचान स्पष्ट नहीं है, तो ऐसी स्थिति में कौन-सा प्रावधान लागू होगा? जैन ने जवाब दिया कि सेक्शन 3ई ऐसे मामलों को कवर करता है और जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव पर कार्रवाई का प्रावधान मौजूद है।

सुनवाई के दौरान एक अन्य याचिकाकर्ता के वकील ने रैगिंग से जुड़े प्रावधानों को हटाए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने आशंका जताई कि नया रेगुलेशन शिक्षा व्यवस्था को आगे ले जाने के बजाय पीछे की ओर धकेल सकता है और भविष्य में किसी सामान्य वर्ग के फ्रेशर को पहले ही दिन अपराधी की तरह ट्रीट किए जाने की स्थिति बन सकती है।

इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी समाज को जातियों से मुक्त नहीं किया जा सका है। सवाल यह है कि क्या इस तरह के नए नियम हमें आगे ले जा रहे हैं या पीछे? अदालत ने रेगुलेशन में प्रयुक्त भाषा पर भी चिंता जताई और कहा कि इसके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

याचिकाकताओं ने अदालत से नए यूजीसी रेगुलेशन को रद्द करने और स्थायी रोक लगाने की मांग की। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामला संवैधानिक प्रकृति का है। वहीं, जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि अदालत का उद्देश्य समाज में निष्पक्ष और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना है और यह भी सवाल उठाया कि जब सेक्शन 2ई पहले से मौजूद है, तो 2सी की आवश्यकता क्या है। (इनपुटः आईएएनएस)

## यूजीसी भेदभाव नियमः सेक्शन 2सी, 2ई, 3सी और 3ई क्या कहते हैं?

### सेक्शन 2सी – भेदभाव की परिभाषा

**यह प्रावधान बताता है कि भेदभाव किसे कहा जाएगा।**

*इसमें भेदभाव को कुछ विशिष्ट आधारों (जैसे जाति, समुदाय आदि) तक सीमित किया गया है।*
*याचिकाकताओं का तर्क है कि यह परिभाषा संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 की भावना के अनुरूप नहीं है, क्योंकि संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है।*
*कोर्ट में सवाल उठा कि जब पहले से व्यापक परिभाषा मौजूद है, तो नई सीमित परिभाषा क्यों लाई गई?*

### सेक्शन 2ई – उत्पीड़न और अपमानजनक आचरण

**यह सेक्शन ऐसे आचरण को कवर करता है जो**

*किसी व्यक्ति के साथ अपमान, डर, मानसिक प्रताड़ना या शत्रुतापूर्ण माहौल पैदा करे।*
*यह प्रावधान पहले से लागू नियमों में मौजूद है और व्यापक संरक्षण देता है।*
*सुप्रीम कोर्ट में टिप्पणी हुई कि जब 2ई पहले से मौजूद है, तो 2सी की प्रासंगिकता पर सवाल उठता है।*

### सेक्शन 3ई – जन्मस्थान और क्षेत्रीय भेदभाव से संरक्षण

**यह प्रावधान**

*जन्मस्थान, क्षेत्र, भाषा या राज्य के आधार पर होने वाले भेदभाव से संरक्षण देता है।*
*सुनवाई के दौरान कोर्ट द्वारा उठाए गए क्षेत्रीय भेदभाव के सवाल पर कहा गया कि 3ई ऐसे मामलों को कवर करता है।*
*यह सेक्शन अपेक्षाकृत व्यापक और संतुलित माना जा रहा है।*

### सेक्शन 3सी — भेदभाव-रोधी कार्रवाई का प्रावधान

**यह प्रावधान यह तय करता है कि**

*यदि सेक्शन 2सी के तहत भेदभाव साबित होता है, तो कौन-सी कार्रवाई की जाएगी।*
*याचिकाकताओं का आरोप है कि यह सेक्शन संकीर्ण परिभाषा पर आधारित है और इसके दुरुपयोग की आशंका है।*
*कोर्ट ने कहा कि इस्तेमाल की गई भाषा से गलत व्याख्या और मनमानी कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।*

### कुल मिलाकर विवाद कहां है?

**सवाल यह नहीं कि भेदभाव रोका जाए या नहीं,**

*सवाल यह है कि भेदभाव की परिभाषा कितनी व्यापक और संतुलित होनी चाहिए।*
*सुप्रीम कोर्ट यह जांच रहा है कि कहीं नया रेगुलेशन संवैधानिक समानता को सीमित तो नहीं कर रहा।*

## भारत तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह परः उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के तहत राज्यसभा का 270वां सत्र प्रारंभ हो चुका है, जिसमें कुल 30 बैठकें आयोजित की जाएंगी। गुरुवार को उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है और देश शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने बताया कि बजट सत्र के दौरान केंद्रीय बजट 2026-27 और सरकार के विभिन्न विधायी प्रस्तावों पर गहन चर्चा होगी। इसके साथ ही अवकाश अवधि में विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समितियां मंत्रालयों की अनुदान मांगों की समीक्षा करेंगी। सभापति ने सांसदों से सदन और समितियों में सार्थक एवं



रचनात्मक योगदान देने का आह्वान किया। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। अगली बैठक 1 फरवरी 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे होगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका और प्रभाव के बीच संसद सदस्यों की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि राष्ट्र की आर्थिक दिशा तय करने में संसद की भूमिका केंद्रीय है। उन्होंने राष्ट्रपति के संसद के दोनों सदनों को संबोधित भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

## 'ट्रेड यूनियन की वजह से खत्म हो रहीं नौकरियां', सीजेआई सूर्यकांत बोले

*सुप्रीम कोर्ट के उखक सूर्यकांत ने ट्रेड यूनियनों को औद्योगिक विकास रुकने का जिम्मेदार बताया. घरेलू कामगारों को न्यूनतम वेतन देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए सीजेआई ने कहा-अगर ऐसा हो गया तो लोग घरों में नौकर रखना बंद कर देंगे.*

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने गुरुवार को ट्रेड यूनियंस को जमकर सुनाया. घरेलू कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने दो-टूक कहा कि देश में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट रुकने और पारंपरिक उद्योगों के तबाह होने के लिए काफी हद तक ट्रेड यूनियन जिम्मेदार हैं. उनकी वजह से नौकरियां खत्म हो रही हैं. सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने



साफ कहा कि अगर घरेलू कामगारों को लेकर ज्यादा सख्त नियम बनाए गए, तो हर घर मुकदमेबाजी में उलझ जाएगा और लोग काम पर रखना ही बंद कर देंगे.

सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने बेहद तल्ख लहजे में कहा कि देश के पारंपरिक उद्योगों के बंद होने के पीछे तथाकथित झंडे वाली यूनियनों का बड़ा हाथ रहा है. यह सच्चाई सामने आनी चाहिए कि देश में कितनी औद्योगिक इकाइयां सिर्फ ट्रेड यूनियनों के कारण बंद हो गई हैं. ये लोग काम नहीं करना चाहते. ट्रेड यूनियन के नेता देश में औद्योगिक विकास रोकने के लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं.

सीजेआई ने कहा कि शोषण होता है, इससे इनकार नहीं है, लेकिन उससे निपटने के लिए लोगों को व्यक्तिगत अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्किल्ड बनाना ज्यादा जरूरी है. सुधारों की अत्यधिक चिंता कभी-कभी उल्टे परिणाम देती है.

## दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए यूपी बोर्ड सख्त, नोएडा-ग्रेटर नोएडा में व्यापक कार्रवाई

**समाज जागरण**

नोएडा/ग्रेटर नोएडा। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में शीत ऋतु के दौरान वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नोएडा पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि अक्टूबर से जनवरी के बीच वायु गुणवत्ता पर निगरानी रखते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाता है।

गौतमबुद्ध नगर में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा GRAP के अनुपालन में लगातार निरीक्षण और कार्रवाई की जा रही है। वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु कुल 37 से अधिक विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रही हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सड़कों की सफाई और धूल नियंत्रण के लिए मैकेनिकल स्वीपिंग और वाटर स्प्रिंकलिंग का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिदिन नोएडा में लगभग 300 किलोमीटर और ग्रेटर नोएडा में 200 किलोमीटर सड़कों की सफाई की जा रही है। इसके अलावा, निजी बिल्डरों ने करीब 400 एंटी-स्मॉग गन स्थापित की हैं, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में मदद मिल रही है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 15 अक्टूबर 2025 से 28 जनवरी 2026 तक नोएडा क्षेत्र में 257 उल्लंघनकारी परियोजनाओं और उद्योगों पर 5.26 करोड़ रुपये से अधिक की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की संस्तुति की है। ग्रेटर नोएडा में भी 2.94 करोड़ रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति प्रस्तावित की गई है। कई उद्योगों में ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली भी स्थापित कराई गई है। वाहन प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ट्रैफिक विभाग ने भी सख्ती दिखाई है। बिना पीयूसी प्रमाण पत्र वाले 24 हजार से अधिक वाहनों और धुआं उत्सर्जित करने वाले 1,200 से अधिक वाहनों के चालान किए गए हैं।

**अपने व्यवसाय को दें नई पहचान - समाज जागरण न्यूज पोर्टल के साथ**

*अब आपकी खबर और विज्ञापन सीधे लाखों पाठकों तक!*

*समाज जागरण – एक भरोसेमंद, निष्पक्ष और तेजी से उभरता हिंदी न्यूज पोर्टल, जो दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश सहित पूरे हिंदी भाषी राज्यों में अपनी सशक्त डिजिटल पहुँच रखता है।*

*क्यों विज्ञापन दें समाज जागरण पर?*
*जमीनी और विश्वसनीय पाठक वर्ग*
*मोबाइल व वेब दोनों प्लेटफॉर्म पर मजबूत उपस्थिति*
*लोकल से लेकर स्टेट और नेशनल कवरेज*
*राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारिक और संस्थागत प्रचार के लिए उपयुक्त*
*किफायती दरों में प्रभावी प्रचार*

# भुलाए नहीं भूलता अहिंसा का दूत कुछ तो है गांधी में....

30 जनवरी 1948 को गोली खाकर देह त्यागने वाले गांधी की आज एक बार फिर देश में पुण्यतिथि मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री राष्ट्रपति समेत देश के बड़े-बड़े नेता मंत्री, मुख्यमंत्री राजघाट पर जाकर एक बार फिर चार फूल गांधी की समाधि पर चढा रहे हैं लेकिन बहुत बड़ा सवाल यह है कि देश को आजादी दिलाने में अपने समय का अद्भुत योगदान देने वाले गांधी को हमने कितना समझा और कितना समझ कर भी न समझने का स्वांग रचा है।

1947 में आजादी पाने के बाद से ही गांधी की भूमिका पर सवाल उठने शुरू हो गए थे । देश का बंटवारा, पाकिस्तान को एक बड़ी रकम दिलवाना, खुद सत्ता में जिम्मेदारी न लेने के बावजूद सरकार को अपनी ही सोच के साथ चालवाने का अनशनकारी प्रयास गांधी जी के आजादी के बाद के व्यक्तित्व पर कई सवाल खड़े करता है लेकिन फिर भी कुछ तो चमत्कार रहा उसे डेढ़ पसली के व्यक्ति में जिसे आइंस्टीन जैसे महान वैज्ञानिक ने एक चमत्कार कहा और माना कि आने वाली नस्लें इस बात पर यकीन नहीं करेंगी की कभी गांधी जैसा हाड़ मांस का बना इंसान भी पैदा हुआ होगा।

1947 के बाद से ही देश में नई सोच और नया चिंतन शुरू हो गया था । कुछ संकीर्णता वादियो की घातक सोच के चलते हुए ही गांधी जी आजादी के मैच डेढ़ साल बाद ही हिंसा का शिकार हो गए। वही हिंसा, जिसके खिलाफ वे जीवन भर लड़ते रहे और बिना हिंसा का सहारा लिए हुए उसे समय की दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के पंजों से देश की आजादी छीन कर ले आए । गांधी जी खुद उस हिंसा के शिकार हो गए तो सोचने वाली बात यह है कि कहीं न कहीं उनके जीते जी ही कुछ ऐसा चल रहा था जो उन्हें पसंद नहीं करता था और जब यह वैचारिक सोच प्रतिशोध पर उतरी तो हमने गांधी जैसे महान पुरुष को खो दिया।

आज हम गांधी जी को याद करते हैं और याद करते हैं उन तीन गोलियां को जिन्होंने ह्महे रामह्ल कहने के बाद गांधी को एक शरीर से आत्मा में बदल दिया था । भले ही जिस पिस्टल से गोलियां निकली उसका ट्रिगर दबाने वाली उंगलियां नाथूराम गोडसे नाम के उन्मादी युवक की थी लेकिन ट्रिगर दबाने की सोच और ताकत उन उंगलियों को कहां से मिली इस पर आज भी विवाद है।

गांधी की मौत के बाद जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि आज एक रोशनी की रुखसती का दिन है तो सारा देश उनसे सहमत था । हर तरफ एक अंदेशा और डर था कि अब क्या होगा और देश देश की दिशा, दशा कैसी होगी लेकिन यह सारे अंदेशे एक बार फिर भारतीयों के जज्बे और आजादी के प्रति उनके जुनून ने हाशिए पर पहुंचा दिए ।

जैसे गांधी चले गए वैसे ही इस लोकतांत्रिक देश में एक के बाद एक अलग-अलग सरकारें आती और जाती रहीं । एक लंबा समय उन सरकारों को मिला जो गांधी और उनके विचारों को प्रयोग करके सत्ता में आती रहीं और गांधी की गुण गाती रहीं। विपक्ष में बैठी एक खास सोच दबे स्वर में ही सही गांधी के विचारों, उनके आचरण, सोच , योगदान और उनके व्यक्तित्व पर उंगलियां उठती रहीं लेकिन यह आवाज बेहद कमजोर और अप्रासंगिक बनी रहीं।

दिल्ली में पहली बार 1977 में जब तक पार्टी की सरकार के रूप में ऐसी सत्ता ने दामन थामा जो उससे पहले की सरकारों से अलग थी। मगर उसका नेता भी गांधीवादी आंदोलन की देन था और गांधीवादी विचारों से ही ओतप्रोत था इसलिए उसे दौर में भी गांधी बन रहे । बदलाव की एक और हवा 1989 में आई जब विश्वनाथ प्रताप सिंह के सिर पर ताज रखा गया और उस छोटे से कार्यकाल में ही मंडल और कमंडल की भारी तबाही वाली राजनीति केंद्र में आ गई। अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में हिंदूवादी चिंतन सत्ता पर सवार रहा लेकिन गांधी पर उस दौर में भी कोई बड़ा आक्षेप नहीं लगा।

अटल सरकार के बाद 10 साल मनमोहन सिंह की सरकार के नाम रहा और फिर 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार का 2014 से वह दौर शुरू हुआ जब गांधी विरोधी ताकतों ने भी वोट तो गांधी के नाम के लिए लेकिन गांधी के निर्णय पर खुलकर उंगलियां उठाने से भी वह चूके नहीं।

आज तो गांधी जी को राष्ट्रपिता मानने जैसे विचार पर भी आपत्ति व्यक्त की जाती है उन्हें देश के बंटवारे का सीधा-सीधा दोषी कहकर एक तरफ सरकाने की कोशिश की जाती और गांधी को अलग-अलग रखने की राजनीतिक कोशिश में भी जारी रहती हैं ।

आज गांधी की पुण्यतिथि है इसलिए गांधी को श्रद्धापूर्वक याद किए जाने की जरूरत है लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि गांधी की हर गलती को भुला दिया जाए। पर, यदि गांधी गलती करके भी प्रासंगिक बने रहते हैं, देश का आम आदमी उन्हें आज भी पूजता है और दुनिया भर में जब-जब भी कहीं अहिंसा की बात के राजनीतिक मायने निकाले जाते हैं तो केवल और केवल गांधी ही याद आते हैं, जब भी स्वदेशी या अहिंसक आंदोलन की बात की जाती है तब भी केवल और केवल गांधी का ही स्मरण होता है, जब सत्ता में रहकर भी सत्ता से विरक्त रहने, सबके लिए सब कुछ करने और अपने लिए कुछ भी न चाहने के राजनीतिक निहित अर्थ ढूंढे जाते हैं तब भी केवल और केवल गांधी ही जीवन में आते हैं तो गांधी की प्रासंगिकता अपने आप सिद्ध हो जाती है।

बेशक गांधी भी एक हाड़ मांस के बने व्यक्ति थे उनके शरीर में भी मानव का वही मस्तिष्क था जो अपने प्रिय के लिए उसे पक्षपात गलत नहीं लगता तो अपनी सोच से अलग व्यक्ति को एक तरफ कर देने को भी वह सही मानता है । गांधी जी ने निश्चित ही कुछ गलतियां की लेकिन उसकी हर उपलब्धि पर उंगली उठाना उचित नहीं है।

जहां तक गांधी की सोच, दर्शन और नीतियों का सवाल है तो आज भी भारत के विकास की नींव में उनकी सोच की ईट सबसे मजबूत और सबसे व्यावहारिक लगती है। चाहे स्वदेशी की बात हो, दक्षता का विकास हो, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, शिक्षा का दर्शन और दिशा हो, लघु उद्योगों के विकास की बात हो गांधी की तोड़ अभी भी कहीं नहीं है।

चलिए गलतियों के पुतले ही सही, देश के महान नायक और सर्वमान्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन करें।

**डॉ घनश्याम बादल**

# बजट, सरकारी उधारी और आरबीआई: वित्त वर्ष 2027 के बढ़ते दबावों को संभालने की चुनौती

आगामी बजट एक नए युग की शुरूआत करेगा। राजकोषीय मजबूती का आधार घाटे और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात से हटकर ऋण और जीडीपी अनुपात पर केंद्रित होगा‹ आगामी बजट एक नए युग की शुरूआत करेगा। राजकोषीय मजबूती का आधार घाटे और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात से हटकर ऋण और जीडीपी अनुपात पर केंद्रित होगा। ऋण-जीडीपी अनुपात मध्यम अवधि में वित्त वर्ष2026 के 56.1 फीसदी से घटकर वित्त वर्ष 2031 तक 50 फीसदी (1 फीसदी कम या ज्यादा) तक पहुंच सकता है। हालांकि कर राजस्व में कमी है, लेकिन अधिकांश विश्लेषकों को उम्मीद है कि सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए 4.4 फीसदी के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य पूरा कर लेगी। सरकारी उपक्रमों और केंद्रीय बैंक द्वारा उदार लाभांश भुगतान से यह संभव है।



वित्त वर्ष 2027 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य निश्चित रूप से कम होगा। यह जीडीपी के 4.2 से 4.3 फीसदी हो सकता है। लक्ष्य यदि 4.3 फीसदी रहता है, तो केंद्र सरकार का ऋण-जीडीपी अनुपात वर्तमान 56.1 फीसदी से घटकर 55 फीसदी हो जाएगा। सरकार यदि सामाजिक और आय सहायता योजनाओं पर व्यय में कटौती करने का निर्णय लेती है, तो लक्ष्य 4.2 फीसदी हो सकता है। इससे ऋण-जीडीपी अनुपात 54 फीसदी से नीचे आ जाएगा।

बैंकिंग क्षेत्र सरकार के वार्षिक उधार कार्यक्रम के आकार पर बारीकी से नजर रखेगा। यदि इस वर्ष के उधार कार्यक्रम को देखें तो लगता है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को मदद का हाथ बढ़ाना होगा। वित्त वर्ष 2027 में केंद्र सरकार का कुल उधार कम से कम 16.5 लाख करोड़ रुपये हो सकता है।

रीडेम्पशन घटाने के बाद शुद्ध उधार काफी कम होगा। लेकिन राज्य सरकारों का उधार यानी राज्य विकास ऋण (एसडीएल) स्थिति को बिगाड़ देता है। मौजूदा साल में यह लगभग 13 लाख करोड़ रुपये हो सकता है।

चालू वर्ष में केंद्र सरकार का कुल उधार 14.72 लाख करोड़ रुपये आंका गया है, और रीडेम्पशन घटाने के बाद शुद्ध उधार 11.54 लाख करोड़ रुपये होगा। अब तक 12.79 लाख करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं। चालू वर्ष में कुल एसडीएल 11.83 लाख करोड़ रुपये है। इसमें से 8.23 लाख करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं।

यह आपूर्ति पक्ष की कहानी है। क्या इतने बड़े उधार कार्यक्रम की मांग होगी? यही आरबीआई के सामने चुनौती है। चालू वर्ष में आरबीआई ने बाजार से बॉन्ड खरीदकर इस चुनौती का सामना किया है, जिसे आमतौर पर ओपन मार्केट ऑपरेशंस (ओएमओ) के नाम से जाना जाता है। वित्त वर्ष 2026 में रिकॉर्ड स्तर पर बॉन्ड खरीदे गए। इस माध्यम से रिकॉर्ड 6.45 लाख करोड़ रुपये (5 फरवरी तक) जुटाए जा रहे हैं, जो वित्त वर्ष 2025 में आरबीआई द्वारा खरीदी गई राशि से दोगुने से भी अधिक है। इससे पहले उच्चतम ओएमओ वित्त वर्ष 2021 में 3.13 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक था।

वित्त वर्ष 2009 में केंद्र सरकार की कुल उधारी पहली बार 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई। अगले वर्ष यह बढ़कर 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई। अगली बड़ी वृद्धि कोविड-19 से प्रभावित वित्त वर्ष 2021 में हुई। इसके पिछले वित्त वर्ष में यह 7 लाख करोड़ रुपये से कुछ अधिक थी, जो उस वर्ष बढ़कर 13.7 लाख करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2024 में यह 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई और अब वित्त वर्ष 2027 में 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में उधार की राशि बढ़ी है, लेकिन जीडीपी के फीसदी के रूप में यह काफी हद तक स्थिर रही है, वह भी सीमा के भीतर। कोविड और वैश्विक वित्तीय संकट के वर्ष अपवाद थे।

वित्त वर्ष 2008 से केंद्र सरकार की कुल उधारी कम से कम 10 गुना बढ़ गई है। आरबीआई ने इसे बखूबी संभाला है और वित्त वर्ष 2027 में भी वह ऐसा ही कर सकता है, क्योंकि कुल उधारी अधिक होने के बावजूद शुद्ध उधारी में कोई खास बदलाव नहीं होगा। लेकिन एसडीएल बोझ बनता जा रहा है। वैश्विक वित्तीय संकट से पहले राज्यों का ऋण हर साल केंद्रीय उधार का केवल 15-20 फीसदी होता था। वित्त वर्ष 2027 में यह 75-80 फीसदी हो सकता है और अगले कुछ वर्षों में एसडीएल केंद्र के वार्षिक उधार से भी अधिक हो सकता है।

एसडीएल की अत्यधिक आपूर्ति के कारण केंद्र सरकार और राज्य सरकार के 10 वर्षीय बॉन्डों की यील्ड में अंतर बढ़कर 85 आधार अंक हो गया है। सामान्यतः यह अंतर लगभग 40-50 आधार अंक होता है। लगभग एक दशक पहले तक, राज्य सरकारों को अपने राजकोषीय घाटे की भरपाई के लिए राष्ट्रीय लघु बचत कोष (एनएसएसएफ) का एक हिस्सा मिलता था। 14वें वित्त आयोग ने राज्य सरकारों को एनएसएसएफ से बाहर करने की सिफारिश की क्योंकि इस माध्यम से जुटाया गया धन बाजार से लिए गए ऋण की तुलना में अधिक महंगा होता है।

सरकार ने फरवरी 2015 में इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया और मंत्रिमंडल ने अप्रैल 2016 से अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, केरल और मध्य प्रदेश को छोड़कर सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को एनएसएसएफ से बाहर करने की मंजूरी दे दी। राज्य सरकारें वित्त वर्ष 2039 तक एनएसएसएफ योजना में बकाया राशि का भुगतान करेंगी।

अपने राजकोषीय घाटे से निपटने के लिए राज्यों ने अपेक्षाकृत अधिक लागत वाली एनएसएसएफ से हटकर बाजार आधारित योजनाओं की ओर रुख किया है। राज्यों द्वारा कृषि, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण या सब्सिडी के रूप में कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करने के कारण उनके ऋण में वृद्धि हुई है।

इस बीच, बाजार में कुछ संरचनात्मक बदलाव हुए हैं जिनका असर सरकारी बॉन्डों की मांग पर पड़ा है। सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर), जिसके तहत बैंकों के लिए सरकारी बॉन्ड खरीदना अनिवार्य है, घट रहा है। अब यह उनकी कुल मांग और समयबद्ध देनदारियों का 18 फीसदी है, जो जमा राशि का एक अनुमानित संकेतक है। वर्ष 1990 के दशक की शुरूआत में, जब यह अपने चरम पर था, तब 38 फीसदी था।

म्युचुअल फंडों के लिए इंडेक्सेशन लाभ और बॉन्ड निवेश के लिए उपयोग किए जाने वाले बीमा उत्पादों के कर लाभ समाप्त कर दिए गए हैं। भविष्य निधि और बीमा कंपनियों को इक्विटी में अधिक पैसा लगाने की अनुमति दी गई है। बॉन्ड के लिए उपलब्ध संसाधन कम हो गए हैं।

बैंकों के बॉन्ड पोर्टफोलियो के वर्गीकरण मानदंडों में भी बदलाव किया गया है। बैंकों को बॉन्ड निवेश को ह्महेल्ड-टु-मैच्योरिटीह्ल श्रेणी से किसी अन्य श्रेणी में साल में एक बार स्थानांतरित करने की अनुमति है, लेकिन इसके लिए बोर्ड की मंजूरी के अलावा आरबीआई की मंजूरी भी आवश्यक है।

इन सभी कारणों से स्थानीय बॉन्ड खरीदारों की जोखिम लेने की प्रवृत्ति कम हो गई है। इसमें रुपये की कमजोरी भी जुड़ गई है। मौजूदा चक्र में आरबीआई द्वारा की गई 125 आधार अंक की ब्याज दर कटौती का असर 10 साल की बॉन्ड यील्ड पर नहीं दिख रहा है, लेकिन बाजार की यही प्रकृति है। यह नीतिगत दर में किसी भी बदलाव को पहले से ही ध्यान में रखता है, चाहे वह कटौती हो या बढ़ोतरी।

संक्षेप में कहें तो, वित्त वर्ष 2027 में केंद्र सरकार की बढ़ी हुई कुल उधारी कोई चुनौती नहीं होगी, लेकिन राज्य विकास ऋण का बढ़ता आकार चिंता का विषय है। 10-वर्षीय बॉन्ड पर यील्ड में वृद्धि ही हो सकती है, और यील्ड कर्व और भी सख्त हो सकता है, यानी कम अवधि वाले बॉन्ड में गिरावट और लंबी अवधि वाले बॉन्ड में वृद्धि हो सकती है।

# विकासशील देशों में संसाधनों की कमी, पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन

वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं।
(विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है) इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिंबाब्वे, सीरिया,लीबिया, सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन,रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है। दूसरी तरफ विकसित और अमीर देशों में भी लाइन लगती है, लेकिन वहां पर विडंबना यह है कि यह लाइन रोटी के लिए नहीं बल्कि आईफोन, स्मार्टफोनऔर गैजट्स के लिए लगाई जाती है।
अनेक गरीब देशों में सबसे बड़ा संकट विकास बनाम पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लेकर सामने आया है। जहां यह देश विकास की इच्छा तो रखते हैं पर दूसरी और विकसित देश गरीब देशों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दे कर इनके संसाधनों पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। जिससे इनके अस्तित्व तथा संप्रभुता पर गहरी चोट लगती है। यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। विकासशील देशों को पर्यावरण संरक्षण जैसी बातें गरीबी के सामने एक चुनौती के रूप में दिखाई देती है। यदि ये देश भुखमरी, गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसे समस्याएं को सुलझाना चाहते हैं तो दूसरी तरफ पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलन बिठाना कठिन हो जाता है। आज विकसित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अन्य अमीर यूरोपीय देश पर्यावरण संतुलन की बात तो करते हैं पर जहां तकनीकी मदद या संरक्षण की बात को तो यह अपना हाथ पीछे खींचने में भी नहीं चुकते हैं। गरीब तथा विकासशील देश जब भी विकास को प्राथमिकता देने का प्रयास करते हैं तो इसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण को क्षति होना लाजमी होता है। इसके अलावा इन्हें वैश्विक महाशक्तियों के दबाव भी झेलने पड़ते हैं। गरीब देशों के उत्पादों को खरीदने में बड़े बाजार या यूं कहें कि विकसित राष्ट्र गुणवत्ता की कमी,तकनीकी कमी कहकर तिरस्कृत तथा वापस करने से नहीं चूकते हैं। इस मामले में विकसित राष्ट्र का विकासशील,गरीब राष्ट्र के बीच एक गहरी खाई बन चुकी है और संयुक्त राष्ट्र संघ मूकदर्शक बना इस मामले में हाथ में हाथ धरे बैठा रहता है। बड़ी जनसंख्या वाले देश जैसे भारत इंडोनेशिया एवं एशिया के अन्य देश विकसित राष्ट्रों के लिए एक बड़ा बाजार जरूर है, पर वहां पर भूखमरी और जलवायु परिवर्तन के मामले में ये सभी बड़े तथा विकसित राष्ट्र खामोश रहते हैं। विकासशील तथा निर्धन देशों में गरीबी, भुखमरी तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण गृह संघर्ष, जातीय संघर्ष,मानव अधिकार उल्लंघन, शरणार्थी समस्या, उग्रवाद, आतंकवाद आदि गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं और और इनकी स्थितरता में बड़ी कमी आई है। पिछले विगत कुछ समय एक घटनाक्रमों से शरणार्थी संकट ग्रह संघर्ष के विस्थापन अकाल बाढ़ तथा आतंकवाद मैं चिंताजनक वृद्धि हुई है, और यह सब पूरे विश्व के लिए चुनौती बन गया है। यह अलग बात है कि विकासशील राष्ट्रों की कमजोर क्षमता के कारण यह चुनौती उन देशों को बड़ी विकराल लगती है क्योंकि इससे पूंजीगत संसाधनों में बड़ी क्षति होती है जिस का संतुलन करना वहां की सरकारों पर बहुत भारी पड़ जाता है। गरीबी रेखा के नीचे लोग ज्यादा जीवन यापन करने लगते हैं। वैश्विक स्थिति का अध्ययन करें तो गरीबी भूखमरी जलवायु परिवर्तन से लड़ना किसी एक देश के लिए संभव प्रतीत नहीं होता, क्योंकि यह वैश्विक समस्या है। इसे सम्मिलित रूप से ही प्रयास कर समाप्त किया जा सकता है। यह तो तय है कि विकासशील राष्ट्रों को उन्नत बनाने तथा विकसित करने में बड़े तथा सक्षम राष्ट्रों को इन छोटे तथा गरीब देशों की तकनीकी विज्ञान और पूंजीगत सहायता प्रदान करनी चाहिए। अपने महंगी खचीर्ली परमाणु तथा अणु बम तथा मिसाइल बनाने की योजनाओं को एक तरफ रख विकासशील राष्ट्रों की खुलकर मदद करनी चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में ही वैश्विक भुखमरी गरीबी एवं जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटा जा सकता है। भारतीय संदर्भ में यह जरूर कहा जा सकता है कि विगत 10 वर्षों में जलवायु परिवर्तन तथा गरीबी उन्मूलन पर बहुत ज्यादा प्रयास कर नई नई योजनाएं बनाई गई हैं। जैसे राष्ट्रीय हरित मिशन, राष्ट्रीय सतत पयार्वास मिशन, राष्ट्रीय ऊर्जा संवर्धन मिशन पर बहुत सारी योजनाये बनाकर कार्य किया गया है। भारत देश अपनी योजनाओं में छोटे विकासशील राष्ट्रों को भी शामिल किया है और उनकी खुलकर मदद कर रहा है, यह विकसित राष्ट्रों के लिए एक उदाहरण भी है कि उन्हें छोटे तथा गरीब राष्ट्रों को खुलकर मदद करनी चाहिए।



**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## चमक में खोता योगदान...!

वर्तमान में मिल रहा हैं
कागजी सम्मान,
इससे चमक खोता
वास्तविक योगदान।
आज ये राष्ट्र के
आत्ममंथन का अवसर,
प्रशंसा-पत्रों को पाने के
लिए सब तत्पर।

ये उत्कृष्ट कार्यों के स-
ार्वजनिक स्वीकृति,
भले ही न मिले सबको
इनकी प्रतिकृति।
निस्वार्थ भाव से राष्ट्र,
समाज व व्यवस्था,
इनको बेहतर बनाने में
योगदान अवस्था।

चयन पद्धतियों पर गंभीर
प्रश्न ना हो खड़े,
राष्ट्रीय पर्व पे प्रशंसा-पत्रों
के सम्मान बढ़े।
इनके लिए ना हो
आवश्यक आवेदन देना,
सम्मान वहीं जो स्वतः
मिले स्वीकार लेना।



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## जिला अस्पताल में अक्रियाशील लिफ्टें हुई चालू, मरीजों को मिली राहत

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर। जिला अस्पताल में लंबे समय से अक्रियाशील पड़ी लिफ्टों को कार्यदायी संस्था के माध्यम से सही करा दिया गया है, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाएं अब सामान्य हो गई हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि लिफ्टों की कार्यदायी संस्था मैसर्स मित्सुबीसी एलीवेटर इंडिया द्वारा 20 तारीख से सभी लिफ्टों को पूर्ण रूप से क्रियाशील कर दिया गया है। लिफ्टें चालू होने के बाद मरीजों, तीमारदारों, चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मचारियों को पांचवीं मंज़िल तक पहुंचने में अब किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। खासतौर पर गंभीर मरीजों, बुजुर्गों और दिव्यांगों को बड़ी राहत मिली है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि लिफ्ट व्यवस्था दुरुस्त होने से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिल रहा है और मरीजों की आवाजाही सुगम हुई है। प्रशासन की ओर से आगे भी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी किए जाने की बात कही गई है।

## परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा पर बढ़ता भरोसा, नामांकन और उपस्थिति सुधार की दिशा में उठाए कदम

गौतम बुद्ध नगर। जिले के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के प्रति अभिभावकों और छात्रों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है, जिसका प्रमाण नामांकन में इजाफा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने बताया कि वर्तमान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत शिक्षकों (वीएलओ) की ड्यूटी लगाई गई है और ठंड व कोहरे के कारण कक्षा 01 से 05 तक ऑनलाइन, जबकि कक्षा 06 से 08 तक हाईब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों के कारण अस्थायी रूप से छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में थोड़ी कमी देखी गई है, लेकिन इसे सुधारने के लिए शिक्षा विभाग पूरी सक्रियता से कार्यरत है। खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा आयोजित मासिक बैठकों में सभी प्रधानाध्यापकों को उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षकों, अधिकारियों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों से आने वाले समय में विद्यालयों में नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की उम्मीद जताई गई है। शिक्षा विभाग का संकल्प है कि हर बच्चा नियमित रूप से विद्यालय आए और शिक्षा का पूरा लाभ उठाए।

## विद्यालय भवन सुरक्षित, मरम्मत कार्य शीघ्र कराया जाएगा: बीएसए

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर। जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे 107 बच्चों की सुरक्षा को लेकर फैल रही आशंकाओं को दूर करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) राहुल पवार ने स्पष्ट किया कि दिनांक 07.12.2025 को किए गए निरीक्षण में विद्यालय के किसी भी भवन को जर्जर नहीं पाया गया और मुख्य भवन पूरी तरह सुरक्षित है।

निरीक्षण में केवल एक कक्ष के बरामदे की स्लैब से प्लास्टर का कुछ हिस्सा टूटकर गिरा हुआ पाया गया, जिसे मरम्मत कर सुरक्षित रूप से उपयोग में लाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने दिनांक 08.12.2025 को पत्र जारी कर मुख्य भवन की स्थिति को संतोषजनक बताया। कक्ष संख्या 02 एवं 03 के बाहर पोर्च स्लैब और कुछ जगहों पर प्लास्टर की मरम्मत आवश्यक पाई गई। बीएसए राहुल पवार ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया है कि कम्पोजिट स्कूल ग्रांट से शीघ्र मरम्मत कार्य कराया जाए। एहतियात के तौर पर क्षतिग्रस्त स्थल पर बच्चों को पहले से ही नहीं बैठाया जा रहा है। स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय परिसर एवं शौचालयों की सफाई नियमित रूप से ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्त सफाई कर्मचारियों से कराई जाती है और हैंडपंप के आसपास किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं है।

## सड़क सुरक्षा माह 2026: यातायात पुलिस ने 6327 वाहनों के ई-चालान किए

समाज जागरण

नोएडा। पुलिस आयुक्त महोदया के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त यातायात के पर्यवेक्षण में दिनांक 29 जनवरी 2026 को सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान मैनुअल 2593 चालान और ISTMS कैमरों से 3734 वाहनों के कुल 6327 ई-चालान किए गए। अभियान में 17 वाहनों के खिलाफ सीज की कार्रवाई भी की गई। इसके साथ ही Bliss इलेक्ट्रॉनिक कंपनी, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा के कर्मचारियों को #सड़क_सुरक्षा_जीवन_रक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।



विशेष अभियान में उल्लंघन के आंकड़े: बिना हेलमेट - 2436, नो-पार्किंग - 392, विपरीत दिशा - 156, काली फिल्म - 05, ओवर स्पीड - 303, ड्रिंक एंड ड्राइव - 31, पुलिस उपायुक्त यातायात ने बताया कि ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे ताकि गौतमबुद्धनगर की सड़कों को और सुरक्षित बनाया जा सके।

## आरएलडी महिला अधिवेशन: संगठन, संघर्ष और नेतृत्व का संगम

समाज जागरण

नोएडा/ग्रेटर नोएडा। राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ द्वारा 1 फरवरी 2026 को ग्रेटर नोएडा स्थित अवध ग्रीन्स में आयोजित होने वाले महिला अधिवेशन को सफल बनाने के लिए नोएडा मीडिया क्लब में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती सोनिका आनंद ने बताया कि अधिवेशन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, राजनीतिक सहभागिता और नेतृत्व विकास को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, उनकी धर्मपत्नी चारू चौधरी और राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष इंदिरा कपिलावे शामिल होंगे।

विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय और 14 प्रदेशों की महिला कार्यकारिणियों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। श्रीमती ऋचा सिंह ने कहा कि अधिवेशन महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करेगा और संगठनात्मक मजबूती में सहायक होगा। श्रीमती सोनिका आनंद ने अधिक से अधिक महिलाओं और कार्यकताओं से भाग लेने की अपील की।

जिला अध्यक्ष रूबी जादों ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर के हर गाँव से महिलाएँ इस अधिवेशन में शामिल होंगी, जिससे जिले को पार्टी का मजबूत क्षेत्र बनाया जा सके। श्रीमती दीपमाला ने कहा कि अधिवेशन महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करेगा और संगठन को और मजबूत करेगा।

प्रेस वार्ता में जोगिन्दर सिंह अवाना, ऋचा सिंह, सोनिका आनंद, रूबी जादों, दीपमाला, इंद्राणी त्यागी, अनुपम कुमारी, शिखा भटनागर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नौएडा सिटीजन फोरम ने प्रधानमंत्री से की यूजीसी बिल की नई गाइडलाइन रद्द करने की मांग

समाज जागरण

नोएडा। नौएडा सिटीजन फोरम ने आज कार्यकारी अध्यक्ष शालिनी सिंह के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रस्तावित नई गाइडलाइन पर आपत्ति दर्ज कराई।



ज्ञापन में फोरम ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य समाज को जोड़ना, समान अवसर प्रदान करना और सबका बौद्धिक विकास सुनिश्चित करना होना चाहिए। उनका मानना है कि यूजीसी की नई गाइडलाइन इन मूल उद्देश्यों के विपरीत है और इससे असमानता और विभाजन बढ़ने का खतरा है।

फोरम ने विस्तृत जनहित को ध्यान में रखते हुए सरकार से यह मांग की कि नई गाइडलाइन तत्काल प्रभाव से रद्द की जाए, ताकि शिक्षा प्रणाली और समाज में समरसता और समानता बनी रहे। इस अवसर पर फोरम की संरक्षक इंद्राणी मुखर्जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चक्रधर मिश्रा, सचिव गरिमा त्रिपाठी और सहायक विधि सचिव कमल कौशिक भी उपस्थित रहे।

शालिनी सिंह ने आशा व्यक्त की कि सरकार जनभावनाओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी।

## SSC संयुक्त अनुवाद परीक्षा-2024 में ऑल इंडिया रैंक 66, जेवर की बेटी काजल चौधरी बनीं राजभाषा अधिकारी

समाज जागरण

नोएडा/जेवर। जेवर विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि ग्राम नगला भटोना, गौतमबुद्धनगर की होनहार बेटी काजल चौधरी ने स्टाफ सिलेक्शन कमीशन संयुक्त अनुवाद परीक्षाझ 2024 में ऑल इंडिया रैंक 66 प्राप्त कर भारतीय सशस्त्र बलों के मुख्यालय, नई दिल्ली में राजभाषा अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्राप्त की।



इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने रबूपुरा स्थित अपने आवास पर काजल चौधरी को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उनके माता-पिता भी उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि काजल की सफलता उनके अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और माता-पिता के त्याग का परिणाम है। विशेषकर उनकी माताजी बबीता चौधरी की प्रेरणादायक भूमिका ने उन्हें आगे बढ़ने में सहायता की। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित रोजगार मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काजल को नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जो उनकी प्रतिभा और मेहनत को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देता है।

काजल की प्रारंभिक शिक्षा सरकारी विद्यालय से हुई और उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर शिक्षा पूरी की। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उन्हें आर्थिक कठिनाइयों और सामाजिक दबावों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने दृढ़ संकल्प और निरंतर परिश्रम के बल पर यह सफलता हासिल की।

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा, "काजल चौधरी की सफलता यह साबित करती है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी देश के सर्वोच्च पदों तक पहुँच सकते हैं। काजल आज क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।" काजल चौधरी के पिता राजमल सिंह किसान हैं और खेती-बाड़ी करते हैं, जबकि माता बबीता चौधरी गृहणी हैं।

## "WinGo" अर्निंग ऐप संदिग्ध, साइबर ठगों से सावधान रहने की पुलिस एडवाइजरी

समाज जागरण

नोएडा/गौतमबुद्धनगर। पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में गौतमबुद्धनगर पुलिस लगातार साइबर अपराध और अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में एक ई-चालान से जुड़े साइबर फ्रॉड प्रकरण में "WinGo" नामक अर्निंग ऐप की भूमिका संदिग्ध पाई गई है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ऐप आसान और त्वरित कमाई का प्रलोभन देकर उपयोगकताओं को अपने जाल में फंसाता है। प्रारंभ में छोटे भुगतान के साथ भरोसा जीतने के बाद, ऐप रटर/मैसेज टास्क कराता है। यह ऐप Google Play Store पर उपलब्ध नहीं है और इंस्टॉल होने के बाद प्रतिदिन लगभग 80-100 संदेश स्वतः भेजता है, जिनका संबंध धोखाधड़ी से जुड़ा पाया गया है।

जांच अधिकारियों ने बताया कि ये मैसेज टास्क सामान्य प्रतीत होते हैं, लेकिन असल में साइबर अपराध नेटवर्क को सक्रिय करने और धोखाधड़ी फैलाने में सहायक होते हैं। कई उपयोगकर्ता इस तथ्य से अनजान रहते हैं कि उनकी गतिविधियाँ किसी बड़े साइबर फ्रॉड चेन का हिस्सा बन रही हैं।

गौतमबुद्धनगर पुलिस ने आम नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है।

### जनहित में परामर्श

"WinGo" एक Telecom Mule as a Service App है है, इसे इंस्टॉल न करें।

बिना विश्वसनीय वित्तीय लाइसेंस के गैर-जिम्मेदार ऐप/प्लेटफॉर्म से सावधान रहें।

SMS फॉरवर्डिंग, कंटेंट रीपोस्टिंग या टास्क आधारित कार्य करने से पहले उद्देश्य और जोखिम समझें।

किसी भी संदिग्ध ऐप या साइबर फ्रॉड की सूचना क्व४उ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल या अपने नजदीकी पुलिस थाना में तुरंत दें।

## मेट्रो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, ग्रेटर नोएडा ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का सफल आयोजन

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। डॉ. सोनिया लाल गुप्ता के नेतृत्व में मेट्रो कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने जनवरी 2026 में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का आयोजन किया। इस दौरान पोस्टर जागरूकता कार्यक्रम, रोल-प्ले, पोस्टर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, तथा सड़क सुरक्षा रैली जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं।




कार्यक्रमों का आयोजन सीएचसी भंगेल और कॉलेज परिसर में किया गया, जिसमें एएनएम, जीएनएम और बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दिखाई।

संपूर्ण आयोजन का नेतृत्व सुश्री प्रीति यादव (विभागाध्यक्ष, सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग) ने किया, समन्वय प्रो. कार्थिकेश्वरी (वाइस प्रिंसिपल) ने किया और सभी गतिविधियाँ डॉ. प्राची अवस्थी (प्राचार्य) के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं।

## स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला बना नोएडा

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडाः नौएडा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग किया जाता है। नौएडा शहर को और भी अधिक स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए नौएडा प्राधिकरण द्वारा अनेकों प्रयास किए जा रहे है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। यदि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

इसी क्रम में आज दिनांक 29.01.2026 को सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में एक जन स्वास्थ्य एवं सिविल विभाग हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री क्रांति शेखर सिंह, विशेष कार्याधिकारी (जन स्वा०), श्री एस०पी० सिंह, महाप्रबन्धक (जन स्वा०-1), श्री ए०के० अरोड़ा, महाप्रबन्धक (जन स्वा०-।।), श्री विजय रावल, उप महाप्रबन्धक (जन स्वा०), श्री इंदुप्रकाश सिंह, (जन स्वा०), श्री गौरव बंसल, परियोजना अभियन्ता (जन स्वा०), श्री आर०के० शर्मा, परियोजना अभियन्ता (जन स्वा०।।), सिविल विभाग के समस्त वरिष्ठ प्रबन्धक, समस्त प्रबन्धक, समस्त स्वास्थ्य निरीक्षक, अवर अभियन्ता, सुपरवाईजर, सफाई कर्मचारी, मैसर्स एजी एनवायरो, अन्य सभी कॉट्रेक्टर्स एवं मैसर्स गा-ईडेड फॉर्च्यून समिति के सदस्य सम्मिलित थे।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय प्रदत्त निदेर्शों के क्रम में मैसर्स एजी एनवायरो को निर्देशित गया कि कूड़ा संग्रहण वाहन नौएडा क्षेत्र में सभी घरों से 100% वेस्ट कलेक्शन करेंगे। यदि वेस्ट कलेक्शन कार्य में लापरवाही की जाती है तो उक्त एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।



मैकेनिकल स्वीपिंग एजेंसीज को निर्देशित किया गया कि सभी मुख्य मार्गों की मैकेनिकल स्वीपिंग का कार्य नियमित रुप से कराया जाये। यदि सफाई कार्य गुणवत्तापूर्वक नहीं किया जात है और कार्य में लापरवाही की जाती है तो सम्बन्धित एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सफाई कार्य करते समय आवश्यक सावधानी बरतें एवं व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें। साथ ही सुपरवाईजरों को निर्देशित किया गया कि समस्त सुपरवाईजरों के पास एवं कार्यरत कर्मचारियों के पास उनका पहचान पत्र (आई०डी० कार्ड/ड्रेस) पहनकर कार्य करें। साथ ही सुपरवाईजर अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन सुनिश्चित करें कि रोड/केसी ड्रेन/फुटपाथ / सर्विस रोड की नियमित सफाई की जा रही है या नहीं। नालियों की सफाई ब्लॉक वाइज / गली में कराना सुनिश्चित करें। समस्त सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का एरक्/एढक्ष्र का विवरण प्रत्येक माह जाँच करें।

सैक्टरों / ग्रामों में लगने वाले साप्ताहिक माकेर्टों की सफाई उसी दिन रात्रि के समय कराने तथा सफाई उपरान्त निकलने वाले कूड़े का निस्तारण डोर टू डोर एजेन्सी के वाहनों के माध्यम से करायेंगे। समस्त सुपरवाईजर सफाई कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन की जा रही नालियों की सफाई से निकली सिल्ट को उसी दिन सीधा डम्पिंग ग्राउण्ड सैक्टर-145 में भिजवाना सुनिश्चित करेंगे। प्रतिदिन सोशल मीडिया पर प्राप्त होने वाली शिकायतें जैसे- Twitter, A-Pag. IGRS, WhatsApp शिकायत का निस्तारण प्रतिदिन कराना होगा।

मार्किट एवं Vendor Zone में सभी दुकानदारों/ठेले वालों को दो डस्टबिन रखने हेतु निर्देशित /जागरूक करे। जो Vendor हरा/नीला डस्टबिन का प्रयोग नहीं करेंगे उनका सर्वे कराकर उनके विरूद्ध पेनल्टी लगाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। नौएडा क्षेत्र में GVP Point खत्म करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त स्थलों को चिन्हित करके उन स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण करें एवं नियमित जागरूकता अभियान चलाकर उन स्थलों को विलोपित कूड़ाघर में परिवर्तित किया जाए। सिविल विभाग को सफाई कार्य में जन स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। जिन सुपरवाईजरों के कार्यक्षेत्र में गंदगी पाई जायेगी तो ऐसे सुपरवाईजर के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

उसके उपरान्त श्री क्रांति शेखार सिंह, विशेष कार्याधिकारी (जन स्वा०) द्वारा नौएडा शहर को साफ रखने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण में नौएडा को प्रथम स्थान पर लाने हेतु सभी को प्रेरित एवं जागरूक किया गया। सिविल एवं जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि नौएडा क्षेत्र में सफाई

## अनिरुद्ध गुलिया के दम पर हरियाणा थंडर्स पीडब्ल्यूएल 2026 अंक तालिका में शीर्ष पर

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा : हेवीवेट वर्ग में अनिरुद्ध गुलिया के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा थंडर्स ने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के लीग चरण में यूपी डोमिनेटर्स को 6-3 से पराजित करते हुए अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। इस जीत के साथ हरियाणा थंडर्स ने पांच मुकाबलों में आठ अंक और कुल 29 बाउट जीत के साथ लीग चरण का शानदार समापन किया।




मुकाबले की शुरूआत दोनों टीमों के बीच बेहद रोमांचक रही। शुरूआती छह बाउट के बाद स्कोर 3-3 से बराबर था, जिससे मुकाबला पूरी तरह संतुलन में दिखाई दे रहा था। निर्णायक मोड़ सातवीं बाउट में आया, जब 62 किग्रा महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मैच इरीना कोलियादेंको ने दमदार प्रदर्शन करते हुए निशा दहिया को फॉल के जरिए पराजित किया और हरियाणा को निर्णायक बढ़त दिला दी।

इसके बाद हेवीवेट वर्ग में उतरे अनिरुद्ध गुलिया ने यूपी डोमिनेटर्स की वापसी की सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मुकाबले के शुरूआती चरण में यूपी के जसपूरण सिंह ने पुश-आउट्स के जरिए बढ़त बनाई, लेकिन दूसरे पीरियड में गुलिया ने पावर मिनट का बेहतरीन उपयोग करते हुए टेकडाउन और टर्न के संयोजन से 11-5 की शानदार जीत दर्ज की। इसी जीत के साथ हरियाणा थंडर्स की मैच जीत और अंक तालिका में शीर्ष स्थान की पुष्टि हो गई।

### हरियाणा की मजबूत शुरूआत

हरियाणा थंडर्स ने शुरूआती दो बाउट में करीबी जीत के साथ मुकाबले पर पकड़ बनाई। 76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक ने मानसी लाथर के खिलाफ 3-3 की बराबरी के बाद अंतिम अंक के आधार पर जीत हासिल की। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम ने राहुल देसवाल को 4-4 की बराबरी के बाद आखिरी क्षणों में अंक जुटाकर हरियाणा की बढ़त को मजबूत किया।

### यूपी डोमिनेटर्स की वापसी

यूपी डोमिनेटर्स ने 57 किग्रा महिला वर्ग में तपस्या गहलावत के जरिए जोरदार वापसी की। उन्होंने पावर मिनट में दबदबा बनाते हुए 10-3 की जीत दर्ज की और स्कोर अंतर कम किया। इसके बाद 65 किग्रा पुरुष वर्ग में विशाल काली रमन ने तुमुर ओचिर तुलगा को 9-6 से हराकर मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया।

### ओलंपिक चैंपियन सुसाकी का जलवा

53 किग्रा महिला वर्ग में हरियाणा की कप्तान और पूर्व ओलंपिक चैंपियन युई सुसाकी ने एंटिम पंघाल के खिलाफ अनुभव और तकनीक का शानदार प्रदर्शन करते हुए 8-3 से जीत दर्ज की और टीम को फिर से बढ़त दिलाई।

86 किग्रा पुरुष वर्ग में यूपी के मिखाइलोव वासिल ने हरियाणा के अशिरोव अशराफ को 5-3 से हराकर मुकाबला एक बार फिर 3-3 से बराबर कर दिया।

### आखिरी बाउट्स में हरियाणा का दबदबा

निर्णायक बढ़त के बाद 74 किग्रा पुरुष वर्ग में परविंदर ने अभिमन्यु मंडवाल को 8-5 से हराकर हरियाणा थंडर्स की शानदार जीत पर अंतिम मुहर लगा दी।

यूपी डोमिनेटर्स लीग चरण में दो जीत, चार अंक और 23 बाउट जीत के साथ चौथे स्थान पर रहे। उनके सेमीफाइनल में पहुंचने का फैसला अब पंजाब रॉयल्स और दिल्ली दंगल वॉरियर्स के मुकाबले के परिणाम पर निर्भर करेगा। यूपी के लिए शानदार प्रदर्शन के चलते तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया।

## भारत शिक्षा एक्सपो 2026 एवं विश्व गुरु सम्मेलन का भव्य कर्टन रेजर

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। इंडिया एक्सपोज़िशन सेंटर एंड मार्ट में आज भारत शिक्षा एक्सपो 2026 और विश्व गुरु सम्मेलन के लिए कर्टन रेजर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश और विदेश के शिक्षाविद, नीति निमार्ता, उद्योग नेता, विश्वविद्यालय और शिक्षा नवाचारकर्ता उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राकेश कुमार, चेयरमैन, IEML ने की, जबकि डॉ. जहीर खान, चेयरमैन, FOEII विशेष अतिथि रहे। इस अवसर पर FOEII ने एक्सपो के साथ औपचारिक साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत विश्व गुरु सम्मेलन का क्यूरेशन एवं नेतृत्व किया जाएगा।

डॉ. राकेश कुमार ने कहा, "शिक्षा राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला है। भारत शिक्षा एक्सपो और विश्व गुरु सम्मेलन नीति, अकादमिक जगत और व्यवहारिक क्रियान्वयन को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।"

डॉ. जहीर खान ने बताया, "NEP 2020 भारत के शिक्षा परिदृश्य को पुनर्परिभाषित कर रही है और भारत को वैश्विक स्तर पर 'विश्व गुरु' बनाने की दिशा में अग्रसर कर रही है। यह आयोजन नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने की प्रक्रिया को गति देगा।"

तीन दिवसीय कार्यक्रम 23 से 25 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें प्रदर्शनी, पैनल चचाएं, नीति संवाद और वैश्विक शैक्षणिक साझेदारियां शामिल हैं। यह मंच शिक्षकों, विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षा संस्थानों और शिक्षा नवाचारकताओं को NEP 2020 के अनुरूप शिक्षा के भविष्य को आकार देने का अवसर देगा।

## सवर्ण समाज गौतमबुद्धनगर ने यूजीसी के नए कानून के विरोध में निकाली यात्रा, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण

नोएडा। सवर्ण समाज गौतमबुद्धनगर द्वारा जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था के माध्यम से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लाए गए नए नियमों के विरोध में मंगलवार को नोएडा में विरोध यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नोएडा स्टेडियम गेट नंबर-4 से प्रारंभ होकर सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय, सेक्टर-19 पर संपन्न हुई, जहां प्रदर्शनकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट दुर्गेश कुमार को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए यूजीसी के तथाकथित काले कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की।

यात्रा के दौरान कार्यक्रम संयोजक पुष्कर शर्मा ने कहा कि यूजीसी द्वारा लाया गया यह कानून पूरी तरह छात्र विरोधी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थान वह स्थान होते हैं जहां विद्यार्थी जाति और भेदभाव से ऊपर उठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं, लेकिन इस नए कानून के कारण छात्रों के बीच आपसी विभाजन और वैमनस्य बढ़ने की आशंका है, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो सकता है।

वहीं दीपांशु शर्मा ने कहा कि यह कानून शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय छात्रों को आपस में बांटने का कार्य करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विशेष वर्गों के हित में लाया गया यह कानून छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस कानून को वापस नहीं लिया, तो स्वर्ण समाज प्रदेश भर में व्यापक और सामूहिक आंदोलन करेगा।

यात्रा के दौरान प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा व्यवस्था में समानता, समरसता और निष्पक्षता बनाए रखने की मांग की।

इस मौके पर साधना शर्मा, अनमोल सहगल, एडवोकेट अंकुश शर्मा, संदीप पाठक, राहुल शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, हैप्पी पंडित, हर्ष नंबरदार, गुन्नी पंडित, आकाश चौहान, सतेंद्र मिश्रा, विपिन चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में युवा एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

# गृह मंत्रालय के सम्मान से नवाजे गए थाना प्रभारी जय भगवान

## प्रदेश से लेकर केंद्र तक मिल चुका है सम्मान का तोहफा

**नाम नहीं काम बोलता है**

दरअसल हर विभाग में नाम नहीं काम बोलता है। इसी के तहत प्रदेश से लेकर केंद्र तक से सराहनीय कार्यों के लिए जय भगवान समय-समय पर सम्मान का तौहफा हासिल करते आ रहे हैं। जो पुलिस विभाग के लिए बड़े गर्व की बात है।



**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जनपद के थाना हीमपुर दीपा प्रभारी निरीक्षक जय भगवान को गृह मंत्रालय भारत सरकार से अति उत्कृष्ट सेवा मेडल से नवाजा गया है। पुलिस विभाग में सराहनीय सेवाओं के लिए जय भगवान को मिले सम्मान मेडल ने पुलिस विभाग का सर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

पुलिस लाइन बिजनौर में गणतंत्र दिवस परेड के भव्य समारोह के दौरान भाजपा के जिला प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने हीमपुर दीपा थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक जय भगवान को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। प्रभारी निरीक्षक को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानि किए जाने पर पुलिस विभाग में खुशी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जय भगवान ने बताया कि इससे पूर्व उन्हें 2003 में बेदाग सेवा कार्य करते हुए सराहनीय सेवा पदक, 2012 में उत्कृष्ट सेवा पदक तथा 2022 में पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा रजत पदक से नवाजा जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक वर्ष 1988 में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे। उसके बाद उन्होंने वर्ष 2003 में प्रांतीय परीक्षा पास कर मुख्य आरक्षी तथा वर्ष 2007 वर्ष में उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा पास की तथा निरीक्षक पद के तहत प्रमोशन पाया। उनकी वर्ष 2018 में निरीक्षक पद पर प्रोन्नति हुई।

# ज्वलंत समस्याओं को लेकर आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा बिजनौर द्वारा धरना प्रदर्शन के बाद भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन




**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा जनपद बिजनौर के तत्वावधान में आंगनबाड़ी एवं सहायिकाओं की ज्वलंत समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद की सैकड़ो आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने भाग लिया। संगठन की ओर से मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि विगत कई दशकों से महिला एवं बाल विकास विभाग की आधारशिला के रूप में आंगनवाड़ी वर्कर्स कार्य करते हुए पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, टीकाकरण मातृ शिशु देखभाल सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेकों योजनाओं को सफल बना रही है। इसके बावजूद भी आंगनबाड़ी को महत्वपूर्ण कालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया गया और न ही उनके वैधानिक, सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक सुविधा उपलब्ध कराई गई। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी मुख्य मांगों से संबंधित ज्ञापन सरकार को अनेक बार पूर्व में दिया जा चुका है, किंतु आज तक कोई भी सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। हमारे मुख्य मांगों में सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्रदान करना, भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेच्युटी, महंगाई भत्ता एवं सह वेतन मेडिकल अवकाश सहित सभी लाभ दिए जाएं। उत्तर प्रदेश में सेवा निवृत्ति की आयु 65 वर्ष की जाए। आंगनबाड़ी से मुख्य सेविका पद पर और सहायिका से कार्यकर्ता पद पर योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर प्रोन्नत किया जाए। पोषण ट्रैकर पर ऑनलाइन कार्य हेतु 5G मोबाइल फोन की खरीद के लिए 20000 तथा प्रतिमाह 2500 रिचार्ज हेतु दिलाया जाए। 1500 रुपए प्रोत्साहन राशि के भुगतान में व्याप्त भारी व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार को देखते हुए इसे नियमित मानदेय में तत्काल शामिल किया जाए। निजीकरण एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था पूर्णतया बंद की जाए। आंगनबाड़ी केदो पर गुणवत्ता युक्त पोषाहार उपलब्ध कराया जाए। आंगनबाड़ी कर्मचारी पर बीएलओ सहित अन्य विभागों के कार्य जबरन न थोप जाएं। एजुकेटर भर्ती को बंद कर विभागीय निरीक्षण सुपरविजन की व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए। आंगनवाड़ी वर्कर्स को टी ए/डी ए प्रदान किये जाए। आंगनवाड़ी संघों के साथ उनकी समस्याओं के समाधान एवं योजनाओं के प्रभावी संचालन हेतु नियमित सरकारी बैठकर सुनिश्चित की जाए। उक्त मांगों के संदर्भ में ज्ञापन देते हुए कहा गया है कि यदि 7 मार्च 2026 तक हमारी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विवश होकर 8 मार्च 2026 को लखनऊ की और कूच करेंगे। इस दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

ज्ञापन देने वालों में मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, वेदलता शर्मा, शीला देवी, पूनम विश्नोई, सुनीता, सुनीता पाल, बबीता शर्मा, संतोष देवी, मधु शर्मा, बबीता शर्मा, रेखा देवी, उमेश, शिवानी, सोनम, मृदुला, पूजा शर्मा एवं अन्य सैकड़ो आंगनबाड़ी शामिल रही।

# कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया




**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जिलाधिकार जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मतदाता प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ने फॉर्म-6 के संबंध में लक्ष्य के सापेक्ष अत्यंत कम प्रगति दिखाने वाले सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ए0ई0आर0ओ0) के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए आज का वेतन काटने के निर्देश दिए।

समीक्षा में पाया गया कि कई एईआरओ के क्षेत्र में फॉर्म 6 का जमा प्रतिशत 4 प्रतिशत से भी कम है, जिलाधिकारी ने विशेष रूप से इन अधिकारियों के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताई जिसमें आशीष पाल, योगेंद्र कटियार, राजेश पाल, राजेश कुमार, डॉ0 यतेंद्र सिंह, शोर्य कुमार, सुनीता दुबे, मयंक यादव, डॉ रविकांत इत्यादि प्रमुख रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी एईआरओ यह सुनिश्चित करें कि फॉर्म 6 कम से कम 15 प्रतिशत अनिवार्य रूप से जमा होना चाहिए, जिन एईआरओ का प्रदर्शन खराब है उनके अधीन कार्यरत खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए, जिलाधिकारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह बॉटम श्रेणी वाले एईआरओ की सहायता करें, ताकि फीडिंग में तेजी लाई जा सके, जिलाधिकारी ने कहा कि समय कम है, इसलिए डाटा फीडिंग की गति बढ़ाएं, हमारा उद्देश्य किसी को अनावश्यक परेशान करना नहीं है, अपितु लोगों की मदद करना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न हो।

जिलाधिकारी ने अंत में सभी अधिकारियों को सचेत किया कि मतदाता सूची का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी, उन्होंने सभी को टीम भावना से कार्य करते हुए अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता श्रेणी में लाने का लक्ष्य दिया, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पीड़ितों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर कराया ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना । विदेश भेजने के नाम पर दस लाख बयालीस हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है पीड़ितों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना को तहरीर देकर ठग के खिलाफ मुकदमे की गुहार लगाई जिसपर पुलिस ने ठग के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी को दिए गए शिकायती प्रार्थनापत्र में पीड़ित रजत कुमार पुत्र शंकर सिंह निवासी ग्राम मलकपुर सहसु ने कहा कि वह व उसके साथी बेरोजगार है प्रार्थी व प्रार्थी के साथियो को काम के लिए विदेश जाना था, जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी की मुलाकात दानिश पुत्र मौ युसुफ अंसारी मौ कलालान थाने के पीछ नगीना बिजनौर से हुई। जिसने बताया कि वह लोगो को विदेश भेजने का कार्य करता है मैंने दानिश की बात पर विश्वास करके अपने व अपने दोस्तो उस्मान पुत्र इरफान निवासी मौ बिश्नोई सराय थाना नगीना, मोबीन पुत्र मौ० उमर निवासी मौ सराय मीर थाना नगीना आशुतोष भारती पुत्र खूब सिंह निवासी ग्राम मखनपुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर व अरविन्द पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी ग्राम नगला जादन थाना स्योहारा जनपद बिजनौर के विदेश जाने के सम्बन्ध में दानिश से बात की तो उसने बताया कि वह उन्हें हंगरी में होटलो में पैकिंग का काम दिला देगा जिसका खर्च 1 आदमी का 4,50,000/- रुपए होगा। जिसमें से 2,50,000/- रुपये अभी देने होंगे व बाकी के 02 लाख रुपये वहा जाने के बाद सैलरी में से कट जायेंगे। दानिश की बात पर विश्वास करके मैंने अपने साथियो से बात की और हम सब तैयार हो गये। जिसके बाद मैने दानिश के बताये नम्बर व अपने अलग अलग बैंक खातो से कुल 10,42,100/- रुपये डाले। इसके बाद दानिश ने हमे बताया कि 22.04.25 को तुम्हे बायोमैट्रिक के लिए हंगरी एम्बेसी जाना है। जब हमने 20.04.25 को दानिश से सम्पर्क किया तो दानिश का फोन बन्द था। उसके बाद से आज तक दानिश का मोबाइल बन्द है हमने उसके घर जाकर पता किया तो उसकी पत्नी जोया ने बताया कि दानिश यहां नहीं है काफी दिनो से घर नही आया है।दानिश ने हम लोगो को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करके 10,42,100/- रुपये हडप लिये है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दानिश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज के कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बलात्कार के प्रयास के दोषी को 5 वर्ष का कारावास

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। न्यायालय ने बलात्कार के प्रयास के दोषी को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने उस पर अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना सिरसागंज क्षेत्र निवासी 11 वर्ष की बालिका को एक युवक चारपाई पर सोते से उठाकर ले गया था। मामला 30 वर्ष पूर्व 6/7 1995 की है।

युवक बालिक को उठाकर रेलवे लाइन के सहारे ले गया। वहा उसने बालिका के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया।

बालिका के विरोध करने युवक ने उसकी मारपीट की। उसे जमीन पर घसीटा। उसकी चीखपुकार सुन बालिका का पिता कई लोगो के साथ वहा पहुंचा।

उन लोगो को देख युवक धमकी देकर वहा से भाग गया। पिता ने थाने पहुंच युवक नौरतन पुत्र गिरीश चंद्र लोधी निवासी नगला हरी बेजुआ खास सिरसागंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में नौरतन के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट नवनीत कुमार गिरि की अदालत में चला।

अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र सिंह सोलंकी ने की। मुकदमे के दौरान कई गवाहो ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए।

गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने नौरतन को 376 तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम का दोषी माना। न्यायालय ने उसे पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उस पर 14 हजार रुपया अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे एक महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# अग्रवाल सम्मेलन का वार्षिक आयोजन परिवार मिलन समारोह के रुप तीर्थ नगरी गोवर्धन में किया जाएगा।

## गिर्राज जी महाराज का अभिषेक व परिक्रमा भी होगी !




**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद ! अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की मासिक बैठक का आयोजन फिरोजाबाद क्लब में आनंद मित्तल की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष अग्रवाल सम्मेलन का वार्षिक आयोजन परिवार मिलन समारोह के रूप में तीर्थ नगरी गोवर्धन में किया जाएगा जिसका संयोजक सुधीर अग्रवाल पटना को चुना गया। अग्रवाल सम्मेलन ब्रज प्रांत के उपाध्यक्ष मुकेश बंसल, प्रांतीय उपमहामंत्री किशन बिहारी गर्ग ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष देशाटन का आयोजन तीर्थ नगरी गोवर्धन में आयोजित किया गया है, जिसे परिवार मिलन समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

अध्यक्ष आनंद मित्तल, महामंत्री दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुलदीप मित्तल एडवोकेट ने बताया कि सम्मेलन के सदस्य पहली बार 21 फरवरी की शाम को गोवर्धन पहुंचकर पूजा पाठ में भाग लेंगे। 7 बजे से भजन संध्या होगी। 22 फरवरी को प्रातः काल गिर्राज जी महाराज का सामूहिक अभिषेक किया जायेगा, पूजा पाठ करके विश्व शांति की कामना की जाएगी। इसके बाद सामूहिक परिक्रमा लगाई जायेंगी। तत्पश्चात परिवार मिलन समारोह का आयोजन करके मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गोवर्धन जाने के इच्छुक अग्रबंधु मुकेश बंसल, जानकी प्रसाद गर्ग, आनंद मित्तल से संपर्क कर लें।

बैठक के प्रारंभ में अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की तस्वीर पर माल्यार्पण करके महाराजा अग्रसेन जी की सामूहिक आरती की गई। इस अवसर पर दाऊदयाल अग्रवाल एडवोकेट, हरी बाबू अग्रवाल, जानकी प्रसाद, सुरेंद्र प्रकाश अग्रवाल, राजेश बंसल, मुकेश बंसल, कुलदीप मित्तल, राकेश अग्रवाल, राजेश बंसल, संतोष टेल्को, अरुण मित्तल, सुनील अग्रवाल, दीनानाथ, सुनील बंसल, सुधीर गर्ग, देवप्रकाश अग्रवाल, सुधीर बंसल, अजय जिंदल, अनिल पल, अतुल अग्रवाल, सुभाष बंसल आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन महामंत्री दिनेश अग्रवाल ने किया। जन गण मन के गायन और गणतंत्र दिवस की बधाई के साथ बैठक का समापन हुआ।

# रेस्टोरेंट चालक की खुलेआम गुंडागर्दी, ग्राहकों पर जानलेवा हमला: खौलती सांभर, लाठी-डंडों और बर्तनों से की गई पिटाई, वीडियो वायरल



**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र स्थित कृष्णा फूड कॉर्नर में रेस्टोरेंट संचालक और स्टाफ की दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रेस्ट्रोरेंट में खाना खाने आए ग्राहकों के साथ मामूली बात को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। बताया गया कि मैनेजर और ग्राहकों के बीच कहासुनी के बाद ग्राहक बिल का भुगतान कर अपनी गाड़ी से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रेस्टोरेंट स्वामी ने स्टाफ के साथ मिलकर उन्हें रोक लिया और लाठी, चमचा, कछला, खौलती सांभर और अन्य बर्तनों से बेरहमी से हमला कर दिया।

इस हमले में दो ग्राहकों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे शहर में आक्रोश का माहौल है।

सूचना मिलते ही थाना दक्षिण पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रेस्टोरेंट स्टाफ और ग्राहकों दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच इंस्पेक्टर योगेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में की जा रही है। उनका कहना है कि दोनों पक्षों से दो-दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। दो लोग मामूली रूप से चोटिल थे। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कांवड़ यात्रा मार्गो का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। आगामी कावड यात्रा को लेकर प्रशासन संपर्क, उप जिलाधिकारी विजय शंकर मिश्रा ने पुलिस से संबंधित विभागों के कर्मचारियों



को साथ लेकर क्षेत्रान्तर्गत कांवड़ यात्रा मार्गो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम आगामी विजय शंकर मिश्रा ने पुलिस क्षेत्राधिकार अंजनी कुमार, थाना प्रभारी अवनीश मान, नगर पालिका के हेड क्लर्क इफ्तिखार जेदी, के संघ बुधवार की देर शाम बढ़ापुर रायपुर तिहारी बाईपास से लेकर नगर क्षेत्र के श्री कृष्ण गौशाला सैयदवाडा, पहाड़ी दरवाजा बाजार, साहुवान बाजार, खोखरन्नाथ जी मंदिर, जामा मस्जिद चौक, बारादरी बाजार, श्री मुक्तेश्वर नाथ जी मंदिर, मोहल्ला बिश्नोई सराय, तक कावड़ मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कावड मार्गो में हो रहे गहरे गहरे को गड्ढो को तत्काल मरम्मत करने मार्गो पर विशेष सफाई और लाइट व्यवस्था कराई जाने के शक्त निद्रेश दिए। एसडीम विजय शंकर मिश्रा ने कहां के शिव भक्त कावड़ियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए उन्होंने पुलिस क्षेत्र अधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी थाना प्रभारी अवनीश मान को शिव भक्त कांवरियों की सुरक्षा हेतु कावड़ मार्गो पर पुलिस टीम की ड्यूटी लगाने ओर गस्त बढ़ाने को कहा, साथ ही आगामी धार्मिक त्योहारों के दृष्टिगत रखते सतर्कता बर्तने को कहा।

# रस के कढ़ाव में गिरकर झुलसे कारीगर की उपचार के दौरान ऋषिकेश के एम्स में मौत

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर। क्षेत्र के गांव तालमपुर में करीब एक माह पूर्व गन्ना पावर कोल्हू में रस पकाते समय रस के कढ़ा में गिरकर झुलसे एक कारीगर की उपचार के दौरान ऋषिकेश के एम्स में मौत हो गई। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव तालमपुर निवासी 25 वर्षीय रूकुल सैनी पुत्र कुंवर सिंह गांव के ही जोगेंद्र सैनी के गन्ना पावर कोल्हू में रस पकाने के कारीगर के रूप में काम करता था। करीब एक माह पूर्व रस पकाने के दौरान कढ़ा में गिरकर बुरी तरह से झुलस गया था। उसे उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे एक छोटी बच्ची और गर्भवती पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया है।



# भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ ने संचार मंत्री के नाम अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। भारतीय ग्रामीण डाककर्मचारी संघ बिजनौर द्वारा संचार



मंत्री भारत सरकार को प्रेषित ज्ञापन डाक अधीक्षक को बुधवार को विभिन्न मांगो को लेकर एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें ग्रामीण डाक सेवकों को आठवें वेतन आयोग में शामिल करना, जीडीएस कर्मचारियों के उत्पीड़न को रोकना, देशभर के शाखा डाकघरों के स्थानांतरण को रोकने का अनुरोध आदि मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन में देवेंद्र दत्त शर्मा, विनोद चौहान, भूदेव सिंह, सिमरन चौधरी, लाल सिंह आदि डाक कर्मचारी शामिल रहे।

# टीएमयू में अपने संविधान को जानो पर क्विज प्रतियोगिता में भारत टीम विजेता

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के फ्री थिंकर्स क्लब की ओर से अपने संविधान को जानो पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में टीम भारत के संजीव पाल और शिवम विजेता रहे। टीम इंडिया के संयम जैन और पारस जैन को द्वितीय, जबकि टीम हिंदुस्तान के अनूप कुमार, रेशु शर्मा और कृष्णा वार्ष्णेय तृतीय स्थान पर रहे। इससे पूर्व फैकल्टी




ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष प्रो. शंभु भारद्वाज, एडिशनल एचओडी डॉ. रूपल गुप्ता, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के फ्री थिंकर्स क्लब की कोऑर्डिनेटर डॉ. इंदु त्रिपाठी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। डीन प्रो. द्विवेदी बोले, क्विज प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्टुडेंट्स में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, राष्ट्रप्रेम एवम् नागरिक चेतना की भावना को सुदृढ़ करना है। प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण में कुल 18 टीमों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद पांच टीमें- इंडिया, भारत, हिंदुस्तान, भारतवर्ष और आर्यावर्त का चयन फाइनल राउंड के लिए हुआ। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स की विभागाध्यक्षा डॉ. अलका वर्मा, सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष सिमाल्टी, सीआरसी हेड डॉ. संकल्प गोयल, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. पराग अग्रवाल, डॉ. संदीप वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स अंशिका कक्कड़ और कुमारी प्रियांशी ने किया।

# टीएमयू मोबाइल डेंटल वैन अब पहुंचेगी आपके द्वार, कुलाधिपति ने किया शुभारंभ




**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से नई अत्याधुनिक मोबाइल डेंटल वैन जनता को समर्पित की। यह वैन मुहल्लों और गांव-गांव आपके द्वार पहुंचेगी। इस मोबाइल डेंटल वैन का कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने जिनालय के सामने फीता काटकर भव्य शुभारम्भ किया। इस सुअवसर पर ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन के संग-संग वीसी प्रो. वीके जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। उद्घाटन से पूर्व श्रीमती ऋचा जैन ने मोबाइल डेंटल वैन की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। अंत में हरी झंडी दिखाकर जनसेवा के लिए रवाना किया। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन उम्मीद जताई, यह मोबाइल डेंटल वैन सेवा विशेष रूप से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए वरदान सिद्ध होगी। इस मोबाइल डेंटल वैन में दी जाने वाली सभी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क हैं। जीवीसी श्री मनीष जैन कहते हैं, इस मोबाइल डेंटल वैन के माध्यम से उन दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा, जो किसी कारणवश अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं। अब सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मरीजों की दंत जांच, प्राथमिक उपचार, आवश्यक दंत चिकित्सा सेवाएं गांव में ही मिल सकेंगी। ईडी श्री अक्षत जैन बताते हैं, यह मोबाइल डेंटल वैन पूर्णतः सुसज्जित चलता-फिरता डेंटल क्लिनिक है, जिसमें दो आधुनिक डेंटल चेयर हैं। साथ ही वैन में उच्च गुणवत्ता वाली कंपनी का कंप्रेशर, फूल्ली वेल-इक्विप्ड डिजिटल एक्स-रे यूनिट, इंट्रा ओरल स्कैनर, आवश्यक डेंटल उपकरण, आधुनिक सुविधाएं हैं। ये डेंटल वैन पूर्णतः वातानुकूलित है। वैन में मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों के कंफर्ट का भी पूरा ध्यान रखा गया है। वैन के बाहरी तरफ एक टीवी लगा है, जिससे चलचित्र के माध्यम से मरीजों को जागरूक किया जा सके। इस वैन में इंडिपेंडेंट पावर सप्लाई की सुविधा भी दी गई है। यह मोबाइल डेंटल वैन समाज में दंत स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के साथ-साथ लोगों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर डेंटल कॉलेज की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन, डेंटल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. प्रदीप तांगड़े, उप-प्रधानाचार्या डॉ. अंकिता जैन, डॉ. विकास सिंह, डॉ. अभिनय अग्रवाल, डॉ. डीएस गुप्ता, डॉ. शलभ मेहरोत्रा, डॉ. राजीव पाठक के संग-संग पीजी स्टुडेंट्स- डॉ. हर्षित जैन, डॉ. तूलिका सक्सेना, डॉ. स्वयं सौरभ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# रासेयो स्वयं सेवको द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**




शामली। शहर के आरके पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय एवं तृतीय इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता को लेकर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। शिविर की मुख्य थीम नशा मुक्ति अभियान रही। शिविर का शुभारंभ प्रातः प्राचार्य प्रो. लोकेश मालिक ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना को समाज सेवा, अनुशासन, नेतृत्व तथा राष्ट्र निर्माण की भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम बताया। साथ ही नशा-मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए स्वयंसेवकों से सामाजिक अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में एनएसएस द्वितीय एवं तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीतम सिंह एवं गायत्री त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। द्वितीय सत्र में द्वितीय इकाई द्वारा चयनित ग्राम टिटौली तथा तृतीय इकाई द्वारा चयनित ग्राम मुंडेट खुर्द में नशा मुक्ति जागरूकता रैली, निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर प्रदर्शनी एवं नशा मुक्ति शपथ कायक्रम आयोजित किए गए। स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों एवं उपस्थित लोगों को नशा न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रो. आरपी सिंह, श्रीकांत वार्ष्णेय, डॉ. एसके पांडेय, डॉ. अजय कुमार, शमशाद, सेठपाल आदि मौजूद रहे।

# सर्व कामना सिद्ध संकट मोचन महायज्ञ का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। शनिवार को शहर के काका नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्रीरामदूत हनुमान सेवा समिति द्वारा भीष्मा द्वादशी के अवसर पर सर्व कामना सिद्ध संकट मोचन महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे सैकडों श्रद्धालुओं ने आहुति प्रदान कर धर्मलाभ उठाया। शनिवार को यज्ञ का आरंभ सवेरे 8 बजे किया गया, जो शाम 5 बजे तक चला। यज्ञाचार्य पंडित संजय शास्त्री ने यज्ञ संपन्न कराया। उन्होने बताया कि त्रेता युग में राजा दशरथ संतान प्राप्ति के लिए ऋषि वशिष्ठ पास पहुंचे और बोले के सूर्यवंशी को पुत्रवान करो। तब गुरू वशिष्ठ ने श्रृंगी ऋषि के माध्यम से पुत्र कामेष्ठि यज्ञ कराया। पूर्णाआहुति के बाद अग्नि देव चरू लेकर प्रकट हुए। वह चरू दशरथ जी ने तीनों रानियों को बराबर बराबर बांट दी। इसके फल स्वरूप तीनों रानियों के यहा चार पुत्रों का जन्म हुआ। रानी कौशल्या के राम आये, रानी सुमित्रा के लक्षण, शत्रुघन आये, रानी कैकेयी के भरत आये। यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। इस अवसर पर मोहित, शुभम, शिखा, संदीप, मानवेन्द्र, हरेन्द्र, पारूल, सिया, वंदना, श्वाती, पेरणा, रीना, अंजलि आदि मौजूद रहे।

## तकनीकी कार्यशाला में छात्र छात्राओं को दिया विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में आयोजित तकनीकी कार्यशाला के द्वितीय दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। स्कूल डायरेक्टर भारत संगल ने कहा कि जो हम देखते हैं, उसे भूल जाते हैं, लेकिन जो हम स्वयं बनाते हैं, उसे पूरी तरह समझ पाते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में हरिद्वार की तकनीकी फाउंडेशन ऑफ इंडिया की आठ सदस्यीय इंजीनियर टीम इंजीनियर गरिमा, भावना, जाह्नवी, उमा, हिमांशी, सूरज , वंश एवं विपिनकृने कक्षा 5 के विद्यार्थियों को फोम शीट, पेपर, कप, बॉल एवं स्ट्रॉ की सहायता से हिंज तथा बॉल एंड सॉकेट जोड़ के कार्यशील मॉडल बनवाए। इस दौरान विद्यार्थियों को मानव भुजा के विभिन्न जोड़ों के बारे में जानकारी दी गई। इंजीनियरों ने बताया कि हिंज जोड़ एक सामान्य सायनोवियल जोड़ होता है, जिसमें टखना, कोहनी और घुटनों के जोड़ शामिल हैं, जबकि बॉल एंड सॉकेट जोड़ हड्डियों को कई दिशाओं में गति करने में सक्षम बनाता है। इसी क्रम में कक्षा 4 के विद्यार्थियों को बैलून, टी-शेप कनेक्टर, प्लास्टिक स्ट्रॉ, बॉटमलेस बोतल एवं फोम की सहायता से श्वसन प्रणाली का कार्यशील मॉडल तैयार कराया गया। बताया कि फेफड़े मानव शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग हैं, जो ऑक्सीजन ग्रहण कर कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालने का कार्य करते हैं और मानव जीवन इन्हीं पर निर्भर है।

प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने कहा कि विद्यालय में प्रत्येक वर्ष इस प्रकार की वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ तकनीकी कौशल का भी विकास हो सके।

# प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन के आवास पर चार दिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग पर देहात क्षेत्र से प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन के आवास पर चार दिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। गुरुवार को कैंप का प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन ने फीता काटकर किया।मेडिकल कैंप में क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। कैंप में सामान्य रोग, बुखार, ब्लड प्रेशर, शुगर, जोड़ों के दर्द सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई।जांच के उपरांत मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।कैंप में डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों को परामर्श दिया गया। जांच कर उन्हें निशुल्क दवाई वितरित की गई।जरूरतमंद लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कैंप गरीब व मजदूर वर्ग के लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं।इस दौरान प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन ने कहा, क्षेत्र की जनता की सेवा करना ही हमारा उद्देश्य है। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए यह निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया है,ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर इलाज और दवाइयां मिल सकें। आगे भी इस तरह के जनसेवा के कार्य लगातार किए जाते रहेंगे।कैंप के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता, क्षेत्रीय लोग एवं समर्थक भी मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

# विवाहिता ने लगाया ससुरालयों पर मारपीट व हत्या के प्रयास का आरोप, एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बा निवासी एक विवाहित महिला ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट, मानसिक उत्पीड़न, कपड़े फाड़ने और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर एसपी शामली के आदेश से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।पीड़िता ने एसपी शामली एन.पी. सिंह को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 22 सितंबर 2023 को राहुल कुमार पुत्र देशपाल, निवासी ग्राम खेड़ा गदाई, थानाभवन के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन इसके बाद पति और ससुराल पक्ष के लोग कार की मांग करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह मायके में रह रही थी। पीड़िता का कहना है कि 6 नवंबर 2025 को जब वह अपने मायके में थी, तभी उसका पति राहुल, ससुर देशपाल समेत बलेश, संदीप, बबीता, गौतम, रिया, जितेंद्र, मिथिलेश, विपिन व एक अन्य संदीप वहां पहुंचे और आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने एकराय होकर उसके गले में दुपट्टा डालकर हत्या का प्रयास किया तथा उसके कपड़े भी फाड़ दिए।

घटना की शिकायत उसने थाने में की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में एसपी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच व तलाश शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया जल्दी जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# स्वर्ण समाज से जुड़े लोगों ने किया यूजीसी कानून का विरोध

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) गुरुवार को स्वर्ण समाज से जुड़े लोगों ने यूसीजी कानून के विरोध में कलक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए उच्च शिक्षा में सामान्य वर्ग के छात्रों से जुड़े व्यावहारिक असंतुलन के समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान प्रवेश एवं चयन प्रणाली में सामान्य वर्ग के छात्रों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समान परीक्षा प्रणाली होने के बावजूद सामान्य वर्ग के लिए अपेक्षाकृत अधिक कटऑफ निर्धारित किया जाता है। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति एवं अन्य शैक्षणिक सहायता सीमित है, जिससे उच्च शिक्षा के अवसरों में असंतुलन पैदा हो रहा है। स्वर्ण समाज के लोगों ने यूसीजी कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही स्पष्ट किया कि उनका विरोध किसी वर्ग, समुदाय या व्यवस्था के खिलाफ नहीं है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में योग्यता, आर्थिक स्थिति और समान अवसरों के बीच संतुलन स्थापित करना ही उनका उद्देश्य है, ताकि देश को एक सशक्त भविष्य मिल सके। प्रशासन से मांग की कि उक्त विषयों पर संज्ञान लेते हुए उचित स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इससे पूर्व धरने पर बैठे वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार यूसीजी लाकर स्वर्ण समाज का उत्पीडन करना चाहती है, जिसको बर्दाशत नही किया जायेगा। उन्होने एक स्वर में यूसीजी बिल वापस न लेने पर आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर शेर सिंह राणा, ओम प्रकाश शर्मा, ठाकुर लाखन सिंह, योगेश भारद्वाज, विक्रांत भार्गव, दिनेश शर्मा, अविनाश भारद्वाज, महेन्द्र शर्मा, सचिन शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, संजय कौशिक, सुभाषचंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

**इनसेट-**

शामली। गुरूवार को शामली कलक्ट्रेट में आयोजित स्वर्ण समाज के धरने प्रदर्शन के दौरान उस समय हंगामा खडा हों गया, जब भाजपा समर्पित कुछ लोगों सरकार का विरोध करने पर हंगामा किया। उन्होने मोदी योगी का विरोध करने पर नाराजगी जाहिर की, जिस पर वहां मौजूद लोग दो गुटों में बट गए थे। हालाकि गणमान्य लोगों ने बीच बचाव करते हुए कहा कि यहां किसी पार्टी का नही बल्कि यूसीजी बिल का विरोध हो रहा है। जिसके बाद मामला शांत हो सका।



# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गुरुवार को दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकताओं व सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने डीएम माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि आंगन बाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं पिछले कई दशकों से महिला एवं बाल विकास विभाग की आधार शिला के रूप में पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, टीकाकरण, मातृ-शिशु देख भाल सहित केंद्र व राज्य सरकार कीअनेक योजनाओं के क्रियान्वयन



में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद उन्हें आज तक न तो पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया गया है और न ही वैधानिक सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मान जनक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा ने कहा कि उनकी मांगों से संबंधित ज्ञापन पूर्व में कई बार सरकार को सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस व सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। जनवरी माह में प्रस्तावित आंदोलन की पूर्व सूचना भी प्रशासन को दी गई थी, इसके बावजूद सरकार की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। ज्ञापन के माध्यम से प्रमुख मांगों में आंगनबाड़ी कार्यकताओं को पूर्ण कालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए वेतनमान, भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेच्युटी, महंगाई भत्ता एवं सवेतन मेडिकल अवकाश जैसी सुविधाएं प्रदान करने, सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने, पदोन्नति प्रक्रिया को योग्यता व वरिष्ठता के आधार पर नियमित व समयबद्ध बनाने, पोषण ट्रैकर के लिए मोबाइल फोन व डाटा भत्ता उपलब्ध कराने, प्रोत्साहन राशि को मानदेय में शामिल करने तथा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों के निजीकरण व आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने, गुण वत्तायुक्त पोषाहार की स्थायी व्यवस्था करने, बीएलओ सहित अन्य विभागीय कार्य जबरन न थोपने, मनमानी मानदेय कटौती व उत्पीड़न पर रोक लगाने तथा राज नीतिक कार्यक्रमों में जबरन उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी की गई। आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि 7 मार्च तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो 8 मार्च को आंगन बाड़ी कार्यकर्ता लखनऊ कूच करने को विवश होंगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस अवसर पर पूनम, मिथलेश, रूपा, संगीता, मंजू, सुमन, सुनीता, कुसुम, गीता, ऊषा आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया गया अपना घर आश्रम का 11 वा स्थापना दिवस

**समाज जागरण**

शामली। गुरूवार को अपना घर आश्रम का 11वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी, धार्मिक संतों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आश्रम की सेवाओं की सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं आश्रम के संस्थापक संरक्षक राजेश्वर बंसल ने कहा कि अपना घर आश्रम की शुरूआत भरतपुर से हुई थी, जहां डॉक्टर माधुरी एवं उनके पति भारद्वाज द्वारा प्रभु जनों की सेवा का




कार्य प्रारंभ किया गया। उसी प्रेरणा से समाजसेवियों के सहयोग से शामली में भी अपना घर आश्रम की स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि अब तक आश्रम में 1091 प्रभु जनों का उपचार किया जा चुका है, जिनमें से 463 प्रभु जनों को उनके बिछड़े हुए परिजनों से मिलाया गया। वर्तमान में आश्रम में 128 पुरुष प्रभु जनों एवं 70 महिला प्रभु जनों के लिए बेड की सुविधा उपलब्ध है, जहां उनके रहने, खाने-पीने एवं उपचार की समुचित व्यवस्था है। अब तक 385 पुरुष एवं 78 महिला प्रभु जन पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर अपने परिवारों के पास लौट चुके हैं। भविष्य में आश्रम को 400 बेड का बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पूर्व आईजी विजय गर्ग ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। वहीं पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस ने अपना घर आश्रम को मानव सेवा का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि यहां सच्चे मन से प्रभु जनों की सेवा की जाती है, जो वास्तव में सराहनीय है। इस दौरान आश्रम में सेवा देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर चेयरमैन अरविन्द संगल, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, दंडी स्वामी ललितानंद, प्रियंका मित्तल, सलिल द्विवेदी, नरेंद्र मित्तल, अशोक गर्ग, विजय कौशिक, कुलदीप पंवार, पवन तरार, मुकेश संगल, राजवीर मुंडेट, कदम सिंह, आलोक जैन, हेमलाल गर्ग, रोबिन गर्ग, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# डीएम एसपी ने किया कैराना तहसील का निरीक्षण

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप के साथ तहसील कैराना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय एवं अन्य तहसील कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय डीएम ने एसडीएम न्यायालय में पुराने वादों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तहसीलदार कैराना से वसूली की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर लंबित वसूली की कार्रवाई को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने रजिस्ट्रार कार्यालय में खतौनी के अमल-दरामद से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। इसके अलावा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की सुनवाई के लिए तहसील में आए अपीलार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। डीएम ने तहसील परिसर में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया, जो संतोषजनक पाई गईं। इस अवसर पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान, नायब तहसीलदार सतीश यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नालों की सफाई न होने से बिजली घर मार्ग कीचड़ से लबालब, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



देहात क्षेत्र के बिजली घर मार्ग पर नालों की नियमित सफाई न होने के कारण भारी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर पानी और कीचड़ फैल जाने से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लंबे समय से समस्या झेल रहे मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने गुरुवार को हंगामा व प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से निस्तारण की मांग की है।प्रदर्शन में शामिल सालिम, सोयब, मोनू, आरिफ, प्रवेज, नसीम, नफैदीन, मामूदीन, कालू, नदीम, सोहेल सहित अन्य लोगों ने बताया कि क्षेत्र के नालों की सफाई लंबे समय से नहीं कराई गई है। इसके चलते मामूली बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है। दो दिन पूर्व हुई बरसात के बाद सड़क पर गंदा पानी और कीचड़ फैल गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि कीचड़ और जलभराव के कारण स्कूली बच्चों को भी गंदगी के बीच होकर स्कूल जाना पड़ रहा है, जिससे हादसे और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायत करने के बावजूद ग्राम प्रधान और विकासखंड स्तर के अधिकारी समस्या के समाधान को तैयार नहीं हैं।आक्रोशित लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नालों की सफाई कराकर जल भराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। अंत में सभी ग्रामीणों ने जिलाधिकारी शामली से शिकायत कर बिजली घर मार्ग पर नालों की सफाई कराने और सड़क को जलभराव से मुक्त कराने की मांग की है।

# देशराज शर्मा ने यूसीजी के विरोध में छोड़ी पार्टी

**समाज जागरण शामली।**

ब्राह्मण सभा की एक बैठक गुरूवार को हीरालाल मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन ओमपाल शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में यूजीसी कानून के विरोध पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि यूजीसी कानून के विरोध में डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके लिए सर्वसम्मति से 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे का समय निर्धारित किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए देशराज शर्मा ने अपने पद से त्यागपत्र देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वे वर्ष 1990 से पार्टी की सेवा करते आ रहे हैं, लेकिन वर्तमान में भाजपा द्वारा लिया गया निर्णय समाज के हित में नहीं है, जिसका वह विरोध कर रहे हैं। बैठक में सोनू शर्मा, नकली सिंह शर्मा, मोंटी, विकास, गोवर्धन, परवीन मौजूद रहे।

# बाइक और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर टीचर सहित तीन घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के खंद्रावली चौकी के समीप स्कूटी और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। दोनो वनों की टक्कर में स्कूल के टीचर सहित दो युवक घायल हो गए 108 एंबुलेंस ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान निवासी संजो पुत्री रामचंद्र कैराना क्षेत्र के गांव अलीपुर में सरकारी स्कूल में टीचर है। छुट्टी के बाद टीचर अपनी स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव आ रही थी जैसे ही वह थाना क्षेत्र के खंद्रावली चौकी के समीप पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रहे हैं बाइक सवार गांव लिलोन निवासी बादल व निखिल की बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर में बाइक सवार दोनों युवक एवं स्कूटी पर सवार टीचर घायल हो गई। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

# घने कोहरे के चलते दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत

### -दोनों कारों के चालक मामूली रूप से घायल

**समाज जागरण कांधला**

कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर घने कोहरे के चलते दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। कारों की भिड़ंत में दोनों कार चालक मामूली रूप से घायल हो गए। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।



कस्बे के रेल मंडी निवासी अजय गुरुवार को अपनी वेगनआर कार में सवार होकर दिल्ली बस स्टैंड की ओर जा रहा था। इसी बीच शामली की ओर से अपनी बलेनो कार में सवार होकर आ रहे जनपद बागपत के गांव हेवा निवासी अंकुर की कार से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। घने कोहरे के चलते हुई कारों की भिड़ंत में दोनों कारों के चालक मामूली रूप से घायल हो गए। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर

# बाहिर मैल न धोइए........ मन का मैल विचार

### अपने ही विकास को तरस रहा है विकास भवन...

**समाज जागरण बागपत।**
कबीरदास का दोहा है "बाहिर मैल न धोइए, मन का मैल विचार" जिसक अर्थ है कि केवल शरीर या बाहर की गंदगी धो लेना ही पर्याप्त नहीं है। असली गंदगी मन में बैठी होती हैं। यही हाल विकास भवन का है जो जिले के मैल धोने का वारिस बन रहा है वह अपने ही घर में सफाई के नाम पर लावारिस है। हालात इतने खराब है कि 20 से ज्यादा महिला अधिकारी और कर्मचारी विकास भवन की बिल्डिंग में शौचालय का इस्तेमाल कर नहीं पा रही है। जिसका कारण विकास भवन गंदगी है। बता दें कि विकास भवन जहां से स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजना संचालित होती हो, वहां खुद इतनी लापरवाही है कि 3 मंजिला बिल्डिंग में बने दर्जनों शौचालयों की हालत बेहद खराब है। हालात इतने खराब है कि आस पास के विभागों में बदबू के कारण आधिकारियों और कर्मचारियों को मुंह ढक कर बैठना पड़ता है। तीन महिला कर्मचारियों ने नाम ने बताने की शर्त पर बताया कि



विकास भवन के फर्स्ट फ्लोर पर महिला शौचालय पर एक विभाग ने अपना ताला लगा दिया है। क्योंकि वहां पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अपना निजी सफाई कर्मचारी लगा रखा है। जिसके कारण उन्हें गंदगी भरे शौचालय का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। इसके अलावा उसी फ्लोर पर दूसरे शौचालयों पर कुत्तों लगातार शौच कर रहे हैं। इसके बावजूद कोई सफाईकर्मी कोई अता पता नहीं है। विकास भवन के अधिकारियों का कहना है कि वही अपने निजी खर्च से कई बार सफाई करा चुके हैं। वहीं आरोप यह भी है कि जिला पंचायत राज विभाग के सफाई कर्मचारी उच्च अधिकारियों के निजी कामों में लगे हुए हैं। जबकि एक भी अधिकारी विकास भवन में नहीं लगा है।

**डीएम के निरीक्षण की सूचना पर ही थी अन्तिम बार सफाई**

जानकारी के अनुसार पिछले माह विकास भवन में में डीएम अस्मिता के निरीक्षण का दौरा था। तब विकास भवन की साफ सफाई की गई थी। मगर डीएम अस्मिता लाल ने निरीक्षण नहीं किया, उस समय तो साफ सफाई हुई थी, मगर उसके बाद न तो कोई साफ सफाई की गई उल्टा महिला शौचलय में ताले लगा दिए

# बली गाँव में लगाये गए स्वास्थ्य जांच शिविर में इलाज कराने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

**समाज जागरण बागपत।**
ग्राम बली में प्रदीप बली (केपीएस) के निवास स्थान पर डॉ लाल पैथलैब्स नियर वात्सायन पैलेस मेरठ रोड बागपत की ओर से एक विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को बहुत ही कम रेट में उच्च गुणवत्ता वाली रक्त एवं मूत्र जाँच सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिससे क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी स्वास्थ्य जाँच कराकर समय रहते बीमारियों की पहचान करवाई। इस स्वास्थ्य शिविर का सफल संचालन हर्ष भारद्वाज एवं विकास के कुशल नेतृत्व एवं सहयोग से किया गया। शिविर के दौरान ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, लिपिड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, थायराइड, विटामिन प्रोफाइल एवं यूरिन जाँच सहित कई




महत्वपूर्ण टेस्ट रियायती दरों पर किए गए।शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा नियमित जाँच कराने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने इस जनहितकारी पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए प्रदीप बली (केपीएस), हर्ष भारद्वाज, विकास जी एवं डॉ लाल पैथलैब्स टीम का हार्दिक धन्यवाद किया। यह स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने की दिशा में एक सराहनीय कदम सिद्ध हुआ।

# बागपत कलेक्ट्रेट में सामर्थ्य कैफे ने सुविधाओं और संवेदनशीलता को दिया

### सामर्थ्य कैफे से कलेक्ट्रेट आने वालों को मिला सस्ता खानपान विकल्प दिव्यांग राजकुमार की मेहनत से बागपत कलेक्ट्रेट में आत्मनिर्भरता साकार हुई

**समाज जागरण बागपत।**
जनपद का कलेक्ट्रेट अब केवल प्रशासनिक कार्यों का केंद्र ही नहीं, बल्कि सुविधाओं और सामाजिक सरोकारों का भी उदाहरण बनता जा रहा है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सामर्थ्य कैफे ने आमजन, कर्मचारियों और फरियादियों को एक नई और उपयोगी सुविधा प्रदान की है। कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन किसानों, अधिवक्ताओं, फरियादियों और अधिकारियों की बड़ी आवाजाही रहती है। लंबे समय से यहां व्यवस्थित खानपान सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी जरूरत को समझते हुए सामर्थ्य कैफे की स्थापना की गई, जिसका संचालन दिव्यांग राजकुमार कर रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद राजकुमार ने यह सिद्ध कर दिया कि अवसर मिलने पर आत्मनिर्भरता



साकार हो सकती है। उद्घाटन के एक सप्ताह के भीतर कैफे से लगभग 15 हजार रुपये की आय होना इसकी स्वीकार्यता को दशार्ता है। कैफे में चाय, पकौड़ी, डोसा, सैंडविच, मिठाइयां, दूध, ब्रेड और अन्य बेकरी उत्पाद किफायती दरों पर उपलब्ध हैं। स्वच्छता, गुणवत्ता और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। बैठने की उचित व्यवस्था और शांत वातावरण के कारण यह स्थान कलेक्ट्रेट आने वालों के लिए सुकून भरा पड़ाव बन गया है। इस कैफे का उद्घाटन 21 जनवरी को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और राज्यमंत्री केपी मलिक द्वारा किया गया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समावेशन की प्रेरक मिसाल बताया। सामर्थ्य कैफे आज बागपत कलेक्ट्रेट की पहचान का एक सकारात्मक प्रतीक बनता जा रहा है।

# हिंडन बचाओ यात्रा का सरूरपुर कला गांव में हुआ भव्य स्वागत

**समाज जागरण बागपत।**

हिंडन बचाओ यात्रा का सरूरपुर कला गांव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। हिंडन बचाओ यात्रा सहारनपुर से चलकर दिल्ली में पहुंचेगी।आज यात्रा सरूरपुर कला गांव में पहुंची, जहां प्रमुख पर्यावरण विद् संजय राणा कृष्णपाल डोला प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता पर्यावरण विद् देशवीर नैन अमरदीप नैन सुभाष नैन ऋषि नैन जितेंद्र कुमार सुधीर नैन आदि ग्राम वासियों ने नितिन स्वामी शेखर एवं उनके साथियों का जोरदार स्वागत किया। संजय राणा ने बताया कि हम सबको मिलकर नदियों को अविरल एवं निर्मल बनाने के लिए आगे आना होगा। व्यवस्थाओं एवं समाज को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने बताया कि जब नदिया मरती है तो सभ्यता विलुप्त होती है, इसलिए हम सबको गंभीरता से सोचना पड़ेगा। देशवीर नैन ने बताया



की नदियों ने हमें सभ्यता दी, खान-पान दिया, भाषा दी, व्यापार दिया, हमने नदियों को दूषित एवं गंदा किया, क्या यही हमारी नदियों के प्रति जिम्मेदारी है, हम सबको नदियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी तभी आने वाली पीढ़ियों का जीवन स्वस्थ एवं खुशहाल रह पाएगा। अमरदीप नैन ने बताया की हम सब नदियों को मां कहते हैं लेकिन मां के प्रति जिम्मेदारी नहीं निभाते नदियों से हमें जीवन मिला है, इसलिए हमें नदियों को अविरल एवं निर्मल बनाने के लिए मिलकर आगे कदम बढ़ाना होगा। उत्तर प्रदेश के नैन खाप प्रभारी सुभाष नैन ने कहा कि आज नदियों का पानी खराब होने से कैंसर जैसी भयानक बीमारियां फैल रही है हम सबको मिलकर यह लड़ाई लड़नी होगी।

# सहदेव माली की स्मृति में तहरी भोज

### प्रेस क्लब में पत्रकारों का जमावडा


**समाज जागरण**
लखनऊ। यू०पी० प्रेस क्लब और यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा पत्रकार स्व० सहदेव माली की स्मृति में प्रेस क्लब में आयोजित तहरी भोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर



शरण सिंह , मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद , समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप , सपा के प्रदेश सचिव दीपक रंजन ,राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे , पूर्व राज्यसभा सदस्य अरविंद सिंह, मुकेश सिंह अध्यक्ष यूपी कोऑर्डिनेशन कमिटी इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स , उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अंशु अवस्थी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मुकेश सिंह चौहान, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत ,यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, महामंत्री देवराज सिंह ,लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिव शरण सिंह , यू०पी० प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र सिंह पत्रकार एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# केटी स्टेडियम में आज से शुभारम्भ होगा कबड्डी सीजन 2

**समाज जागरण**
बागपत। खेकड़ा क्षेत्र के मुबारिकपुर गांव स्थित केटी स्टेडियम में शुरू हो रहे तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के सीजन दो महाकुंभ का आज आगाज होगा । जिसमें विजेता ओर उपविजेता टीम को पांच लाख तक का ईनाम दिए जायेंगे। खेकड़ा क्षेत्र के मुबारिकपुर गांव स्थित केटी स्टेडियम में शुक्रवार से कबड्डी सीजन 2 शुभारम्भ हो रहा है। जिसके लिए स्टेडियम ने सभी तैयारियां पूर्ण रूप से कर ली गई है। गुरुवार को केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी ने बताया कि सात स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता में नाकआउट के स्थान पर पुल मैच कराए जायेंगे। बालकों की टीम को चार पुल में बाटा गया है। प्रतियोगिता में बालको की पचास टीम ओर बालिकाओं की दस टीम हिस्सा ले



रही है। सभी टीमें अलग अलग ड्रेस में खेलेंगी। टीमों को ड्रेस केटी विंग द्वारा ही दी जायेगी। विजेता टीमों को एक लाख इक्कीस हजार ओर उपविजेता टीमों को 51 हजार रुपए दिए जायेंगे। इसके साथ ही बालक बालिकाओं में बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर ओर बेस्ट खिलाड़ी को पांच पांच हजार रुपए दिए जायेंगे। वही बालक बालिकाओं की टीम से एक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जायेगा। जिसको ग्यारह हजार रुपए ओर एक ट्रॉफी दी जायेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन रालोद राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी करेंगे। दशकों के बैठने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।

# लाला लाजपत राय के जीवन से प्रेरणा लें सभी : भुवनेश सिंघल

**समाज जागरण बागपत।**

अग्र रत्न पंजाब केसरी अमर शहीद लाला लाजपत राय की जयंती पर भुवनेश सिंघल ने भजनपुरा के वरिष्ठ नागरिक केंद्र में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। भुवनेश सिंघल ने अपने संबोधन में लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि लाला जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है, उन्होंने अंग्रेजों की बर्बरता को झेलते हुए अपने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया, हम सब उनके इस त्याग के ऋणी है। लाला जी का यह बलिदान अनेकानेक पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा कि भारत की सेवा यदि प्राण भी न्यौछावर करने पड़े तो




किंचित भी विचलित नहीं होना चाहिए। अन्य वक्ताओं में अमर झा, नरेंद्र मोरल, मुन्नी लाल तिवारी व शोभा द्विवेदी ने बताया कि साइमन कमीशन जैसे काले कानून का विरोध करने वाले लाला जी का बलिदान हम भारत वासियों को युग युगों तक प्रेरणा देगा। इस अवसर पर जीतू कश्यप, सौरव रोमी, सुरेंद्र सोनी, संजय चौरसिया, छोटू पंडित, मंजू तिवारी, उमेश कुमार, मनोज रतिया, इंद्रपाल, विश्वजीत मिश्रा आदि सर्वसमाज के लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कच्ची शराब समेत दो गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। अलग–अलग स्थानों से पुलिस ने दो आरोपियों को कच्ची शराब समेत गिरफ्तार किया। बुधवार शाम कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पानीपत बाईपास फ्लाईओवर के निकट से एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शमीम निवासी मोहल्ला अफगानान बताया। इसके अलावा मन्नामाजरा–अलीपुर मार्ग से आसिफ निवासी गांव मन्नामाजरा को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर चालान कर दिया।

# ग्रामीण के साथ मारपीट, चार नामजद

**समाज जागरण**
कैराना। बच्चों को गाली–गलौज से रोकने से क्षुब्ध चार भाइयों ने ग्रामीण के साथ कर घायल किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव दभेड़ीखुर्द निवासी आवेश ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार दोपहर करीब तीन बजे उसके मकान की गैलरी के सामने पड़ोसियों के बच्चे खेल रहे थे, जो आपस में गाली–गलौज कर रहे थे। इस पर उसने बच्चों को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद गांव के ही वाकिल व उसके भाई आशु, आवेश और राकिब ने लाठी–डंडों व लोहे की रॉड से उसके साथ मारपीट की, जिस कारण वह घायल हो गया। आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चकबंदी को लेकर ग्रामीणों में मतभेद, विरोध के बीच लौटे अधिकारी

**समाज जागरण कांधला।**

विकासखंड क्षेत्र के गांव ताहरपुर भभीसा में चकबंदी प्रक्रिया को लेकर स्थिति असमंजस बनी हुई है। गुरुवार को चकबंदी विभाग के अधिकारी किसानों की समस्याएं और राय जानने के लिए गांव के प्राथमिक विद्यालय पहुंचे,जहां सैकड़ों किसानों ने हाथ उठाकर चकबंदी के विरोध में प्रदर्शन किया। हालांकि, कई किसानों ने चकबंदी कराने के समर्थन में भी अपनी राय रखी। क्षेत्र के गांव ताहरपुर भभीसा में बीते लगभग एक वर्ष से चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान ज्यादातर किसानों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है, वहीं उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्रों में भी चकबंदी नहीं कराने की मांग की गई है, जिसके चलते मामला अब तक उलझा हुआ है। गुरुवार को चकबंदी विभाग के एसीओ अंकुर पाल, कानूनगो जगवीर सिंह और लेखपाल मनीष कुमार ग्रामीणों से संवाद करने पहुंचे। बैठक




के दौरान सैकड़ों किसानों ने स्पष्ट रूप से कहा कि गांव में किसी भी सूरत में चकबंदी स्वीकार नहीं की जाएगी। दूसरी ओर, कई किसानों ने चकबंदी को गांव के हित में बताते हुए इसका समर्थन किया। दोनों पक्षों के बीच बहस भी हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। विरोध के बीच चकबंदी विभाग के अधिकारी बिना किसी निर्णय के वापस लौट गए। इस संबंध में एसीओ अंकुर पाल ने बताया कि वे उच्च अधिकारियों के आदेश पर किसानों की राय जानने पहुंचे थे। गांव में चकबंदी को लेकर अलग-अलग मत सामने आए हैं। गांव में किसानों के दो पक्ष आमने-सामने हैं। पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान रोहित कुमार, विकास कुमार ,संजीव जावला, विनीत कुमार, मोहित, मनीष, शेखर शर्मा,बिजेंदर, राजकुमार, लोकेश, लोकेंद्र, रविंद्र, नरेंद्र, राहुल, कृष्ण पाल, बृजपाल, राजवीर सहित आदि मौजूद रहे।

# बाबा गैंग का बदमाश तमंचे समेत दबोचा

**समाज जागरण**

शामली कैराना।(फुरकान जंग) फायरिंग समेत दो मामलों में वांछित चल रहे बाबा गैंग के बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। बुधवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि गंदराऊ तिराहे से मलकपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित ट्यूबवेल की होदी पर वांछित बदमाश बैठा हुआ है, जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा मय एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी का नाम सोनिज निवासी गांव मंडावर है। पुलिस ने बताया कि गांव तितरवाड़ा निवासी आवेश उर्फ बिल्ली ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 24 जुलाई 2025 को वह अपने घर बैठा था। तभी उसके ऊपर फायरिंग की गई थी, जिसमें वह बाल–बाल बच गया था। इस मामले में वसीम उर्फ तोतू को नामजद कराया गया था, जबकि सोनिज का नाम विवेचना के दौरान प्रकाश में आया था। इसके अलावा दिसंबर माह में बाबा गैंग के बदमाशों द्वारा अपनी धाक जमाने के लिए इंस्टाग्राम पर धमकीभरी रील्स बनाने का मामला सामने आया था, जिसमें दो आरोपियों मोनिस निवासी गांव तितरवाड़ा व फरमान निवासी गढ़ीबेसक थाना सनौली पानीपत हरियाणा को गिरफ्तार किया गया था। इस मुकदमे में भी सोनिज का नाम प्रकाश में आया था।

दोनों ही मुकदमों में आरोपी वांछित था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए तमंचा बरामदगी के संबंध में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# झिंझाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समाज जागरण झिंझाना।(फुरकान जंग)**
मेरठ-करनाल हाईवे पर सींगरा स्थित अंबर सरिया पंजाबी ढाबे के पास पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के पास से एक किलो चार सौ ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालानी कार्रवाई की गयी है।बृहस्पतिवार को अहमदगढ़ चौकी प्रभारी अजयपाल सिंह द्वारा मेरठ करनाल हाईवे पर गांव सींगरा में अंबर सरिया ढाबे के पास से एक तस्कर को नशीले पदार्थ के साथ



गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिव नरेश पुत्र रामचंद्र, निवासी गांव लम्बा, जिला जालंधर (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालानी कार्रवाई कर दी है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि क्षेत्र में नशे की तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कबीर साहेब के 508वें निर्वाण दिवस पर तीन दिवसीय भव्य आयोजन सम्पन्न

### -सतलोक आश्रम वेदखेड़ी में श्रद्धा, सेवा और अनुशासन के साथ जुटे हजारों श्रद्धालु

**समाज जागरण झिंझाना**

परमेश्वर कबीर साहेब जी के 508वें निर्वाण दिवस के अवसर पर सत लोक आश्रम, वेदखेड़ी में आयोजित तीन दिवसीय विशाल आध्यात्मिक समारोह बृहस्पतिवार को श्रद्धा, शांति और अनुशासन के साथ सम्पन्न हो गया। यह आयोजन जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सान्निध्य में हुआ, जिसमें देशभर से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। वैदखडी सतलोक आश्रम में निर्वाण



दिवस पर चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम में तीसरे अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं को देशी घी से बने लड्डू, हलवा, पूड़ी, सब्जी, रायता सहित सात्विक एवं शुद्ध भोजन प्रसाद रूप में वितरित किया गया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने संत रामपाल जी महाराज के संदेशों को जीवन में अपनाने और समाज में सद्भाव, समानता व मानवता के प्रसार का संकल्प लिया। तीन दिन चले कार्यक्रम में प्रथम दिन परमेश्वर कबीर साहेब जी की शिक्षाओं, तत्वज्ञान और सृष्टि रचना पर आधारित भव्य आध्यात्मिक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से श्रद्धालुओं को सच्ची भक्ति, जीवन के उद्देश्य और मानव कल्याण के मार्ग से परिचित कराया गया। द्वितीय दिन आयोजित सत्संग में संत रामपाल जी महाराज के तत्वज्ञान पर आधारित प्रवचनों के माध्यम से शास्त्रसम्मत भक्ति, मोक्ष प्राप्ति के मार्ग और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया गया। इसी दिन सामाजिक सुधार की मिसाल पेश करते हुए 7 जोड़ों का दहेज मुक्त रमैनी विवाह सम्पन्न कराया गया। साथ ही आयोजित रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया।तीन दिनों तक चले इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में प्रशासन, आयोजक मंडल और हजारों स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा। आश्रम के कोर्डिनेटर हरदेश दास ने बताया परमेश्वर कबीर साहेब जी का 508वां निर्वाण दिवस आयोजन आध्यात्मिक जागरूकता, सामाजिक सुधार और मानव सेवा का सशक्त संदेश देकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# समावेशिता दान नहीं, बल्कि एक अधिकार है: सिफ्सी 2026 में सिनेमा से भारत के सुलभता आंदोलन का नेतृत्व करने का आग्रह किया गया

समावेशिता दान या दया का विषय नहीं है; यह अधिकारों का मामला है। इसी सशक्त दावे के साथ, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्लूडी) की अपर सचिव, श्रीमती मनमीत कौर नंदा ने आज नई दिल्ली के पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजित 'स्माइल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल फॉर चिल्ड्रन एंड यूथ' (सिफ्सी) के 12 वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में अपनी बात रखी। उन्होंने समावेशिता की एक गहरी और अधिक मानवीय समझ का आह्वान किया, जो केवल बुनियादी ढांचे और अनुपालन तक सीमित न रहकर दृष्टिकोण और हृदय के परिवर्तन तक जाए। नीति निमार्ताओं, राजनयिकों, फिल्म निमार्ताओं, शिक्षाविदों और युवा दर्शकों की एक प्रतिष्ठित सभा को संबोधित करते हुए, श्रीमती नंदा ने भारत में दिव्यांग व्यक्तियों की वास्तविक स्थितियों पर विचार साझा किए। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 2.68 करोड़ दिव्यांग व्यक्तियों के होने का उल्लेख करते हुए–जिसके बारे में व्यापक रूप से माना जाता है कि यह संख्या वास्तविक स्तर से काफी कम है–उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि लगभग 80 लाख दिव्यांग बच्चे सबसे अधिक बहिष्कृत समूहों में शामिल हैं, जिन्हें अक्सर शिक्षा, सार्वजनिक स्थानों और यहाँ तक कि सिनेमा हॉल में फिल्म देखने जैसी साधारण खुशी से भी वंचित रखा जाता है। 'विकाश कुमार बनाम यूपीएससी' मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2021 के ऐतिहासिक निर्णय सहित महत्वपूर्ण न्यायशास्त्र का हवाला देते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उचित सुविधा प्रदान करना एक संवैधानिक दायित्व है।

इसके लिए समान भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सकारात्मक उपायों की आवश्यकता है, चाहे वह कक्षाएं हों या सांस्कृतिक स्थान।

# धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीगुरू रविदास महाराज जी का 649वां प्रकाश उत्सव

**समाज जागरण**

कालांवाली 29 जनवरी 2026 (सुरेश जोरासिया) संत शिरोमणी श्रीगुरू रविदास महाराज जी का 649वां प्रकाश उत्सव श्रीगुरू रविदास सभा गांव कालांवाली के द्वारा श्रद्धा भावना व नगरवासीयों के सहयोग एवं के साथ श्रीगुरू रविदास धर्मशाला गांव कालांवाली में मनाया जाएगा। यह जानकारी



सभा के मुख्य प्रवक्ता उपाध्यक्ष सुरेश जोरासिया ने दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संत शिरोमणी जगतगुरू श्रीगुरू रविदास महाराज की का प्रकाश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाऐगा। इस अवसर पर रेणू शर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा मुख्यअतिथि बतौर शिरकत करेगे। जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा के द्वारा ज्योति प्रज्वलित की जाऐगी। 31 जनवरी को प्रकाश किया जाऐगा एवं 1 फरवरी को नगर कीर्तिन निकाला जाऐगा एवं 2 फरवरी को गुरूजी का अटूट लंगर बरताया जाऐगा। इस अवसर पर प्रधान अश्वनी नूना, उपप्रधान सुरेश जोरासिया, अशोक कुमार, नरेश (काला) बलवीर, जोनी, संदीप, लाल चंद, जोतराम, टेकचंद आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के सौरभ जोशी चंडीगढ़ के नए मेयर चुने गए

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

चंडीगढ़,29 जनवरी : चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में वीरवार को भारतीय जनता पार्टी के सौरभ जोशी विजयी हुए हैं। सूत्रों के अनुसार इस बार चुनाव गुप्त मतदान के बजाय हाथ उठाकर और बोलकर वोट देने की प्रक्रिया के तहत हुए। भाजपा के सौरभ जोशी को कुल 18 वोट मिले, जबकि आम आदमी पार्टी के योगेश धींगरा को 11 वोट मिले। कांग्रेस के उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह गाबी को 7 वोट प्राप्त हुए जिसमें 6 पार्षदों और एक सांसद मनीष तिवारी का वोट शामिल है)। इस जीत के साथ भाजपा ने मेयर के अलावा सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के पदों पर भी कब्जा जमाया है। जसमनप्रीत सिंह को सीनियर डिप्टी मेयर और सुमन शर्मा को डिप्टी मेयर चुना गया है।



# असलील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने पर मामला दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

जैतो ,29 जनवरी (रघुनंदन पराशर ):फरीदकोट साइबर क्राइम पुलिस ने असलील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के एक गंभीर मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि जोधपुर (राजस्थान) निवासी महादेव पंवार के बेटे राम नारायण ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए उसका असली वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और बाद में पैसे मांगने लगा। जब शिकायतकर्ता ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी ने उसकी असली तस्वीरें उसके पति और परिवार के अन्य सदस्यों को भेजने की धमकी दी, जिस पर इंस्पेक्टर गुरंदित्ता सिंह, मुख्य अधिकारी, साइबर क्राइम फरीदकोट पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जन-अपेक्षाओं पर केंद्रित होगा हरियाणा का 2026-27 बजट: मुख्यमंत्री नायब सैनी

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि राज्य का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट जन-अपेक्षाओं और विकास प्राथमिकताओं को केंद्र में रखकर तैयार किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी बजट के माध्यम से हरियाणा को विकास के नए आयाम दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने




प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में पिछले वर्ष के बजट में की गई घोषणाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध और प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचे।
मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शहरी एवं ग्रामीण विकास, आधारभूत ढांचे तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में गुणवत्ता सुधार और बेहतर सेवा वितरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जनहित और समावेशी विकास का माध्यम होना चाहिए।
मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि 2026-27 का राज्य बजट हरियाणा की विकास यात्रा को और गति देगा तथा समाज के हर वर्ग की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।


# महाग्राम महायोजना से गांवों को मिलेंगी शहरी सुविधाएं: मुख्यमंत्री नायब सैनी

**दैनिक समाज जागरण**


चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने महाग्राम महायोजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत चयनित गांवों का वर्तमान स्थिति का विस्तृत आकलन कर उनके लिए व्यावहारिक और दूरदर्शी ग्राम विकास प्लान तैयार किया जाए, ताकि गांवों को शहरों जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।
मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम विकास योजना बनाते समय पंचायत भूमि की पहचान की जाए और ग्राम सभा व ग्रामीणों से परामर्श के बाद ही योजना को अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सहभागिता से तैयार की गई योजना न केवल गांवों की वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखेगी।
मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि महाग्राम महायोजना का उद्देश्य गांवों में सड़क, जल आपूर्ति, स्वच्छता, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल सुविधाओं का समग्र विकास करना है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके और शहरों की ओर पलायन को रोका जा सके।

# सतगुरु के पावन सान्निध्य में आयोजित निरंकारी सामूहिक विवाह समारोह में 82 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**







जैतो, 29 जनवरी : संत निरंकारी मिशन जोन फिरोजपुर के जोनल इंचार्ज ऐन एस गिल और जैतो ब्रांच के मुखी अशोक धीर ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों से 82 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। यह समारोह महाराष्ट्र के 59वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के विधिवत समापन के उपरांत, सांगलवाड़ी (सांगली) स्थित समागम स्थल पर आयोजित किया गया।इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पारंपरिक जयमाला के साथ-साथ निरंकारी विवाह की विशेष पहचान ह्यसांझा-हारह्न भी प्रत्येक जोड़े को मिशन के प्रतिनिधियों द्वारा पहनाया गया। इसके पश्चात आदर्श गृहस्थ जीवन की प्रेरणा देने वाली निरंकारी लावें पठन की गईं।
अपने पावन आशीर्वचनों में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने नवविवाहित वर-वधुओं को शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को समझकर आपसी सहयोग, सम्मान, प्रेम और समर्पण के साथ जीवन पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सतगुरु माता जी ने कहा कि गृहस्थ में रहकर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए आध्यात्मिकता की राह पर निरंतर सत्संग, सेवा एवं सिमरण से जुड़े रहें तथा एक-दूसरे के सहयोग से अपनी भक्ति को और अधिक सुदृढ़ बनाएं।समारोह के दौरान सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी ने वर-वधुओं पर पुष्प-वर्षा कर अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित परिजनों एवं साध संगत द्वारा भी पुष्प-वर्षा की गई, जिससे समूचा वातावरण आध्यात्मिक उल्लास से परिपूर्ण हो गया। यह दृश्य वास्तव में अलौकिक एवं अविस्मरणीय था।इस शुभ अवसर पर महाराष्ट्र के सांगली, सातारा, कोल्हापुर, सोलापुर, धाराशिव, मुंबई, ठाणे, पुणे, डोंबिवली, पालघर, छत्रपति संभाजीनगर, अहिल्यानगर, धुले, जलगांव, नासिक, लातूर, बीड, परभणी, नागपुर, वर्धा, गोंदिया, रत्नागिरी एवं सिंधुदुर्ग; उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, गाजीपुर एवं प्रयागराज (इलाहाबाद); कर्नाटक के बेलगावी एवं उडुप्पी (कोंडापुर); तथा छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर (सरगुजा) सहित विभिन्न स्थानों से कुल 82 युगल सम्मिलित हुए। सामूहिक विवाह के उपरांत सभी के लिए समागम स्थल पर भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी।उल्लेखनीय है कि सादा शादियों की इस परंपरा के अंतर्गत बड़ी संख्या में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं उच्च शिक्षित युवक-युवतियाँ वर-वधू के रूप में सम्मिलित हुए और सतगुरु की पावन छत्रछाया में उनकी दिव्य शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए निरंकारी पद्धति के अनुसार सादगीपूर्ण विवाह कर समाज के समक्ष एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।निसंदेह, सादा शादियों का यह अद्भुत दृश्य जाति-वर्ण की विषमताओं को समाप्त कर एकत्व और समानता का सुंदर संदेश देता है, जो कि निरंकारी मिशन के मूल सिद्धांतों का भी प्रतीक है।

# "सुदूर संवेदन और भौगोलिक सूचना तंत्र के मूल तथ्यों" पर सात दिवसीय कार्यशाला का डॉ. एस. के. सिन्हा ने किया शुभारंभ

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 29 जनवरी। स्थानीय बीआरसीएम शिक्षण संस्थान बहल के जीडीसी महाविद्यालय में सुदूर संवेदन एवं भौगोलिक सूचना तंत्र विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला हाइब्रिड माध्यम (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) से संचालित की जा रही है, इस कार्यक्रम संचालन द्वारा अधिक से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हो सकेंगे।




कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. एस.के. सिन्हा, निदेशक बीआरसीएम शिक्षण संस्थान एवं प्राचार्य, जीडीसी मेमोरियल कॉलेज बहल द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में उन्होंने सुदूर संवेदन और भौगोलिक सूचना तंत्र जैसी आधुनिक तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यशाला की सफलता के लिए शुभकामनाएँ एवं आशीर्वचन कहे। उन्होंने संक्षेप में कहा कि रिमोट सेंसिंग 'देखने' का काम करता है जबकि जीआईएस उसे देखी गई जानकारी का 'विश्लेषण और प्रबंधन' करता है।
कार्यक्रम संयोजक डॉ. हिमांशु ग्रोवर ने अपने उद्बोधन में कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुदूर संवेदन एवं भौगोलिक सूचना तंत्र वर्तमान समय में शोध, योजना निर्माण एवं संसाधन प्रबंधन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपकरण हैं।
इसी अवसर पर कार्यक्रम के समन्वयक श्री सचिन तथा कार्यक्रम सचिव श्रीमती प्रियंका रानी एवं स्नातकोत्तर अध्यक्ष डॉ अनीता एवं समस्त विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।
यह सात दिवसीय कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी।कार्यक्रम के अंत में डॉ. के. डी. मालाकर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन सौंपा गया।

# चरखी दादरी में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक, 12 में से 10 जनशिकायतों का मौके पर समाधान

**दैनिक समाज जागरण**

चरखी दादरी। जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन चरखी दादरी में किया गया, जिसकी अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री करण देव सिंह राणा ने की। बैठक में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर देते हुए प्रस्तुत 12 मामलों में से 10 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि शेष दो मामलों को विस्तृत जांच के लिए आगामी सुनवाई तक लंबित रखा गया।
बैठक के दौरान मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनशिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन को समयबद्ध न्याय मिलना सुनिश्चित किया जाए।



इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हर्बल फेड के अधिकारियों को औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक और प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित न रखते हुए, उनके उत्पादों के उचित विपणन और बेहतर बाजार व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि प्रदेश में मेडिसिनल पौधों की खेती का रकबा बढ़ाया जा सके और किसानों की आय में वृद्धि हो।
इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संत कबीर कुटीर पर आमजन की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार जनता से सीधे संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।

# 31 जनवरी को सूरजकुंड में शिल्प महाकुंभ का भव्य शुभारंभ, उपराष्ट्रपति करेंगे उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण**

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड में 31 जनवरी को आयोजित होने वाले शिल्प महाकुंभ का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा किया जाएगा। इस भव्य समारोह में केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।
यह शिल्प महोत्सव कुल 16 दिनों तक चलेगा और इसका समापन 15 फरवरी को किया जाएगा। समापन समारोह में राज्यपाल प्रोफेसर अशीम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।
शिल्प महाकुंभ में देश-विदेश के कारीगर अपनी लोक कला, हस्तशिल्प, हथकरघा, पारंपरिक वस्त्र, आभूषण और सांस्कृतिक



धरोहर को प्रदर्शित करेंगे। यह महोत्सव भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करेगा।
महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, संगीत प्रस्तुतियां, पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प प्रदर्शन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजन से न केवल कारीगरों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा, बल्कि पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा।
हरियाणा सरकार द्वारा शिल्प महाकुंभ के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और सुविधाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं।
शिल्प महाकुंभ भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और कारीगरों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# डी.आर.एम.संजीव कुमार की अध्यक्षता में फिरोजपुर मंडल बिजनेस डेवलपमेंट इकाई की बैठक आयोजित

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,29 जनवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा वीरवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार की अध्यक्षता में फिरोजपुर मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट ने विभिन्न फ्रेट ग्राहकों के साथ बैठक की। इस मीटिंग में सी. डब्ल्यू. सी. चंडीगढ़, रिलायंस फोर्वड्र्स लिमिटेड, एम.जी.टी. कार्गो लिमिटेड, गोरव इंटरप्राइजेज, अमित कार्गो, अमित रेल कार्गो, सिटी लिंक कार्गो, ए.वी.जी. लॉजिस्टिक्स, चित्रकूट एक्सप्रेस, गुरुकृपा लॉजिस्टिक्स, आर.बी. फ्राइट फोर्वर्डर्स, वेद इंटरप्राइजेज तथा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मीटिंग का उद्देश्य रेल ट्रैफिक को बढ़ाना एवं नए ट्रैफिक का सृजन करना था। मीटिंग के दौरान उन्हें बताया गया कि रेलवे द्वारा माल




का परिवहन आसान, त्वरित और सुविधाजनक बनाने के लिए कई पहल की गयी है। रेलवे द्वारा दी जा रही विभिन्न नीतिगत योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने रेलवे को और बेहतर तथा ग्राहक-हितैषी बनाने के लिए सुझाव दिया। मंडल रेल प्रबंधक ने भी उन्हें आश्वासन दिया कि इस दिशा में पूरा सहयोग करेंगे।इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री नितिन गर्ग, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / फ्रेट श्री मनु गर्ग, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता श्री भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री राहुल देव, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री गुरशरण पाठक, अन्य रेलवे अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों ने भाग लिया।
उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के मंडल प्रबंधक संजीव कुमार बिजनेस डेवलपमेंट की अध्यक्षता करते हुए व कारोबारी।

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, अशोक कुमार भारद्वाज ने जताया आभार

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने पर भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने न्यायपालिका का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय समान शिक्षा अधिकार और सामाजिक समरसता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि यूजीसी के हालिया नियम शिक्षा को समान अवसर का माध्यम बनाने के बजाय समाज को वर्गों में बांटने का कार्य कर रहे थे, जो संविधान की मूल भावना के विपरीत है। ऐसे में



सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन नियमों पर रोक लगाया जाना देश के युवाओं, छात्रों और शिक्षा व्यवस्था के हित में है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य प्रतिभा, योग्यता और मेहनत को आगे बढ़ाना होना चाहिए, न कि किसी भी प्रकार का भेदभाव पैदा करना। यदि ऐसे नियम लागू होते, तो इसका सीधा असर सामाजिक एकता और राष्ट्रीय अखंडता पर पड़ता।
भारद्वाज ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की कि यूजीसी के इन नियमों पर केवल अस्थायी रोक ही नहीं, बल्कि पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के विभाजनकारी निर्णय दोबारा न लिए जा सकें। उन्होंने केंद्र सरकार और यूजीसी से भी अपील की कि वे शिक्षा से जुड़े किसी भी निर्णय से पहले व्यापक संवाद करें और युवाओं के हितों को सर्वोपरि रखें।
अंत में उन्होंने कहा कि देश को ऐसी शिक्षा नीति की आवश्यकता है जो युवाओं को जोड़ने का कार्य करे और एक मजबूत, समरस तथा सशक्त भारत के निर्माण में सहायक बने।

# हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने पूंजीगत व्यय का 91% से अधिक किया उपयोग, समीक्षा बैठक में सामने आई बड़ी उपलब्धियां

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की अपर मुख्य सचिव (अउर) डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में विभाग की उल्लेखनीय उपलब्धियां सामने आईं। बैठक में बताया गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान विभाग ने अपने पूंजीगत व्यय का 91 प्रतिशत से अधिक सफलतापूर्वक उपयोग किया है। डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि कुशल वित्तीय प्रबंधन, समयबद्ध परियोजना क्रियान्वयन और मजबूत अंतर-विभागीय समन्वय का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने अधिकारियों को इसी गति से कार्य करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।
समीक्षा बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं की प्रगति, चिकित्सा शिक्षा से जुड़े कार्यों और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि संसाधनों का अधिकतम और प्रभावी उपयोग कर आमजन तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जाएं।

# कुरुक्षेत्र के उमरी में 31 जनवरी को होगा गुरु रविदास जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह

**दैनिक समाज जागरण**

कुरुक्षेत्र। गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र जिले के उमरी में राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री पंवार ने मंच, पंडाल, यातायात, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए
विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार संतज्ञ महापुरुष विचार प्रसार एवं सम्मान योजना के माध्यम से संतों और महापुरुषों के आदर्शों, विचारों और शिक्षाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास ने सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम को गरिमामय, सुव्यवस्थित और श्रद्धा भाव के अनुरूप आयोजित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और राज्य स्तरीय समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# विकास की नई राह पर अम्बाला छावनी, 200 करोड़ की तीन बड़ी परियोजनाएं जल्द होंगी पूरी

**दैनिक समाज जागरण**

अम्बाला छावनी। अम्बाला छावनी के निवासियों के लिए विकास की दिशा में बड़ी खुशखबरी सामने आई है। शहर में लगभग 200 करोड़ की लागत से निर्मित हो रही तीन प्रमुख विकास परियोजनाओं–अटल मॉल एवं बैंक स्क्वेयर, नाइट फूड स्ट्रीट और फायर ब्रिगेड बिल्डिंग–का कार्य अंतिम चरण में है और इन्हें जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।
ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने इन सभी परियोजनाओं के निर्माण कार्यों का स्वयं निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने निर्माण की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री और कार्य की गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की।
मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि ये परियोजनाएं अम्बाला छावनी के आधुनिक शहरी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। अटल मॉल एवं बैंक स्क्वेयर से जहां व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं नाइट फूड स्ट्रीट शहर की अर्थव्यवस्था और पर्यटन को नई



गति देगी। इसके साथ ही अत्याधुनिक फायर ब्रिगेड बिल्डिंग से आपातकालीन सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जनता की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का लक्ष्य अम्बाला छावनी को एक आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक शहर के रूप में विकसित करना है।
इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद अम्बाला छावनी के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी और शहर की पहचान एक विकसित शहरी केंद्र के रूप में और मजबूत होगी।

# घटिया सड़क निर्माण पर भड़के ग्रामीण, नारेबाजी कर किया विरोध-प्रदर्शन

- पीडब्लूडी प्रांतीय खंड विभाग द्वारा कराया जा रहा निर्माण
- पन्नूगंज मेन रोड से निपनिया नहर तक 3 किमी कराया जा रहा सड़क निर्माण

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पीडब्लूडी विभाग द्वारा घटिया सड़क निर्माण कराए जाने पर वृहस्पतिवार को ग्रामीण भड़क उठे और जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मानक के अनुरूप कार्य कराए जाने की मांग उठाई। बता दें कि पन्नूगंज मेन रोड से ओरगाईं होते हुए निपनिया नहर लगभग तीन किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कार्य पीडब्लूडी प्रांतीय खंड द्वारा करवाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में मानक की अनदेखी की जा रही है, मानक के विपरीत घटिया सड़क निर्माण कराया जा रहा है जो दो महीने भी नहीं चलने वाला। ग्रामीणों ने कहा कि तारकोल नाम मात्र का छीड़क कर पेंटिंग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी और आईजीआरएस पर मुख्यमंत्री के यहां शिकायत करने के बाद भी काम ठीक से नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त सड़क निर्माण में कार्य कर रही संस्था द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इस पर सख्त कार्रवाई करें और सड़क निर्माण गुणवत्ता के अनुसार किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से लल्लू पटेल, सुनील कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, शिवनारायण सिंह, अनिल कुमार सिंह, संतोष कुमार, बलवंत पटेल, रामप्यारे पटेल आदि रहे।

# सीओ की सरकारी गाड़ी की टक्कर से महिला की मौत के मामले में, आजाद अधिकार सेना ने निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद के पिपरी थाना क्षेत्र में मुर्धवा मोड़ के पास 55 वर्षीय अस्पताली देवी (पतिः कमलेश सिंह, निवासी खाड़पाथर) की दर्दनाक मौत हो गई। वह अपने परिवार के लिए भोजन लेकर पैदल जा रही थीं, तभी तेज रफ्तार में आ रही सीओ पिपरी हर्ष पांडेय की सरकारी गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में मौजूद सीओ हर्ष पांडेय, चालक अवधेश और गनर सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हुए। घायलों को तुरंत हिंडालको अस्पताल ले जाया गया, यह केवल सड़क हादसा नहीं है, बल्कि सरकारी वाहन की तेज रफ्तार और गंभीर लापरवाही का परिणाम है। एक सामान्य नागरिक की जान चली जाना अत्यंत दुखद और अस्वीकार्य है। घटनास्थल और पीड़ित परिवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, FIR दर्ज करने में विलंब किया गया और मृतक के परिजनों से सादा कागज पर हस्ताक्षर कराकर ट्रक से टक्कर की कथित फर्जी कहानी बनाने का प्रयास किया गया। यदि यह तथ्य सत्य हैं, तो यह कानून का उल्लंघन और न्याय से बचने का गंभीर प्रयास है। आजाद अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष शोभित सिंह ने घटना स्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संगठन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इसके अलावा, परिवार के साथ फोन पर भी बातचीत कर न्याय और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग दर्ज कराई गई। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा ने इस घटना को गंभीर मानते हुए मुख्य सचिव, डीजीपी उत्तर प्रदेश और अपर मुख्य सचिव (गृह) को पत्र लिखकर घटना की तत्काल और निष्पक्ष जांच की मांग की है। पत्र में सभी तकनीकी साक्ष्य, CCTV फुटेज और प्रत्यक्ष दर्शियों के बयान सुरक्षित करने और यदि किसी प्रकार का दबाव या फजीर्वाड़ा हुआ है, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात स्पष्ट की गई है। आजाद अधिकार सेना की मांगेंः 1. सीओ हर्ष पांडेय, चालक और अन्य संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ धारा 302/304A समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। 2. स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच उच्चस्तरीय समिति द्वारा कराई जाए; CCTV फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान सुरक्षित किए जाएं। 3. परिवार को मुआवजा और पुनवार्सः मृतक परिवार को ₹25 लाख का त्वरित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। 4. यदि किसी प्रकार का दबाव या सादा कागज पर हस्ताक्षर कराया गया, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। आजाद अधिकार सेना इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी। संगठन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

# अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही, थाना रामपुर बरकोनिया में 255 लीटर शराब का विनष्टीकरण

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निदेर्शानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में लंबित माल के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 29.01.2026 को थाना रामपुर बरकोनिया में विभिन्न अभियोगों से संबंधित जब्तशुदा माल का निस्तारण / विनष्टिकरण की कार्यवाही संपन्न कराई गई। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना रामपुर बरकोनिया पर वर्ष 2023 से 2024 तक पंजीकृत 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित कुल 23 माल मुकदमों में बरामद अवैध शराब कुल 255 लीटर का विनष्टीकरण, माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सोनभद्र के आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार एवं क्षेत्राधिकारी सदर की उपस्थिति में नियमानुसार किया गया।

# आदिवासियों की जमीन कब्जा करने वालों के विरुद्ध दर्ज होगी एफआईआर

- विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, सोनभद्र कोर्ट ने रामपुर बरकोनिया इंस्पेक्टर को दिया आदेश
- सीओ करेंगे मामले की विवेचना, कोर्ट को परिणाम से अवगत कराना होगा

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। आदिवासियों की जमीन कब्जा करने वालों के विरुद्ध विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने बुधवार को रामपुर बरकोनिया इंस्पेक्टर को एफआईआर दर्ज कर सीओ से मामले की विवेचना कराने व परिणाम से कोर्ट को अवगत कराने का आदेश दिया है। यह आदेश विफनी देवी पत्नी स्वर्गीय हीरा व रामविलास गोड़ पुत्र स्वर्गीय जन कलाल गोड़ निवासीगण बिरन चुआ, थाना रामपुर बरकोनिया, जिला सोनभद्र द्वारा अधिवक्ता सीपी द्विवेदी एवं आनंद ओझा एडवोकेट के जरिए दाखिल 173(4) बीएनएसएस के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने दिया है। दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि अनुसूचित जनजाति की जमीन पर भू माफिया कृष्ण कुमार जायसवाल, रीता जायसवाल निवासी सिद्धि कला थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र हाल पता प्रभात नगर कालोनी नगवां, थाना लंका, जिला वाराणसी, सिंघासन, राजू मौर्य निवासी सिद्धि खुर्द, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र व सरोज गुप्ता निवासी बीरबन, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र व 4-5 अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात 23 नवंबर 2025 को सुबह 9-10 बजे एक ट्रैक्टर मय चालक को लेकर आए और उनकी जमीन जोतकर सरसों बुआने लगे। जब मना किया गया तो जाति सूचक शब्दों से गाली देते हुए जान मारने की धमकी देकर चले गए। घटना को कई लोगों ने देखा, लेकिन डर की वजह से कुछ नहीं बोल पाए। इसकी सूचना थाने पर दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

10 दिसंबर 2025 को रजिस्टर्ड डाक से एसपी सोनभद्र को सूचना दी गई, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर न्यायालय में न्याय के लिए आना पड़ा। जीवन निर्वहन के लिए सिर्फ एकमात्र जमीन ही सहारा है।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने गम्भीर अपराध मानते हुए, मामले की विवेचना कराया जाना आवश्यक माना। कोर्ट ने रामपुर बरकोनिया इंस्पेक्टर को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना सीओ से करवाने व परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है।

# पिपरी पुलिस की तत्परता से साइबर फ्राड पीड़ित के ₹17,000/- कराए गए वापस

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**




सोनभद्र। पुलीस अधीक्षक जनपद सोनभद्र अभीषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (मुख्यालय) अनील कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी अमीत कुमार के कुशल निर्देशन में तथा थाना पिपरी पुलिस द्वारा साइबर अपराध के एक प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आवेदक निजामुद्दीन पुत्र मोहम्मद गफूर, निवासी क्वार्टर नं. H-19/4, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट, पिपरी, जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्राड कर धनराशि ट्रांसफर करा ली गई थी। सूचना प्राप्त होते ही थाना पिपरी/ साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार कर फ्राड हुई धनराशि को होल्ड कराया गया तथा निर्धारित प्रारूप में नोटिस निर्गत कर कुल ₹17,000/- की धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक तथा साइबर क्राइम/थाना पिपरी पुलिस के अधिकारी-कर्मचारीगण की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग भवन में 30-31 जनवरी को होगा मतदान

- यूपी बार काउंसिल सदस्य के 25 पदों के लिए 333 प्रत्याशी लड़ रहे हैं चुनाव
- सोनभद्र जिले से एक महिला समेत तीन लोग हैं प्रत्याशी
- सोनभद्र में 1620 सीओपी धारक वकील मतदाता कर सकेंगे मतदान

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य के 25 पदों के लिए सोनभद्र में 30 व 31 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। कुल 333 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। जिसमें एक महिला समेत तीन प्रत्याशी सोनभद्र के हैं। सोनभद्र जिले के कुल 1620 सीओपी धारक वकील मतदाता मतदान कर सकेंगे। जिसमें 1348 वकील मतदाता जनपद न्यायालय सोनभद्र परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग भवन में मतदान करेंगे, जबकि 272 वकील मतदाता दुद्धी में मतदान करेंगे। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, सोनभद्र/ पीठासीन अधिकारी निर्वाचन बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, सोनभद्र आबिद शमीम ने अवगत कराया है कि यूपी बार काउंसिल सदस्य 25 पदों के लिए कुल 333 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। जिसके लिए सोनभद्र जिले में 30 व 31 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। सोनभद्र जिले में कुल 1620 सीओपी धारक वकील मतदाता हैं जो मतदान में हिस्सा लेंगे। जिसमें सर्वाधिक 1348 वकील मतदाता जनपद न्यायालय परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग भवन में तथा 272 वकील मतदाता दुद्धी में मतदान करेंगे। बता दें कि अबकी बार यूपी बार काउंसिल सदस्य 25 पदों के लिए कुल 333 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। जिसमें सोनभद्र जिले के तीन प्रत्याशी क्रमशः राकेश शरण मिश्र एडवोकेट, विनोद कुमार पांडेय एडवोकेट जो वर्तमान में सदस्य हैं के साथ ही सुषमा यादव एडवोकेट शामिल हैं। अबकी बार विद्वान अधिवक्ताओं द्वारा स्थानीय प्रत्याशियों के पक्ष में प्रथम, द्वितीय व तृतीय मत देने का मुंड दिख रहा है। हालांकि वाराणसी के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वर्तमान सदस्यगण श्रीनाथ त्रिपाठी व हरिशंकर सिंह , लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वर्तमान सदस्य जयनारायण पांडेय, राकेश पाठक, प्रयागराज के अधिवक्ता एवं वर्तमान सदस्य देवेंद्र मिश्र नगहरा, अरुण कुमार त्रिपाठी, पांचूराम मौर्य, परेश मिश्र आदि को सोनभद्र से हमेशा प्रथम व द्वितीय वरीयता का मत मिलता रहा है, जिन्हें भी उम्मीद है कि मत जरूर मिलेगा। अब देखना है कि विद्वान वकील मतदाता पुराने सदस्यों पर भरोसा जताते हैं या स्थानीय प्रत्याशियों अथवा नए प्रत्याशियों पर भरोसा जताते हैं।

# 24 घंटे के भीतर खुलासा, थाना जुगैल पुलिस ने चोरी के शत-प्रतिशत माल सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




जुगैल/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनील कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक जुगैल के नेतृत्व में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जुगैल पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। थाना जुगैल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12/2026, धारा 305(क), 331(4) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी के प्रकरण में दिनांक 28.01.2026 को समय 14.08 बजे प्राप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर आज दिनांक 29.01.2026 को समय 10.49 बजे, अभियुक्त राजन कुमार उर्फ जोगेन्द्र कुमार पुत्र बुद्धिमान, निवासी ग्राम सेमिया, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 25 वर्ष को ग्राम जुगैल के जलकढवा रोड स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी गया सम्पूर्ण सामान बरामद किया गया है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। वादी मुकदमा का चोरी गया लगभग शत-प्रतिशत सामान बरामद किया गया है

# शिक्षा, स्वास्थ्य, भविष्य को प्रभावित करता है बाल विवाह- अमरजीत

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। सोनभद्र विकास समिति एवं चाइल्ड राइट्स एंड यू के सहयोग से जनपद के नगवा ब्लॉक के ग्राम नन्दना मे बाल विवाह कुप्रथा को समाप्त करने के संकल्प को साकार बनाने के उद्देश्य से समुदाय स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था कार्यकर्त्ता अमरजीत ने बताया की बाल विवाह न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि बच्चों के मौलिक और कानूनी अधिकारों का उल्लंघन भी है। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक विकास को बाधित करता है। बाल विवाह बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, उज्जवल भविष्य को बाधित कर नकारात्मक प्रभाव डालता है। बाल विवाह मुक्त भारत के लिए जन जागरूकता संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सोनभद्र विकास समिति के सचिव राजेश चौबे ने बताया कि 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान ने एक स्पष्ट और लक्ष्य केंद्रित रणनीति तय की है। इसके तहत स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न होते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बच्चों के खिलाफ होने वाले इस सदियों पुराने अपराध को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

इस अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है और इसका आखिरी चरण 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाप्त होगा। इसका पहले चरण में स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के प्रसार पर जोर। वहीं दूसरे चरण में मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे जैसे धार्मिक स्थलों पर जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं व बैंक्वेट हाल और बैंड वालों, हलवाई जैसे विवाह में सेवाएं देने वालों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा हैं।

तीसरे और आखिरी चरण बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों, नगरपालिका के वार्डों और समुदाय स्तरीय भागीदारी और जिम्मेदारी को मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर सोनभद्र विकास समिति से काउंसलर साधना सिंह, सामाजिक कार्यकर्त्ती रीना शर्मा, रेखा, रिमा, अमरजीत, दिनेश विश्वकर्मा , प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ती, सहित समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# 30 व 31 जनवरी को विशेष अभियान, फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में दर्ज कराएं अपना नाम- जिला निर्वाचन अधिकारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह ने जनपद के समस्त पात्र नागरिकों से अपील की है कि जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, वे 30 एवं 31 जनवरी को आयोजित विशेष अभियान के दौरान फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। जिला निर्वाचन अधि कारी ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से उन नागरिकों के लिए संचालित किया जा रहा है, जो किसी कारणवश अब तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित रह गए हैं। अभियान के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों, नगर निकायों एवं निर्धारित मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मतदाता की भूमिका अत्यंत मह त्वपूर्ण है। इसलिए सभी पात्र नागरिक इस अवसर का लाभ उठाएं और समय रहते अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराकर अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करें। अभियान की सतत निगरानी की जा रही है तथा लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

# विचाराधीन मुकदमे की जमीन में विपक्षी मनमाने ढंग से जबरिया, दबंगई, गुंडई के बल पर पक्का पिलर का निर्माण कर बना रहे हैं मकान

न्यायालय से अभी लम्बित है फाट की कार्रवाई एसडीएम घोरावल ने तहसीलदार तथा एसएचओ कर्मा को जांचकर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। घोरावल तहसील के करमा थानांतर्गत बारी महेवा गांव में न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे की जमीन में मनमाने ढंग से जबरिया गुंडई,दबंगई के बल पर पक्का पिलर का निर्माण कर मकान बनाया जा रहा है जबकि न्यायालय में अभी फाट की कार्रवाई लंबित है। इस संबंध में एसडीएम घोरावल ने तहसीलदार तथा एसएचओ कर्मा को जांचकर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने का दिया निर्देश दिया है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी घोरावल को बुधवार को करमा थाना क्षेत्र के बारी महेवा गांव निवासी हीरालाल यादव पुत्र स्व. बचऊ यादव ने सौंपें गए शिकायती पत्र में कहा है कि मा.न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय के न्यायालय में बचऊ बनाम विन्देश वरी,मुकदमा नं०टी बी 2616 6603162 मुकदमा विचाराधीन है।जिसका निर्धारित तारीख 03 फरवरी2026 को लगी है जिसका आ० नं0 422 रकबा 2.6930 हेक्टेयर है।विपक्षी हरिगेन यादव पुत्र शिवधारी उक्त विचाराधीन मुकदमे की जमीन में जबरदस्ती पक्का पीलर का निर्माण करते हुए मकान बना रहे हैं तथा मना करने पर घोर अपमानजनक अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट, झगड़ा करने पर आमादा हैं। ऐसी सूरत में इलाका लेखपाल व थाना करमा को आदेशित किए जाने की गुहार लगाई है कि जब तक मा.न्यायालय में फाट की कार्यवाही नहीं हो जाती तब तक विपक्षीगण को मकान का निर्माण कार्य करने से रोका जाये ताकि निर्माण कार्य न हो सके।

# खेलकूद महाकुंभ प्रतियोगिताः कबड्डी में पिंकी सलखन विजेता तथा अनन्या यादव उपविजेता घोषित

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। शिवाको रॉक थण्डर सोतोकान कराटे एसोसिएशन सोनभद्र के तत्वावधान में पांच दिवसीय खेलकूद महाकुंभ प्रतियोगिता के चौथे दिन कबड्डी प्रतियोगिता में सलखन शिवाको रॉक की पिंकी सलखन विजेता तथा चोपन केंद्रीय विद्यालय की अनन्या यादव बालिका उपविजेता तथा चुनार स्टेडियम फाइनल में रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित अतिथिगण सभी उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।इस अवसर पर मुख्यरुप से एएसपी के जिला महासचिव अरुण कुमार उर्फ सोनू, जिला कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मोदनवाल, गौरी सिंह गौर, जैनूर खान, विजय जायसवाल, सुरेंद्र, राघवेंद्र कुमार, अनुराग कुमार, असलम, सनोज जायसवाल समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रविकांत ने किया।

# अवैध आर्म्स एक्ट के तहत थाना पिपरी पुलिस की कार्यवाही, 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-18/2026, धारा 9(1)A(1)/25(2) आर्म्स एक्ट से संबंधित प्रकरण में 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अमित कुमार सिंह, पुत्र लक्ष्मण सिंह, निवासी रिहन्द डैम के सामने सड़क के किनारे, वार्ड नं0-12, तुर्रा, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 19 वर्ष 06 माह है। उक्त अभियुक्त को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- उ0नि0 दिलीप सिंह, हे0का0 महेश थाना पिपरी जनपद सोनभद्र।

# थाना माँची पुलिस ने फरार चल रहे 01 नफर वारण्टी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ विजय शंकर पांडेय**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनील कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल निर्देशन में व थाना माँची पुलीस टीम द्वारा उक्त अभियान के दौरान मु0अ0स0- 24/11 धारा 3/5ए/8 उ0प्र0 आबकारी अधि नियम बनाम अमेरिका चन्द्रवंशी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मनोहर राम पुत्र स्व0 जतन राम निवासी ग्राम राजी थाना खरौधी जनपद गढ़वा (झारखण्ड) को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः- मनोहर राम पुत्र स्व0 जतन रामनिवासी -ग्राम राजी, थाना खरौधी,जनपद-गढ़वा (झार खण्ड) ।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः- प्रभारी निरीक्षक भैया एस.पी. सिंह, उ0नि0 सुनील कुमार, हे0का0 अवधेश कुमार, हे0का0 राधेश्याम यादव, हे0का0 विशम्भर राय, थाना माँची, जनपद सोनभद्र।

# सर्जिकल ब्लेड से एकतरफा प्यार के हमले में कानपुर की युवती घायल, आरोपी पुलिस के हवाले

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां प्यार के नाम पर युवतियों को किसी ने किसी बहाने से शिकार बनाए जाने का सिलसिला लगातार जारी है, जिसके क्रम में एक तरफा प्यार में अंधे युवक ने साथ चलने से इनकार करने पर एक युवती को ब्लेड मारकर घायल कर दिया। युवती को घरवालों ने हैलट में भर्ती कराया है। इसके पहले मोहल्ले वालों ने युवक को पड़कर पुलिस के हवाले भी कर दिया ,जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। एकतरफा प्यार में पागल इस युवक ने युवती पर सर्जिकल ब्लेड से युवती के चेहरे और कलाई पर 13 वार किए ,जिसकी चीख-पुकार सुनकर मोह ल्ले के लोगों ने आरोपी को पकड़ पीट-पीट की अधमरा करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों ने बताया कि 9 दिन बाद, 7 फरवरी को युवती की शादी होनी




है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नजीराबाद थाना क्षेत्र के भदौरिया चौराहा इलाके में रहने वाली 24 वर्षीय युवती के परिवार में माता-पिता, दो बच्चे एक बेटा और एक बेटी है। लड़की का भाई ठेला लगाता है। परिजनों ने बताया कि उनके घर के पास एल्युमिनियम कारखाना है। फैक्ट्री में बीते दो साल से गोलू नाम का युवक काम करता है। गोलू का लड़की के घर आना-जाना था।

युवती ने बताया कि बुधवार देर शाम गोलू आया और उसने रेस्टोरेंट चलकर खाना खाने की बात कही। गोलू नशे में था। इस वजह से लड़की ने इनकार कर दिया और अपने घर जाने को कहा। आरोप है कि इस पर गोलू ने सर्जिकल ब्लेड से चेहरे और कलाई पर करीब 13 बार हमला कर दिया। युवती ने काफी संघर्ष कर खुद को बचाने की कोशिश भी की।

युवती दोनों हाथ और चेहरे पर कई जगह ब्लेड लगने से लहुलूहान हो गई। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े और गोलू को जमकर पीटा। हंगामे की सूचना पर नजीराबाद पुलिस मौके पर पहुंच फरार होने के पहले ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । घटना से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। उन्होंने युवती और उसके परिवार वालों की सुरक्षा किए जाने की भी मांग की है।

# UGC विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की रोक,राजपूत करणी सेना ने बताया जनभावनाओं की हुई जीत.....

**विवेक कुमार दैनिक**
**समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। लखनऊ।यूजीसी से जुड़े विवादित फैसले को लेकर देशभर में जारी विरोध के बीच सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए गए अंतरिम रोक ने आंदोलनरत संगठनों को बड़ी राहत दी है। इस फैसले को राजपूत करणी सेना ने जनभावनाओं की जीत करार दिया है।श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ह्यदीपूह्न ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय सामान्य वर्ग और युवाओं के भविष्य की रक्षा की दिशा में अहम कदम है।उन्होंने स्पष्ट किया कि करणी सेना लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से न्याय की लड़ाई लड़ रही थी, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यूजीसी का फैसला बिना व्यापक विमर्श के लिया गया था, जिससे देशभर के युवाओं और आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त था। करणी सेना ने शुरू से ही इस निर्णय को अन्यायपूर्ण बताते हुए सड़क से लेकर संवैधानिक मंच तक विरोध दर्ज कराया।दुर्गेश सिंह दीपू ने बताया कि लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने संगठित होकर विरोध प्रदर्शन किए और सरकार का ध्यान जनभावनाओं की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की रोक से यह साबित हो गया है कि जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि संगठन अंतिम निर्णय तक पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर बनाए रखेगा। यदि भविष्य में जनहित के विपरीत कोई फैसला आता है तो करणी सेना प्रदेशव्यापी आंदोलन से पीछे नहीं हटेगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।फिलहाल सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद यूजीसी को लेकर चल रहा विवाद नए मोड़ पर आ गया है और आमजन के साथ-साथ सामाजिक संगठनों में भी इस फैसले को लेकर संतोष और उम्मीद का माहौल है।

# थाना प्रभारी का स्थानांतरण

### अमलाई के नए थाना प्रभारी होंगे भूपेंद्र मणि पांडे

**समाज जागरण**

शहडोल प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के अनेक थानों में पदस्थ थाना प्रभारी का स्थानांतरण किया गया है । शहडोल जिले के सोहागपुर थाने में पदस्थ भूपेंद्र मणि पांडे का स्थानां तरण अमलाई थाना अमलाई थाने में पदस्थ जयप्रकाश शर्मा को जैतपुर थाना, पूर्व में व्यवहारी में पदस्थ अरुण पांडे को सोहागपुर थाना एवं जैतपुर में पदस्थ जिया उल हक को व्यवहारी थाने का प्रभारी बनाया गया है

# जनता की आवाज को प्राथमिकता: एसपी ने जनता दर्शन में समस्याएं सुनकर दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**अवधेश कुमार गुप्ता/**
**समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की सम स्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनता दर्शन में उपस्थित फरियादियों द्वारा भूमि विवाद, पारि वारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, धोखाधड़ी सहित अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित अधि कारियों को निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने



हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं कानून के दायरे में किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है, उनमें तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर समाधान करने का उद्देश्य पुलिसझ्रजन संवाद को सशक्त बनाना तथा आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक मजबूत करना है।

# साइबर फ्रॉड के शिकार आवेदक को ₹29,955/- की धनराशि सफलता पूर्वक कराई गई वापस

**अवधेश कुमार गुप्ता/**
**समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलीस अधीक्षक जनपद सोनभद्र अभीषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्या लय) अनील कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी अमीत कुमार के कुशल निर्देशन में तथा थाना प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना, जनपद सोनभद्र के नेतृत्व में साइबर क्राइम टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड के शिकार आवेदक आदर्श कुमार वर्मा, पुत्र प्रदीप कुमार वर्मा, निवासी वार्ड नं0-17, ब्रह्मनगर कॉलोनी, गली नं0-05, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के एक बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा धनराशि ट्रांसफर कर ली गई थी, जिसके संबंध में आवेदक द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। उक्त प्रकरण में तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई, जिसके परिणामस्वरूप ₹29,955/- (उनतीस हजार नौ सौ पचपन रुपये) की सम्पूर्ण धनराशि आवेदक के बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी महोदय सहित साइबर क्राइम पुलिस थाना के अधिकारी/कर्मचारीगण की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

# शांति अधिनियम के अंतर्गत संरक्षण

शांति अधिनियम परमाणु ऊर्जा उत्पादन तथा अन्य गैर-ऊर्जा

अनुप्रयोगों के लिए परमाणु ऊर्जा और आयनकारी विकिरण के प्रोत्साहन एवं विकास, तथा इसके सुरक्षित से सुरक्षित उपयोग के लिए अधिनियमित किया गया है। शांति अधिनियम केंद्रीय सरकार से लाइसेंस तथा नियामक बोर्ड से सुरक्षा प्राधिकरण प्राप्त करने के बाद निजी क्षेत्र को परमाणु सुविधा स्थापित करने या परमाणु ऊर्जा के उत्पादन, उपयोग और निपटान संबंधी गतिविधियां करने की अनुमति देता है। शांति अधिनियम की निजी क्षेत्र संबंधी मुख्य विशेषताएं हैं कि वे परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण, स्वामित्व और संचालन कर सकते हैं; परमाणु ईंधन का निर्माण कर सकते हैं; तथा शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कर सकते हैं। वे चिकित्सा, कृषि, औद्योगिक अनुप्रयोग आदि जैसे गैर-ऊर्जा अनुप्रयोगों के लिए आयनकारी विकिरण का उपयोग भी कर सकते हैं। केंद्रीय सरकार से परमाणु सुविधाएं स्थापित करने या परमाणु ऊर्जा संबंधी गतिविधियां करने के लिए लाइसेंस प्राप्त इकाइयां परमाणु सामग्री की निरंतर निगरानी, लेखांकन और निरीक्षण; उत्पन्न रेडियोधर्मी अपशिष्ट का सुरक्षित प्रबंधन; होने वाले विकिरण क्षतियों का प्रबंधन; परमाणु घटनाओं के पीड़ितों को परमाणु क्षतियों के लिए तत्काल मुआवजा भुगतान; तथा परमाणु सुविधा के जीवनचक्र के अंत में उसके विघटन सहित परमाणु सुविधाओं के सुरक्षित और सुरक्षित संचालन के लिए उत्तरदायी होंगी। शांति अधिनियम में निर्दिष्ट पदार्थों के समृद्धिकरण और

समस्थानिक पृथक्करण, व्यय ईंधन प्रबंधन, भारी जल उत्पादन आदि जैसी कुछ गतिविधियों और सुविधाओं पर केंद्रीय सरकार के विशेष नियंत्रण के प्रावधान भी हैं। यह जानकारी कार्मिक, लोक शिकायतें एवं पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज राज्यसभा में लिखित उत्तर में दी।

# सरपंच पति पर निजी भूमि से यूकेलिप्टस वृक्ष काटकर चोरी कराने का आरोप

## गांव मझौली में दबंगई का मामला, पीड़ित किसान ने कलेक्टर व पुलिस से की शिकायत

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी बुढार।**

जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम मझौली क्षेत्र सरपंच पति द्वारा निजी जमीन से यूकेलिप्टस के पेड़ कटवाकर चोरी कराने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित किसान श्री गोपाल पिता स्व. घोंसाली प्रसाद, निवासी धनपुरी, ने पुलिस चौकी केशवानी में लिखित शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत के अनुसार पीड़ित की ग्राम मझौली स्थित आराजी क्रमांक 8/1 में लगभग 0.016 हेक्टेयर भूमि स्थित है, जो रोड से लगी हुई है। इसी भूमि पर उसने करीब 23 यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे, जिनमें से 22 पेड़ों को बिना किसी सूचना के काट लिया गया। पीड़ित किसान का आरोप है कि जब उसने पेड़ काटने वालों को रोकने का प्रयास किया तो उसे धमकाया गया और कहा गया कि ज्यादा बोलोगे तो जान से हाथ धो बैठोगे। शिकायत में उल्लेख है कि यह पूरी कार्रवाई सरपंच पति राजभान सिंह और नवीन रजक के इशारे पर की गई। पंचायत स्तर पर दबाव बनाकर मामला दबाने का आरोप पीड़ित ने बताया कि उसने ग्राम पंचायत में भी शिकायत की,



लेकिन वहां से उसे कोई सहयोग नहीं मिला। आरोप है कि पंचायत स्तर पर प्रभाव का इस्तेमाल कर मामला दबाने की कोशिश की गई।

**पेड़ चोरी कर ले जाने का भी आरोप**

शिकायत में कहा गया है कि रोड से लगे शासकीय और उनके निजी पट्टे की जमीन से लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को ट्रैक्टर-ट्रॉली में नवीन रजक रते करो बारी जिनका टैक्टर कई बार केशवाही चौकी में जप्त भी हुआ उन्हीं के द्वारा 407और टैक्टर में भरकर मौके से ले जाया गया। इससे किसान को हजारों नहीं बल्कि लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। 112 पर कॉल करने के बाद भी नहीं मिली मदद पीड़ित ने बताया कि घटना के समय उसने पुलिस सहायता के लिए 112 नंबर पर भी कॉल किया, लेकिन कोई त्वरित कार्रवाई नहीं हो सकी, जिससे आरोपी आसानी से पेड़ ले जाने में सफल रहे।

**प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग**

पीड़ित किसान ने दोषियों के खिलाफ चोरी, धमकी और अवैध कटाई की धाराओं में मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सुरक्षा की भी मांग की है।

# ग्राम पंचायत कुम्हेडिन में करोड़ों का घोटाला, स्टॉप डैम निर्माण में खुली भ्रष्टाचार की परतें

## पट्टे की जमीन पर नियमों को ताक पर रखकर बना स्टॉप डैम, घटिया सामग्री और फर्जी मूल्यांकन के आरोप

**समाज जागरण शहडोल/बुढ़ार।**

ग्राम पंचायत कुम्हेडिन के ग्राम मुसरा में बने स्टॉप डैम को लेकर बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है। आरोप है कि पट्टे की निजी जमीन पर नियमों को दरकिनार कर यह निर्माण कार्य कराया गया, जिसका उद्देश्य केवल एक व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाना था। इस पूरे मामले में इंजीनियर चन्द्रमाली, पंचायत सचिव, सरपंच पति जगमोहन और शर्मा ठेकेदार की मिलीभगत से सरकारी पैसों का जमकर दुरुपयोग किए जाने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्टॉप डैम निर्माण में तय प्राक्कलन (एस्टीमेट) से हटकर फर्जी मूल्यांकन किया गया। जहां गड्ढे की खुदाई 2.50 मीटर तक होनी चाहिए थी, वहां केवल 50 सेंटीमीटर ही खुदाई की गई। यही नहीं, लोहे की सरिया बांधने की दूरी भी मानकों के विपरीत रखी गई। नियमों के अनुसार जहां 6 सेंटीमीटर के अंतर से लोहा बांधना था, वहां करीब 1.50 मीटर की दूरी पर ही सरिया डाल दी गई। निर्माण में घटिया किस्म की सीमेंट और सामग्री उपयोग किए जाने के भी गंभीर आरोप हैं। इतना ही नहीं, स्टॉप डैम के नाम पर केवल दो मीटर की छोटी-सी नाली बनाकर भारी भरकम भुगतान निकाल लिए जाने की चर्चा क्षेत्र में आम है।

**अधिकारियों की भूमिका पर सवाल**

इस कथित घोटाले में जनपद पंचायत और जिला पंचायत स्तर तक मिलीभगत होने की आशंका जताई जा रही है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या जिला पंचायत सीईओ प्रजापति भी इस पूरे खेल में शामिल हैं? वहीं चन्द्र पेंड्रा जनपद पंचायत के सीईओ और कार्यालय में बैठे बाबुओं की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि ठेकेदार शर्मा और कुछ अधिकारी नियमित रूप से साथ बैठकर पार्टी करते हैं और कामों में प्रतिशत के हिसाब से हिस्सेदारी तय होती है।



चर्चा है कि जिला पंचायत से लेकर जनपद स्तर तक करीब 20 प्रतिशत तक कमीशन का खेल चलता है, जिसके बदले नियमों को ताक पर रखकर भुगतान पास किए जाते हैं।

**विकास के नाम पर लूट का आरोप**

जहां एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री विकास की नई-नई योजनाएं लागू कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बुढ़ार जनपद में बैठे इंजीनियर, एसडीओ, सरपंच और सचिव मिलकर शासन के पैसों की खुलेआम होली खेलते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि बुढ़ार मुख्यालय क्षेत्र में विधायक और भाजपा के कई प्रमुख पदाधिकारी निवास करते हैं, इसके बावजूद इतने बड़े स्तर पर कथित घोटाला सामने आना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या यही है विकास का मॉडल, जहां जनता के टैक्स के पैसे को कुछ अधिकारी और ठेकेदार आपस में बांटकर डकार रहे हैं?

**शिकायत के बाद जांच की मांग**

मामले की जानकारी मिलने पर बुढ़ार भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि अर्जुन सोनी ने क्षेत्र प्रवास के दौरान स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को पत्र लिखकर पूरे मामले की शिकायत की और निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी आग्रह किया है कि जांच मीडिया की मौजूदगी में हो ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**जनता में आक्रोश**

ग्राम मुसरा सहित आसपास के गांवों में इस कथित भ्रष्टाचार को लेकर भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च दिखा दिए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बेहद खराब है। स्टॉप डैम जैसे महत्वपूर्ण जल संरक्षण कार्य में भी अगर इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार हुआ है, तो यह भविष्य में बड़े हादसों को भी न्योता दे सकता है। अब सबकी नजर प्रशासन की जांच पर टिकी है। देखना यह होगा कि शिकायत के बाद दोषियों पर कार्रवाई होती है या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाता है।

# एमपी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल , संजय कुमार भोपाल के नए पुलिस कमिश्नर, उमेश जोगा बने परिवहन आयुक्त

**समाज जागरण**

भोपाल। मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग ने गुरुवार को भारतीय पुलिस सेवा (MP IPS Transfer List) के अधिकारियों के तबादले की बड़ी सूची जारी की है। इस फेरबदल में प्रदेश के कई महत्वपूर्ण पदों और जोन्स के प्रभारियों को बदला गया है। सबसे प्रमुख बदलाव राजधानी भोपाल और परिवहन विभाग में देखने को मिला है।

**संजय कुमार होंगे भोपाल के नए पुलिस कमिश्नर-:**

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, बालाघाट जोन के पुलिस महानि रीक्षक (IG) श्री संजय कुमार (2004 बैच) को अब भोपाल का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे श्री हरिनारायण चारी मिश्र का स्थान लेंगे, जिन्हें अब पुलिस मुख्यालय भोपाल में पुलिस महानिरीक्षक (SCRB) की जिम्मे दारी सौंपी गई है।

**परिवहन विभाग और उज्जैन जोन में बदलाव-:**

परिवहन विभाग में भी बड़ा बदलाव हुआ है। श्री उमेश जोगा (1997 बैच) को उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ADG) पद से हटाकर अब नया परिवहन आयुक्त (ग्वालियर) बनाया गया है। वहीं, स्टडी लीव पर जा रहे श्री विवेक शर्मा को परिवहन आयुक्त के पद से मुक्त कर पुलिस मुख्यालय में ADG (PTRI) के पद पर पदस्थ किया गया है। उज्जैन जोन की कमान अब श्री एम.एस. गुप्ता को सौंपी गई है, जो खेल एवं युवा कल्याण विभाग से वापस लौटे हैं।

**महत्वपूर्ण पदस्थापनाएं और अतिरिक्त प्रभार-:**

अनंत कुमार सिंह (1994): केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापसी के बाद उन्हें म.प्र. पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन का प्रबंध संचालक (MD) बनाया गया है। के.पी. वेंकटेश्वर राव (1995): उन्हें ADG तकनीकी सेवाएं के साथ-साथ एंटी नक्सल ऑपरेशन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अंशुमन यादव (1998): उन्हें खेल एवं युवा कल्याण विभाग का नया संचालक नियुक्त किया गया है। चैत्रा एन. (2009): उन्हें पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है, जबकि श्री संजय तिवारी को बालाघाट जोन का नया आईजी नियुक्त किया गया है।

**इन अधिकारियों को मिला अतिरिक्त जिम्मा-:**

आदेश के अनुसार, श्री जी. श्रीनिवास राव को नारकोटिक्स के साथ एसटीएफ (STF) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह श्री अभय सिंह को पुलिस मुख्यालय में आईजी (योजना) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

# सोनभद्र में लघु सिंचाई विभाग का काला खेल

## निःशुल्क बोरिंग योजना को बनाया वसूली उद्योग,एक्सियन-जेई-दलाल की तिकड़ी बेनकाब

**अनिल कुमार अग्रहरी/**
**समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार की जनजातीय और गरीब किसानों के लिए चलाई जा रही निःशुल्क बोरिंग योजना सोनभद्र में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। लघु सिंचाई विभाग में एक्सियन, जेई और दलालों की संगठित तिकड़ी ने इस योजना को खुलेआम वसूली उद्योग में बदल दिया है। जिलाधिकारी सोनभद्र को सौंपे गए शिकायती पत्र में जगदीश प्रसाद (निवासी ग्राम रोरवा, ब्लाक कोन) ने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं कि ग्राम पंचायत पड़रछ (टोला मदरिया, पिपरहवा, सदुआरी) में गरीब और जनजातीय लाभार्थियों से जबरन हजारों रुपये वसूले जा रहे हैं, जबकि शासनादेश स्पष्ट है कि यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क है। 100 फीट का बोर, लेकिन वसूली हजारों में शिकायत के अनुसार ब्लाक चोपन क्षेत्र में मात्र 100 फीट गहराई का 5 इंच बोर कराया जा रहा है, लेकिन इसके बदले प्रति लाभार्थी से 7 हजार से 26 हजार रुपये तक की उगाही की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ विभागीय अधिकारियों की जानकारी और संरक्षण में हो रहा है। दलाल के जरिए चल रहा पूरा नेटवर्क इस पूरे खेल का संचालन कुरवा निवासी एक दलाल के माध्यम से किया जा रहा है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति



ग्रामीणों से पैसे वसूलता है और उसे संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाता है। अब तक करीब 50 बोरिंग कराई जा चुकी हैं, जिनसे लाखों रुपये की अवैध वसूली हो चुकी है। पीड़ित ग्रामीणों ने खुलकर आरोप लगाए हैं–जीतलाल पुत्र अयोध्या (पिपर हवा, पड़रछ) से 26,000 रुपये, सावित्री देवी से 10,000 रुपये, वेदप्रकाश से 15,000 रुपये जबरन वसूले गए। ग्रामीणों का कहना है कि पैसे न देने पर उन्हें बोरिंग न कराने, फाइल रोकने और योजना से बाहर करने की धमकी दी जाती है। सवाल यह है कि जब योजना निःशुल्क है, तो यह पैसा किसकी जेब में जा रहा है? शासनादेश की खुलेआम धज्जियां यह मामला केवल भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि शासन की मंशा, जनजातीय अधिकारों और गरीबों की आजीविका पर सीधा हमला है। लघु सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिक री न सिर्फ आंख मूंदे बैठे हैं, बल्कि आरोप है कि वे इस पूरे खेल के मुख्य हिस्सेदार हैं। प्रशासन के सामने बड़ा सवाल अब यह है कि– क्या जिलाधिकारी सोनभद्र इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराएंगे? क्या एक्सियन, जेई और दलाल पर एफआईआर दर्ज होगी? या फिर यह मामला भी अन्य भ्रष्टाचारों की तरह फाइलों में दबा दिया जाएगा?
पीड़ित ग्रामीणों को न्याय और शासन की साख बचाने के लिए तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

# बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का 30 व 31 जनवरी को ज़िला न्यायालय पर चुनाव -आबिद शमीम विशेष न्यायाधीश

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/**
**समाज जागरण**

सोनभद्र। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का चुनाव जनपद सोनभद्र के मुख्यालय पर स्थापित विडियो कान्फ्रेसिंग हाल में 30.01.2026 तथा 31.01.2026 को निर्धारित समयानुसार सम्पन्न होना है। यह जानकारी देते हुए विशेष न्यायाधीश/पीठासीन अधिकारी आबिद शमीम ने अधिवक्ताओं से अपील की है कि जनपद सोनभद्र के समस्त विद्वान अधिवक्ता उपरोक्त तिथि, समय व स्थान पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।
यह जानकारी आबिद शमीम विशेष न्यायाधीश (एस०सी०एस०टी०) एक्ट/पीठासीन अधिकारी, निर्वाचन बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सोनभद्र द्वारा दी गयी हैं।

# राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद ने भारत पर्व 2026 में संवादात्मक विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) की इकाई, दिल्ली स्थित राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, पर्यटन मंत्रालय द्वारा 26 से 31 जनवरी, 2026 तक आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में लाल किले के मैदान में आयोजित भारत पर्व 2026 में संवादात्मक विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। केंद्रीय मंत्रालयों के स्टॉल संख्या 9 पर आयोजित एनएससीएम प्रदर्शनी का उद्देश्य रोचक और व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से आम जनता के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाना और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। आगंतुक विभिन्न प्रकार के पोर्टेबल प्रदर्शनों का अवलोकन कर रहे हैं जो आकर्षक वैज्ञानिक सिद्धांतों जैसे द्रव गतिकी, भंवर निर्माण, गुरुत्वाकर्षण केंद्र की घटनाएँ और पाइथागोरस प्रमेय का दृश्य प्रमाण प्रदर्शित करते हैं, जिससे जटिल अवधारणाएं सुलभ और मनोरंजक बन जाती हैं। इस प्रदर्शनी में विज्ञान और आधुनिक तकनीक के मेल को दशार्ते हुए, वर्चुअल साइकिलिंग, जूम टेबल और एक डिजिटल ऑर्केस्ट्रा शामिल हैं, जहाँ मोशन सेंसर की मदद से प्रतिभागी बिना किसी वाद्य यंत्र के संगीत का संचालन कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण एआई-संचालित डिजिटल मॉर्फिंग बूथ है, जो दर्शकों को लोकप्रिय फिल्मी किरदारों या प्रतिष्ठित वेशभूषा में बदल देता है, जिससे रोमांच और यादगार तस्वीरें लेने के अवसर मिलते हैं। इसके अतिरिक्त, विशेषज्ञों द्वारा आयोजित लाइव विज्ञान प्रदर्शन व्याख्यान बर्नौली के सिद्धांत, जड़त्व आघूर्ण, कोणीय संवेग के संरक्षण और द्रव यांत्रिकी सहित मुख्य वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल बनाते हैं, जिससे आगंतुकों को अमूर्त सिद्धांतों को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के साथ जोड़ने में मदद मिलती है। संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्यरत, एनसीएसएम, देशभर में अपने 25 विज्ञान केंद्रों के नेटवर्क के साथ, इस तरह की पहुंच पहलों के माध्यम से दर्शकों के बीच जिज्ञासा, नवाचार और वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देने

# आर्थिक सर्वेक्षण देश के कृषि और ग्रामीण भारत की मजबूती का दस्तावेज: शिवराज सिंह चौहान

### 5 वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र की विकास दर अभूतपूर्व 4.4 फीसदी रही
### 2024-25 में बागवानी उत्पादन 367.72 मिलियन टन तक पहुँच गया
### ग्रामीण भारत में बुनियादी ढांचे का ऐतिहासिक विस्तार : श्री चौहान

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सर्वेक्षण के आंकड़े स्पष्ट रूप से दशार्ते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश कृषि और ग्रामीण विकास- दोनों मोर्चों पर अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है।

**कृषि क्षेत्र में निरंतर और स्थिर प्रगति**

श्री चौहान ने कहा कि पिछले पाँच वर्षों के दौरान कृषि एवं सहायक क्षेत्रों में औसत वार्षिक विकास दर स्थिर मूल्यों पर 4.4 प्रतिशत रही है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2016 से 2025 के दौरान कृषि क्षेत्र की दशकीय वृद्धि दर 4.45 प्रतिशत रही है, जो पिछले दशकों की तुलना में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भी कृषि क्षेत्र ने 3.5 प्रतिशत की विकास दर दर्ज की है, जो इस क्षेत्र की मजबूती और स्थिरता को दशार्ता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश का खाद्यान्न उत्पादन 357.73 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया है। यह वृद्धि मुख्य रूप से चावल, गेहूं, मक्का और मोटे अनाज (श्री अन्न) की बेहतर पैदावार के कारण संभव हुई है। आज भारत न केवल खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है, बल्कि कई फसलों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

**बागवानी क्षेत्र बना कृषि विकास का उज्ज्वल पक्ष**

श्री चौहान ने कहा कि कृषि सकल मूल्य वर्धन (GVA) में लगभग 33 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बागवानी क्षेत्र सबसे उज्ज्वल पक्ष के रूप में उभरा है।

# सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर आज परिवहन विभाग एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों की दृष्टि क्षमता की जांच कर सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन को बढ़ावा देना रहा।



इस अवसर पर विशेष रूप से वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई। नेत्र जांच का कार्य एमजीएम के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी आंखों की जांच कराई। जांचोपरांत दृष्टिदोष से ग्रसित चिन्हित मरीजों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की गई है। शिविर में एडीटीओ श्री सलिल कुमार, मोटरयान निरीक्षक श्री रविंद्र तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव श्री मिक्की साहा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपस्थित अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि स्पष्ट दृष्टि सुरक्षित ड्राइविंग के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा इस प्रकार के शिविर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में परिवहन विभाग, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी एवं चिकित्सकों की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# यूजीसी के नए नियम पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, फिलहाल 2012 वाला नियम ही लागू रहेगा

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) यूजीसी बिल पर केंद्र सरकार को लगा सुप्रीम झटका।सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर रोक लगा दी है, जो उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए थे। अब 19 मार्च को इस मामले की अगली सुनवाई होगी, तब तक 2012 के नियम ही लागू रहेंगे।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नए नियमों में कुछ अस्पष्टताएं हैं, जिससे दुरुपयोग की संभावना बढ़ जाती है। याचिकाकताओं ने तर्क दिया था कि नए नियम भेदभाव को बढ़ावा देते हैं और सामान्य वर्ग के छात्रों के अधिकारों का हनन करते हैं ।यूजीसी ने 13 जनवरी 2026 को नए नियम अधिसूचित किए थे, जिनमें उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए समता समिति गठित करने का प्रावधान था। बिल पारित होने के बाद सवर्णों द्वारा बिल का विरोध करते हुए आंदोलन चलाया जा रहा था। याचिकाकताओं ने इन नियमों को चुनौती देते हुए कहा कि ये नियम सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव करते हैं।




# मंगल सांगीतिक संध्या बैठकी कार्यक्रम में भाव विभोर हुए श्रोता

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 29 जनवरी 2026:संकट-मोचन संगीत समिति द्वारा जमशेदपुर;बिष्टूपुर के श्री आर डी द्विवेदी अखाड़ा में 1989 से प्रारंभ मंगलवार की सांगीतिक बैठकी कार्यक्रम की श्रृंखला में 27 जनवरी मंगलवार की संध्या कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध वरिष्ठ तबला वादक तापस कुमार गांगुली, गायक पारसनाथ पान्डेय एवं मशहूर सारंगी वादक रामलाल मिश्रा नें अपनी प्रस्तुति से श्रोताओ को आनंदित किया।सर्वप्रथम मंदिर की परंपरा के अनुसार सभी गुणी कलाकारों को संकट मोचन संगीत समिति के अभिभावक एवं तबला गुरु दयनाथ उपाध्याय, एवं मिहिर बेनर्जी,विदुषी नुपुर गोस्वामी एवं सत्य प्रकाश तिवारी द्वारा अंगवस्त्र,उपहार एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।



पहली प्रस्तुति में प्रसिद्ध संगीतकार हिरेन्द्र गांगुली के पुत्र एवं संगीताचार्य स्वर्गीय संतोष कृष्ण विश्वास के शिष्य तापस कुमार गांगुली ने झप ताल में विभिन्न प्राचीन कायदा बजाया फिर बहुत से टुकड़े बजाकर सभी का मन मोह लिया।76 वर्ष की आयु में भी एकदम युवा उत्साह के साथ उन्होने तबला वादन किया । इनके साथ नगमे पर सारंगी वादक रामलाल मिश्रा ने सुंदर साथ दिया। दूसरी प्रस्तुति में कोलकाता से ही पधारे पारसनाथ पान्डेय ने राग मारुविहाग में बड़ा ख्याल फिर तीन ताल की एक सुंदर रचना सुनाने के बाद राग बसंत द्रुत एकताल में एक सुंदर रचना गाकर सभी श्रोतागणों को आनंदित किया।फिर राग जौनपुरी पर आधारित एक भजन सुनाकर अपनी प्रस्तुति को विराम दिया। इनके साथ तबले पर गुरु दयनाथ उपाध्याय, सारंगी पर राम रामलाल मिश्रा, हारमोनियम पर वीरेंद्र उपाध्याय एवं तानपूरे पर प्रतीक कुमार ने सुंदर संगत किया। कार्यक्रम में जमशेदपुर शहर के कई वरिष्ठ कलाकार एवं संगीत प्रेमी श्रोता जिनमें सत्यदेव , मृत्युंजय उपाध्याय,जितेश सहाय, राजेश ठाकुर,रामकिंकर उपाध्याय, उदय सतपती आदि उपस्थित थे।।कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा से किया गया। मंच संचालन संगीत गुरु बीरेन्द्र उपाध्याय ने किया। उन्होंने सभी संगीत प्रेमियों को संगीत के प्रचार प्रसार में अपना योगदान देने का निवेदन किया।

# वार्षिक समारोह व विदाई कार्यक्रम संपन्न, छात्रों में दिखा गजब का उत्साह - प्रभु दयाल कुशवाहा

**मिंटू कुमार दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग जिले के मेरु, अमनारी रोड स्थित केजीटी सैनिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक समारोह एवं कक्षा दशम के विद्यार्थियों का विदाई समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और भावनात्मक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। पूरे दिन विद्यालय परिसर उत्सव के रंग में डूबा रहा, जहाँ विद्यार्थियों की उमंग और शिक्षकों की भावनाएं कार्यक्रम को यादगार बनाती रहीं।





कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, संगीत, गीत, नाटक एवं प्रेरणादायक भाषणों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

विद्यालय के निदेशक कमलकांत पांडे, प्राचार्य राहुल कुमार एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मधुसूदन मेहता, प्रभु दयाल कुशवाहा, वरुण तथा अमनारी पंचायत की मुखिया कृष्णा मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

अतिथियों ने कक्षा दशम के विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के कोर कमेटी सदस्य प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा कि विद्यार्थियों में गजब का उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है, जो उनके उज्वल भविष्य का संकेत है।

पंचायत मुखिया कृष्णा मेहता ने विद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

विदाई संबोधन के दौरान प्राचार्य राहुल कुमार भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि विद्यालय से प्राप्त शिक्षा और संस्कार विद्यार्थियों के जीवन की मजबूत नींव बनेंगे और उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाएंगे। वहीं विद्यालय के निदेशक कमलकांत पांडे ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के अध्यक्ष मधुसूदन मेहता ने कहा कि जिले के निजी विद्यालयों की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कुल मिलाकर यह वार्षिक एवं विदाई समारोह अनुशासन, संस्कृति, संस्कार और भावनात्मक जुड़ाव का एक अविस्मरणीय संगम बनकर सभी के दिलों में अपनी छाप छोड़ गया।

# 8.640 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले में मद्यनिषेध कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग द्वारा लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को उत्पाद विभाग के सहायक अवर निरीक्षक श्री अभिमन्यु कुमार सिंह ने अपने दलबल के साथ ब्लॉक चौक क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर एक टेंपो को रोककर उसकी विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में टेंपो में रखे एक बैग से कुल 8.640 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। मौके से शराब के साथ तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर उन्हें हिरासत में ले लिया गया।



उत्पाद विभाग द्वारा तीनों गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके उपरांत सभी आरोपियों को सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराई गई, जहां चिकित्सकों द्वारा जांच उपरांत उन्हें स्वस्थ घोषित किया गया। बाद में विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी करते हुए सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में शराब की तस्करी एवं अवैध सेवन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि मद्यनिषेध कानून का पालन करें तथा अवैध शराब के कारोबार से जुड़ी किसी भी सूचना की जानकारी विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# महगामा प्रखंड अंतर्गत ग्रामश्रीमतपुर में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हुआ कवियत्री सम्मेलन

## "एक शाम- शहीदों के नाम में बांधा देश प्रेम का समां

**समाज जागरण मनोज कुमार साह**

गोड्डा महागामा गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ग्राम श्रीमतपुर के मेला मैदान में गणतंत्र दिवस मेला समिति के तत्वावधान में एक शाम शहीदों के नाम शीर्षक से भव्य मुशायरा एवं कवित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन कांग्रेस के महागाव प्रखंड अध्यक्ष मो मिनहाज आलम मुखिया,कांग्रेस नेता शोएब आलम एवं मो मिनहाज अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया ।मुशायरा सह कवित्री सम्मेलन की अध्यक्षता उस्ताद शायर एवं अंजुमन तरक्की उर्दू गोड्डा के संरक्षक मो कलीमुल्लाह परवाना के द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण अंजुमन तरक्की उर्दू झारखंड के प्रदेश सहायक सचिव मो सुलेमान जहांगीर आजाद ने प्रस्तुत किया ।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज हिंदू मुस्लिम ,अमीर गरीब, छोटे-बड़े सभी वर्ग एक साथ इस साहित्यिक उत्सव का आनंद ले रहे हैं ।महागामा की धरती से प्रेम भाईचारे और मोहब्बत का यह संदेश पूरे देश में जाएगा ।यही हमारी कामना है ।कार्यक्रम की शुरूआत संयोजक एवं उस्ताद शायर कलीमुल्लाह परवाना की सांप्रदायिक सौहार्द और देश प्रेम पर आधारित रचना से हुई। मेला मैदान में खचाखच भरी स्त्रोताओं की भीड़ में तालिया की गूंज के साथ कलाकारों का उत्साह वर्धन किया ।इस अवसर पर झारखंड के मशहूर शायर रौशन हबीबा रौशनी, रीना यादव, हिमशिखा पांडे ने झारखंड की नुमाइंदगी करते हुए श्रोताओं को झूमने के लिए विवश कर दिया। मुंबई से चलकर आई हुई शायरा चांदनी मुस्कान ने अपने अनोखे अंदाज में महफिल में एक अलग जान ला दिया। इलाहाबाद से चलकर आई हुई शायरा नाजों नाज ने नौजवानों के दिलों का केंद्र बिंदु रही। वहीं नौजवान शायर शम्स परवाना, अब्दुल रहीम ,अतुल कुमार अम्बष्ट ने अनोखे अंदाज में प्रस्तुति दिया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में गणतंत्र मेला समिति के कलीमुल्लाह परवाना मो शमीम अहमद, मो मो नईम एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों की माहिती भूमिका रही। धन्यवाद ज्ञापन शायर डॉक्टर राधेश्याम चौधरी के द्वारा किया गया



# यू जी सी के नए दिशा-निदेर्शों पर श्री परशुराम शक्ति सेना ने जताई आपत्ति, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 29 जनवरी 2026: श्री परशुराम शक्ति सेना ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी) द्वारा जारी किए गए नए समानता और समावेशिता से जुड़े दिशा-निर्देशों पर गंभीर आपत्ति जताई है।श्री परशुराम शक्ति सेना के अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व में इस संबंध में भारत के महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि,प्रस्तावित शिकायत निवारण समितियों के प्रावधान सामान्य वर्ग के छात्रों और शिक्षकों में असुरक्षा और भय का माहौल पैदा कर सकते हैं।

सेना का आरोप है कि त्वरित कार्रवाई (फास्ट ट्रैक प्रोसेस) के तहत शिकायतों के निपटारे में प्रारंभिक जांच के लिए कोई स्पष्ट और पारदर्शी मानक तय नहीं किए गए हैं। इससे नियमों के दुरुपयोग की संभावना बढ़ जाती है और निर्दोष छात्रों व शिक्षकों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई का खतरा बना रहता है।





अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था से प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन हो सकता है। साथ ही इससे अकादमिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी और मेधा आधारित शिक्षा प्रणाली पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है।

सेना ने मांग की है कि यू जी सी के तहत गठित की जाने वाली शिकायत निवारण समितियां पूरी तरह संतुलित और निष्पक्ष हों। इसके अलावा झूठी और दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर दंडात्मक कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान किया जाए। द्वि-स्तरीय जांच प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने और सामान्य वर्ग के छात्रों व शिक्षकों को भी समान कानूनी संरक्षण देने की मांग की है। इस अवसर पर श्री परशुराम शक्ति सेना के अभिषेक पांडे,ब्रजेश मिश्रा, सौरभ पाठक राजा ओझा, डी के मिश्रा,रितेश मिश्रा,गोलू आजाद, दीपक झा, आनंदी ओझा, राजेश पाण्डेय,विनय मिश्रा,कुंदन तिवारी,डी डी शुक्ला, सुधीर मिश्रा, कार्तिक झा,हर्ष सिंह करण सिंह पवन उपाध्याय, अरविंद पाण्डेथे चितरंजन ओझा, और काफी संख्या में सवर्ण समाज के सदस्य उपस्थित थे

# मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन का विश्वासः हर दिन असंभव को संभव कर दिखाएंगे भारतीय

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने भरोसा जताया है कि घरेलू सुधारों के दम पर हमारी अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2027 में 6.8 से 7.2 फीसदी दर के साथ आगे बढ़ेगी मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने भरोसा जताया है कि घरेलू सुधारों के दम पर हमारी अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2027 में 6.8 से 7.2 फीसदी दर के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने आ र्थिक समीक्षा पेश किए जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत की। रुचिका चित्रवंशी और उदिशा श्रीवास्तव द्वारा संपादित अंशः

**भारत की संभावित वृद्धि दर को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 7 फीसदी करने पर:**

अनिश्चित भू-राजनीतिक माहौल के बावजूद यह समीक्षा पूरे आत्मविश्वास के साथ भारत की संभावित वृद्धि दर को 7 फीसदी तक बढ़ाती है। विशेष रूप से कोविड के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था और नीति निमार्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए ऐसा संभव लगता है। हालांकि भू-राजनीतिक जोखिम, जिंस कीमतें आदि कारक कुछ समय के लिए गणना को पटरी से उतार सकते हैं, लेकिन मध्यावधि रुझान को देखते हुए हमें लगता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अब 7 फीसदी है। अगर हम विनिर्माण एवं निर्यात में प्रतिस्पर्धा हासिल करते हैं और भूमि एवं लागत सब्सिडी में सुधार के साथ-साथ विनिर्माण की लागत को कम करने में सक्षम होते हैं, तो अगले कुछ वर्षों में वृद्धि दर 7.5 से 8 फीसदी तक बढ़ सकती है। हमें लगता है कि भारतीय लोग विकसित भारत की राह पर अगले 25 वर्षों में हर दिन असंभव को संभव कर दिखाएंगे।

समय बीतने के साथ-साथ विकसित भारत महज प्रति व्यक्ति आय या जीडीपी का आंकड़ा ही नहीं रह जाएगा। विकसित भारत को इस संदर्भ में देखा जाएगा कि क्या वर्तमान पीढ़ी को लगता है कि वह पिछली पीढ़ी से बेहतर कर रही है और क्या उन्हें विश्वास है कि उनकी भावी पीढ़ी बेहतर करेगी।

**रुपया और विदेशी निवेश प्रवाह में नरमी पर:**

बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता का देश के लिए नतीजा पूंजी खाते पर प्रभाव है। इसलिए उभरते बाजार और पूंजी आयातक देश के रूप में मुद्रा पर भी उसका असर दिखता है। भारत का सकल एफडीआई बहुत अच्छी तरह से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2026 में सकल एफडीआई इससे पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 10 फीसदी अधिक है। मगर शुद्ध एफडीआई एक कमजोर पक्ष पर रहा है। ऐसा मुख्य तौर पर उन निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के कारण दिखता है जिन्होंने पिछले दशकों में निवेश किया है।

एक कारण यह भी है कि भारतीय कारोबारियों को विदेश में निवेश करने की बाध्यता जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। इसलिए भारतीय कारोबारियों द्वारा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश भी बढ़ा है। परिणामस्वरूप शुद्ध एफडीआई का आंकड़ा उतना नहीं है जितना हम चाहते हैं, मगर वह चिंताजनक भी नहीं है।

पोर्टफोलियो निवेशकों की निकासी के भी कई कारण हैं। टैरिफ स्थिति के कारण पैदा हुई अनिश्चितता भी उन्हें भारतीय बाजार में अधिक निवेश करने से रोक रही है। मगर जब धारणा कमजोर होती है तो भविष्य में संभावित रिटर्न की गुंजाइश सबसे बेहतर होती है। जहां तक रुपये का सवाल है तो वह चालू खाते के घाटे को पूरा करने के लिए आयातित पूंजी पर निर्भर करता है।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान युवती घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें सड़क पार कर रही एक युवती को तेज रफ्तार तेल टैंकर ने कुचल दिया। यह घटना बिहटा चौक के पास उस समय हुई, जब युवती सड़क पार करने की कोशिश कर रही थी। अचानक पटना की ओर से आ रहे एक तेल टैंकर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवती को तुरंत बिहटा स्थित ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां



उसका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार हादसा इतना अचानक हुआ कि युवती को संभलने का मौका तक नहीं मिला। टैंकर की चपेट में आते ही वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी, जिसके बाद आसपास में मौजूद लोगों ने शोर मचाया और काफी मशक्कत के बाद टैंकर को रुकवाया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि युवती की हालत नाजुक बनी हुई है और डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। खुद थानाध्यक्ष अमित कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तेल टैंकर को जब्त कर लिया है और चालक को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस घायल युवती की पहचान करने में जुटी हुई है, क्योंकि उसके पास से कोई पहचान पत्र बरामद नहीं हो सका है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि बिहटा चौक पर सड़क पार कर रही एक लड़की को तेल टैंकर ने कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अजीत कुमार सिंह ने नगर निकाय चुनाव 2026 के पार्षद पद के लिए खरीदा नामांकन पत्र

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां ( झारखंड) 29 जनवरी 2026: आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 19 निवासी अजीत कुमार सिंह ने नगर निकाय चुनाव 2026 के पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र खरीदा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही करना मेरे जिंदगी का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि जनता जनार्दन के समर्थन और क्षेत्रवासियों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।




अजीत कुमार सिंह ने कहा कि यदि उन्हें जनता का समर्थन मिलता है तो वे वार्ड 19 के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं और उनका समाधान करने के लिए वे पूरी तरह से सक्षम हैं। नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और संभावित उम्मीदवारों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अजीत कुमार सिंह ने कहा कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वे एक जनसेवक के रूप में काम करना चाहते हैं और क्षेत्र के विकास में योगदान देना चाहते हैं।

# शिक्षा और सामाजिक न्याय की दिशा में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय - हरि सिंह राजपूत

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 29 जनवरी 2026: माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा यू जी सी के नए नियमों पर गुरुवार को रोक लगाए जाने के निर्णय का क्षत्रिय करणी सेना ने स्वागत करते हुए इसे जनभावनाओं की जीत बताया है। करणी सेना के संस्थापक सदस्य हरि सिंह राजपूत ने इस महत्वपूर्ण फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया । हरि सिंह राजपूत ने कहा कि यू जी सी के नए नियम शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ समाज के एक बड़े वर्ग के अधिकारों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालने वाले थे और इससे देश भर के लोगों में असंतोष था । देशभर में इसका विरोध हो रहा था और लोग न्याय की उम्मीद कर रहे थे। ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियमों पर रोक लगाना यह दशार्ता है कि न्यायपालिका संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। करणी सेना सदैव शिक्षा,सामाजिक समानता और जनहित के मुद्दों पर मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाती रहेगी। अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि सुप्रीम कोर्ट भविष्य में भी जनहित में ऐसे ही न्यायोचित निर्णय देता रहेगा और अंत में कहा की आगे कोई भी कानून ऐसी ना बने जिससे जाती,धर्म में आपसी भेदभाव की भावना को बढ़ावा मिले।



# डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर, वैश्विक अस्थिरता ने बढ़ाया मुद्रा पर दबाव

भारतीय रिजर्व बैंक ने शायद डॉलर बेचकर दखल दिया, जिससे रुपये को 92 प्रति डॉलर के पार जाने से रोकने में मदद मिली

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया आज 92 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर तक लुढ़क गया। डीलरों ने बताया कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता, विदेशी पूंजी की निकासी और आयातकों की ओर से मांग बढ़ने के कारण रुपये पर दबाव बढ़ गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शायद डॉलर बेचकर दखल दिया, जिससे रुपये को 92 प्रति डॉलर के पार जाने से रोकने में मदद मिली। रुपया पिछले बंद भाव 91.79 प्रति डॉलर के मुकाबले आज 91.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। चालू वित्त वर्ष के दौरान रुपये में अब तक 7.05 फीसदी की गिरावट आई है और इस प्रकार एशियाई मुद्राओं के बीच इसका प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। जनवरी में अब तक रुपया 2.26 फीसदी लुढ़क चुका है।

डॉलर सूचकांक में तेजी के कारण अन्य एशियाई मुद्राएं भी कमजोर हुई हैं। डॉलर सूचकांक 96.16 के पिछले स्तर से बढ़कर 96.34 हो गया। रुपया आज 91.95 पर खुला और शुरूआती कारोबार में 91.82 के उच्चस्तर पर पहुंच गया। मगर बाद में इसमें गिरावट आई और यह डॉलर के मुकाबले 92 के दिन के निचले स्तर तक लुढ़क गया। कारोबार के आखिर में रुपया 91.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 3 पैसे की मामूली बढ़त को दशार्ता है। बुधवार को रुपया 91.99 प्रति डॉलर पर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ था।